राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-220
लखनऊ, शनिवार 30 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



डिप्टी सीएम की मौजूदगी में सपा-बसपा व कांग्रेस के नेताओं ने ज्वाइन की बीजेपी 03

भ्रष्टाचार की जननी है कांग्रेस पार्टी : अनुराग ठाकुर 12

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमरोहा में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को किया संबोधित

# आतंकवाद व नक्सलवाद का हुआ खात्मा

▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा देश का विकास

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। 2014 के पहले और बाद का भारत देखा है। 2014 से पहले जहां देश में परस्पर अविश्वास का वातावरण था। देश में चारों ओर अराजकता के साथ भ्रष्टाचार फैला था। देश की सीमाएं असुरक्षित थी। उस दौरान नक्सलवाद, उग्रवाद और अलगावाद चरम पर था। इससे दुनिया में भारत का सम्मान भी कम हुआ था। 2014 के बाद दुनिया में भारत का सम्मान तो बढ़ा ही साथ में देश की सीमाएं सुरक्षित हुई। देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का खात्मा हुआ। आज देश में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर है। 2014 के पहले अमरोहा से दिल्ली की दूरी तय करने में 5 से 6 घंटे लगते थे, वहीं आज दो घंटे में यह दूरी तय की जाती है। ये सब पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो पाया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अमरोहा में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में कही। इस दौरान उन्होंने प्रबुद्धजनों से पूर्व सांसद और बीजेपी के प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के पक्ष में वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने 2014 में बीजेपी प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर को वोट दिया तो अमरोहा से दिल्ली की दूरी कम हुई। वहीं 2019 में आप चूके थे तो यहां का सांसद भारत माता की जय-जय करने में संकोच करता था। यह आपके एक वोट की कीमत को दर्शाता है। एक वोट कर्फ्यू भी लगा देता है और एक वोट कावड़ यात्रा भी निकाल देता है। आपका वोट सही दिशा में जाता है तो कावड़ यात्रा निकलती है और गलत हाथों में जाता है तो कर्फ्यू लगा देता है। इतना ही नहीं वही वोट सही दिशा और सही पार्टी के पास जाता है तो आस्था का सम्मान कर देता है।

यही वजह है कि 500 वर्षों का इंतजार अयोध्या धाम में समाप्त हुआ है और रामलला अपने नव्य, दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। उन्होंने कहा कि क्या सपा, बसपा और कांग्रेस के लोग यह कर पाते। भारत सरकार ने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर स्पष्ट किया है कि वह किसान हितैषी है। यह सम्मान केवल उनका नहीं है बल्कि हर प्रदेश वासियों और अन्नादाताओं का है। आजादी के बाद सबसे पहले चौधरी चरण सिंह ने ही किसान भाइयों के हितों की आवाज उठायी थी।

#### बिजनौर से चंदन व नगीना से ओम के लिए किया प्रचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शहर के प्रबुद्धजनों की भूमिका प्राचीन ऋषि-मुनियों जैसी है, जो अलग-अलग क्षेत्र में समाज का नेतृत्व करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को यहां जेवीएस रिजॉर्ट में प्रबुद्धजनों के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बिजनौर सीट से भाजपा-रालोद के संयुक्त प्रत्याशी चंदन चौहान और नगीना सीट से भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार के लिए मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि ये महात्मा विदुर की भूमि है, तो यही चाहता हूं कि आप प्रबुद्धजनों का आशीर्वाद हमारे दोनों प्रत्याशियों को मिले। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद लोगों ने मुझसे कहा था कि जो मुख्यमंत्री बिजनौर जाता है उसकी छुट्टी तय है, इसलिए मैं हर जनपद की तरह यहां भी आया। लोग कहते थे कि यहां रात्रि को नहीं रुकना चाहिए, मगर मैं यहां रुका और तब यहां के प्रबुद्धजनों के साथ संवाद भी स्थापित किया। मुझे पता लगा कि बिजनौर में बहुत पोटेंशियल है। बिजनौर केवल बिजनौर नहीं है, बल्कि भारत की पहचान इस जनपद से है। यह महात्मा विदुर की भूमि है जो उन ऋषि मुनियों की परंपरा से आते हैं, जिन्होंने महाभारत के काल खंड में भी सच बोलने का साहस दिखाया। ये वही बिजनौर है जहां से मां गंगा का यूपी में आगमन होता है, जो बलिया तक जाती हैं। यहां के हमारे जनप्रतिनिधियों ने यहां के लिए मेडिकल कॉलेज की मांग की, जिसे तुरंत स्वीकार करते हुए यहां महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज का मार्ग प्रशस्त किया गया। हमें इस बार सबसे पहले स्वयं मतदान करना है और फिर अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है। हमें अपने एक-एक वोट की कीमत को पहचानना होगा।

## जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर खाई में गिरा वाहन, 10 की मौत

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी चश्मा के पास पहाड़ी रामबन जिले में गुरुवार देर रात एक वाहन के गहरी खाई में गिरने के कारण 10 लोगों की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना गुरुवार देर रात 1.30-2.00 बजे के बीच हुई जब जम्मू की ओर से श्रीनगर की ओर जा रही टवेरा (यात्री कैब) गहरी खाई में जा गिरी। बचावकर्मियों ने अब तक दुर्घटनाग्रस्त वाहन से 10 शव बरामद कर लिए हैं। मृतकों में वाहन चालक जम्मू के अंब घ्रोथा के बलवान सिंह (47) और बिहार के पश्चिमी चंपारण के विपिन मुखिया भैरगंग शामिल हैं। मृतक मजदूर प्रतीत होते हैं जो काम के लिए श्रीनगर जा रहे थे। फिलहाल अभी तक यात्रियों की सटीक संख्या का पता नहीं चला है। अभी तक गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर भी नहीं मिल पाया है। बरामद शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत पाए गए। एएसपी रामबन गौरव महाजन ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रामबन और थाना प्रभारी रामबन की देखरेख में पुलिस दल बचाव कार्य कर रहे हैं। अब तक 10 क्षत-विक्षत शव बरामद किए गए हैं।

#### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया दुःख

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में एक कार के खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों के लिए दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। मैं शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने संदेश में कहा कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत के बारे में सुनकर दुख हुआ।

### संक्षिप्त समाचार

#### रामेश्वरम कैफे में आईईडी रखने वाले दो आरोपियों पर ईनाम

नई दिल्ली। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में शामिल दो वांछित आरोपितों की राष्ट्रीय जांच एजेंसी को तलाश है। एनआईए इन दोनों आरोपितों अब्दुल मथीन अहमद ताहा और मुसाविर हुसैन शाजिब के बारे में सूचना देने वालों को 10-10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। एनआईए ने आरोपितों के नाम और फोटो जारी करने के साथ लोगों से सहयोग करने की अपील भी की है। एनआईए ने अब्दुल मथीन अहमद ताहा और मुसाविर हुसैन शाजिब के खिलाफ 10-10 लाख रुपये का इनाम घोषित करते हुए कहा है कि दोनों आरोपित 1 मार्च को बेंगलुरु स्थित रामेश्वर विस्फोट मामले में शामिल थे। एनआईए को इनकी तलाश है। एक दिन पहले एनआईए ने रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में बड़ी कार्रवाई की। इस मामले में एक अन्य आरोपित मुजम्मिल शरीफ को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए ने आरोपितों की तलाश में कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के 18 ठिकानों पर छापेमारी के बाद यह कार्रवाई की है।

#### असम के 4 जिलों में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ाया

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने असम के चार जिलों तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, चराईदेव और शिवसागर में (सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम) को 6 महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2024 तक लागू रहेगा। दो दिन के अंदर अफस्पा की समय सीमा बढ़ाने वाला असम तीसरा राज्य है। इससे पहले अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों और नगालैंड के 8 जिलों में अफस्पा की अवधि 6 महीने के लिए बढ़ाई गई है। असम पुलिस की और से जारी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन चार जिलों में उग्रवादी संगठन के सक्रिय होने को छोड़कर, राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है। इस पर विचार करने के बाद 6 महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए अशांत क्षेत्र के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया गया।

#### भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर को मिली वाई प्लस सुरक्षा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेकर आाद को वाई प्लस कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक रिपोर्ट के आधार पर भीम आर्मी प्रमुख को यह सुरक्षा दी गई है। अब उनकी सुरक्षा में हमेशा कमांडो तैनात रहेंगे। वाई प्लस कैटेगिरी की सुरक्षा में 11 कमांडो तैनात किए जाते हैं, जिसमें 5 पुलिस के स्टैटिक जवान वीआईपी की सुरक्षा के लिए उनके घर और आसपास रहते हैं। साथ ही 6 पीएसओ तीन शिफ्ट में सुरक्षा करते हैं। दरअसल, चंद्रशेखर आजाद नगीना लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने पिछले दिनों यहां से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

## केंद्र सरकार ने आप नेता सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच को दी मंजूरी

▸ जैन पर तिहाड़ में रहते हुए ठग सुकाश से 10 करोड़ उगाही का आरोप

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने जेल में बंद क्नेता सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच की मंजूरी दे दी है। सत्येन्द्र जैन पर तिहाड़ जेल में रहते हुए ठग सुकाश चन्द्रशेखर से 10 करोड़ रुपए उगाही का आरोप है। इस मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने फरवरी में गृह मंत्रालय से सीबीआई जांच की सिफारिश की थी।

सुकेश ने 7 अक्टूबर 2022 को दिल्ली के उपराज्यपाल को लेटर लिखा था। इसमें उसने कहा था कि जेल में सुरक्षा और सहूलियत के नाम पर जैन ने उससे 10 करोड़ रुपए वसूले थे। ये रकम उनके एक करीबी के जरिए ली गई थी। सुकेश 200 करोड़ की ठगी के आरोप में मंडोली जेल में बंद है। उसे बीच में तिहाड़ जेल में शिफ्ट किया गया था। वहीं, श्रष्ठ ने सत्येंद्र जैन को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले को लेकर 30 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। वे इस मामले में तिहाड़ जेल में बंद है।

#### शाहजहां को हिरासत में लेने की तैयारी में ईडी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के मास्टरमाइंड तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां से पूछताछ करने की तैयारी में जुट गया है। शेख शाहजहां गत छह मार्च से ही केंद्रीय जांच ब्यूरो की हिरासत में है और उसको बशीरहाट की निचली अदालत ने नौ अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ईडी पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण मामले में शेख शाहजहां से पूछताछ की अनुमति के लिए शनिवार को जिला अदालत का रुख करेगी। ईडी अधिकारी शेख से अधिक विस्तृत और गहन पूछताछ के लिए अगले सप्ताह कोलकाता में पीएमएलए की एक विशेष अदालत का भी दरवाजा खटखटाएंगे।

#### कांग्रेस को 1823 करोड़ का आयकर का नोटिस केंद्र की तानाशाही : बैज

रायपुर। कांग्रेस पार्टी के ऊपर इनकम टैक्स विभाग द्वारा 1823.08 करोड़ रुपये जमा करने की नोटिस को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा की केंद्र सरकार की तानाशाही बताया है। देश में लोकसभा चुनाव के समय प्रमुख विपक्षी दल को संसाधन विहीन करने की भाजपा की केंद्र सरकार की साजिश है। विपक्ष को चुनाव लड़ने से रोकने के लिये इनकम टैक्स विभाग को आगे कर दिया गया है। भाजपा की केंद्र सरकार लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र करके विपक्षी दलों के सीमित संसाधनों को भी छीनने का काम कर रही है। कांग्रेस की पिछली सरकारों ने 70 सालों से निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ लोकतंत्र की जो छवि बनाई थी।

## अंधेरगर्दी : सात दिन में गोशाला से गायब हो गए 400 गौवंश

समृद्धि न्यूज

▸ पोल खुलने पर चेयरमैन व पशुपालन विभाग आए आमने-सामने

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे में संचालित कान्हा गौशाला में एक सप्ताह में 400 गोवंश के अचानक लापता होने सहित अन्य आरोपों को लगाकर पशुपालन विभाग व नगर पंचायत अध्यक्ष शुक्रवार को आमने सामने आ गये हैं। पशुपालन विभाग ने एक सप्ताह से भूसा न होने के कारण गोवंशों के भूखे मरने के आरोप लगाये तो नगर पंचायत अध्यक्ष बचाव में उतरकर गोवंश के मरने का सारा ठीकरा पशुपालन विभाग पर लगा रहे हैं।

पशुपालन विभाग के मुताबिक कस्बे के कान्हा गौशाला के अभिलेखों में 670 गोवंश संरक्षित है। लेकिन एक सप्ताह में यह 400 से अधिक लापता हो गया है। पशुपालन विभाग का आरोप है कि गौशाला में संरक्षित गोवंश को नियम विरुद्ध प्रतिदिन बाहर निकाला जाता है। जबकि चौकीदार का कहना है कि चेयरमैन के पिता दूध अपने घर ले जाते हैं। जिससे इनके बच्चे दूध न मिलने से भूख से तड़प रहे हैं। पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अंकुर सचान का कहना है कि कान्हा गौशाला में इस समय महज 250 गोवंश बचे हैं। भूसा एक सप्ताह से गायब है। गोवंश भूख से मर रहे हैं।

## कड़ी सुरक्षा के बीच आज सुपुर्दे खाक होंगे मुख्तार अंसारी

▸ जनाजे के बीच फरार शूटरों पर रहेगी खुफिया तंत्र की निगाहें

समृद्धि न्यूज



मऊ। माफिया मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत के बाद पूरे यूपी में हाई अलर्ट है। खासकर मऊ और गाजीपुर में पुलिस और खुफिया तंत्र पूरी तरीके से मुस्तैद है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद माफिया मुख्तार अंसारी का शव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ गाजीपुर के यूसुफपुर मोहम्मदाबाद के लिए रवाना हो गया। शनिवार की सुबह मुख्तार अंसारी को सुपुर्दे खाक किया जाएगा।

मुख्तार के जनाजे में भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहने की संभावना है। प्रशासन इसके लिए कड़ा इंतजाम कर रखे हैं। बांदा से पोस्टमार्टम के बाद मुख्तार कैसा हो गाजीपुर के लिए रवाना हो गया है ऐसे में मुख्तार के जनाजे में जुटने वाली भीड़ और लोगों पर प्रशासन नजर बनाए हुए हैं।

जनाजे में खुफिया तंत्र की निगाहें मुख्तार के फरार शूटरों और सहयोगियों पर बनी रहेगी। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद है। खुफिया तंत्र की निगाहें माफिया मुख्तार की फरार बीवी अफसा अंसारी पर भी रहेगी महिलाओं के भीड़ में अफसा अंसारी के होने पर भी संदेह जताया जा रहा है। ऐसे में माफिया मुख्तार अंसारी के जनाजे को लेकर प्रशासन काफी सतर्क है। मुख्तार अंसारी को धार्मिक रीति रिवाज के तहत शनिवार को गाजीपुर के काली बाग कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा।

#### मुख्तार की मौत के मामले की होगी न्यायिक जांच

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शुक्रवार को माफिया सरगना मुख्तार अंसारी की मृत्यु के न्यायिक जांच के आदेश दिए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवान दास गुप्ता ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी/एमएलए कोर्ट) गरिमा सिंह को जांच अधिकारी नामित करते हुए जांच रिपोर्ट एक माह के अंदर प्रेषित करने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायालय द्वारा बांदा जिला कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक द्वारा शुक्रवार को दोष सिद्ध/ विचाराधीन बंदी मुख्तार अंसारी की मृत्यु की सूचना भेजने के साथ न्यायिक जांच के लिये जांच अधिकारी नामित करने की याचना पर दिए गए। आदेश की प्रतिलिपि जिला न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिये भेजी गई। साथ ही जिला कारागार अधीक्षक को 63 वर्षीय मुख्तार अंसारी की मृत्यु/ इलाज से संबंधित सभी प्रपत्र और अन्य जो भी प्रलेख जांच से संबंधित तो हो जांच अधिकारी को तीन दिन के अंदर उपलब्ध कराने के भी आदेश दिए गए।

#### अवैध शस्त्र बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़

बाराबंकी। देवा पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह असलहा बनाकर ढाई से तीन हजार रुपये में बेचता था। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार की आधी रात को थाना देवा पुलिस टीम ने जनपद लखीमपुर खीरी के ग्राम कोहना निवासी कालिका प्रसाद को टीपहार के जंगल से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से दस अदद बारह बोर तमंचा, छह अदद 315 बोर तमंचा, पांच अदद अर्द्धनिर्मित, तीन अदद जिन्दा व तीन अदद खोखा कारतूस, शस्त्र बनाने के उपकरण, एक साइकिल व अन्य चीजें बरामद हुई है। कालिका अपने साथी जय सिंह के साथ मिलकर काफी दिनों से अवैध असलहा बनाकर उसे बेचने का काम करता है।

## राजू पाल हत्याकांड : अदालत ने छह आरोपियों को उम्रकैद व एक को सुनाई चार साल की सजा

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। लखनऊ की एक विशेष सीबीआई अदालत ने बसपा के विधायक रहे राजू पाल की 2005 में हुई हत्या के मामले में शुक्रवार को 7 लोगों को दोषी ठहराया। जिसके बाद अदालत ने 6 आरोपियों को उम्रकैद और 1 आरोपी को 4 साल की सजा सुनाई है। इस मामले में माफिया से नेता बना अतीक अहमद भी आरोपी था। यह जानकारी अधिकारियों ने दी।

अधिकारियों ने बताया कि अतीक अहमद, उसके भाई एवं मुख्य आरोपी खालिद अजीम उर्फ अशरफ और गुलबुल उर्फ रफीक के खिलाफ सुनवाई उनकी मौत के बाद बंद कर दी गई थी। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेता राजू पाल की अतीक अहमद के भाई अशरफके साथ राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के परिणामस्वरूप 25 जनवरी 2005 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। राजू पाल ने नवंबर 2004 में प्रयागराज पश्चिम सीट पर हुए उपचुनाव में अतीक के छोटे भाई मोहम्मद अशरफ को हराकर जीत हासिल की थी। बसपा नेता राजू पाल 2002 में इस सीट पर अतीक अहमद से चुनाव हार गया था लेकिन जब अतीक ने लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद यह सीट खाली की तो पाल ने उपचुनाव में अशरफ को हरा दिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2016 में मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। लखनऊ में विशेष सीबीआई न्यायाधीश ने मामले में रणजीत पाल, आबिद, फरहान अहमद, इसरार अहमद, जावेद, गुलहसन और अब्दुल कवि को आपराधिक साजिश और हत्या सहित अन्य गंभीर आरोपों में दोषी ठहराया। आरोपी फरहान अहमद को भारतीय शस्त्र अधिनियम के तहत भी दोषी ठहराया गया।

## सरयू नदी में सुरक्षा के लिए तैनात होंगे छह फाइबर मोटर बोट्स

समृद्धि न्यूज

अयोध्या। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनके जन्मभूमि मंदिर में अब रामनवमी को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जमीन से लेकर नभ और जल में भी सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जा रहा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खुद मुख्य सचिव और डीजीपी अयोध्या में आगामी 17 अप्रैल को होने वाले आयोजन की तैयारियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के अयोध्या आने और पवित्र सरयू नदी में स्नान किये जाने को ध्यान में रखते हुए सरकार तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। स्नान के दौरान सरयू नदी मे डूबने विभिन्न घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने रामनवमी के मौके पर व्यापक प्रबंध किए हैं। इसके लिए सरयू नदी में अब और छह फाइबर मोटर बोट्स चलाने का निर्णय लिया गया है। चौत्र शुक्ल नवमी पर मोक्ष की कामना को लेकर अयोध्या में दर्शन पूजन व सरयू स्नान के लिए देश के कोने कोने से लाखों श्रद्धालु आने वाले हैं। इस बार श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद यह पहली राम नवमी है। ऐसे मे अयोध्या मे अपार भीड़ जुटने की संभावना है। साथ ही सरयू में भी बड़ी संख्या में लोग स्नान करके पुण्य के भागीदार बनेंगे। इस दौरान होने वाली किसी भी अप्रिय घटना को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के मुकम्मल बंदोबस्त किये गये हैं। इसलिए नदी में फाइबर मोटर बोट्स की संख्या बढ़ाई गई है।

निर्देश

### यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जारी किए निर्देश

## लोकसभा चुनाव व विस उपचुनाव में एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

समृद्धि न्यूज

▸ उल्लंघन पर दो साल की जेल और जुर्माने का प्रावधान



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों के साथ-साथ चार विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों के दौरान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-126(1) (ख) के तहत मीडिया में किसी भी तरह के एग्जिट पोल पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अंतर्गत यह निर्देश जारी किये हैं।

कोई भी व्यक्ति प्रदेश में इस दौरान न ही मत सर्वेक्षण करेगा और न ही किसी मत सर्वेक्षण के परिणाम का प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रसारण किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि एग्जिट पोल पर यह प्रतिबंध साधारण निर्वाचन की स्थिति में मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से लेकर सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के आधे घंटे तक जारी रहेगा। वहीं उप निर्वाचन की स्थिति में भी यही प्रतिबन्ध लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा किसी उप निर्वाचन या एक साथ कराए जाने वाले उप निर्वाचन की स्थिति में भी यह अवधि मतदान शुरू होने से लेकर मतदान खत्म होने के आधे घंटे तक जारी रहेगी।

एक साथ कराए जाने वाले उप निर्वाचनों की दशा में मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से शुरू होगी और अंतिम मतदान समाप्त होने के आधे घंटे तक जारी रहेगी। कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता पाया जायेगा, उसे दो वर्ष तक कारावास की सजा और जुर्माना या फिर दोनों से दंडित किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को पूर्वाह्न 7 बजे तथा 01 जून को अपराह्न 6:30 बजे के बीच की अवधि को ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित किया है।

#### किसी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर रहेगा प्रतिबंध

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि साधारण निर्वाचन एवं उप निर्वाचन के संबंध में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च को प्रदेश में सात चरणों में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के साथ ही ददरौल, लखनऊ पूर्व, गैंसड़ी और दुद्धी अनुसूचित जनजाति विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होना है।

## गौशाला केंद्र से जबरन गाय निकालने को मना करने पर दबंगों ने किया था हमला...

# गौसेवकों पर हुए हमले मे इलाज के दौरान हुई मृत्यु

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र थाना मितौली के ग्राम पंचायत दतेली कलां में गोआश्र्य केंद्र पर दबंगों ने हमला करके कई गो सेवको को घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल गोसेवक की इलाज के दौरान आठवें दिन लखनऊ ट्रामा सेंटर में मौत हो गई।

20 मार्च को ग्राम पंचायत दतेली कलां गौ आश्रय केंद्र पर 8:00 बजे के आसपास कुछ दबंगो ने गोशाला में आकर जबरदस्ती गाय निकालने का प्रयास करने लगे जिसका गौ सेवकों ने विरोध किया और कहा ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी से लिखवा कर के ले आओ तभी वह गौशाला से गाय को ले जाने देंगे,। इस बात से नाराज हुए लोगों में नीरज कुमार धर्मेंद्र माखन संकट मिथुन शिशुपाल गौ आश्रय केंद्र में काम कर रहे , पास के ही गांव बेहड़ा के रहने वाले लगभग 20 व्यक्ति एक राय होकर के गोसेवकों पर हमला कर दिया इसमें गौ सेवक घायल हो गए धर्मेंद्र के हाथ में चोट आई माखन को आंतरिक चोटें आई थी जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली से रेफर कर दिया गया हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवाया जा रहा है संकटा मिथुन शिशुपाल नीरज कुमार को भी चोटें आई हैं। उक्त घटना की जानकारी थाना मितौली को घायल व्यक्तियों के द्वारा प्रार्थना पत्र देकर दी जा चुकी है माखन की हालत अत्यंत गंभीर बनी होने के कारण परिजनों ने बताया चोटे इतनी भयंकर लगी माखन की इलाज के दौरान आठवें दिन लखनऊ में मौत हो गई, जिन लोगों ने हमला किया है वह काफी दबंग कई बार पूरा गांव एक राय होकर के कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं इनके कारनामों से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है, उक्त घटना में पुलिस मितौली ने सख्त कदम नहीं उठाया तो इन दबंगों के हौसले और भी बुलंद हे। मितौली पुलिस का कहना है हमने आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर ली है साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। करीब 6 दिन बीत जाने के बाद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पुनः प्रार्थना पत्र देकर के उच्च अधिकारियों से करवाई किए जाने की मांग की थी।

> मितौली पुलिस की ढुल मुल नीति के कारण दबंग के हौसले बुलंद

ग्राम पंचायत अधिकारी ने भी उच्च अधिकारियों को गौ सेवा केंद्र पर जबरदस्ती गाय निकालने व गौशाला में तोड़फोड़ किए जाने को लेकर के कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। मितौली पुलिस की ढुल मुल नीति के कारण दबंग आए दिन दबंगई करते रहते हैं वही गरीबों एवं पीड़ित व्यक्तियों को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

# नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र मितौली के सीतापुर ब्रांच नहर में उतराता हुआ शव की सुचना पर नहर पटरी कर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने मितौली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पहुंचे मितौली कोतवाली प्रभारी राजू राव ने चपरदहा ग्राम पंचायत के गांव झाला के पास रजबहा माईनर से शव को निकालकर पहचान के लिए सोशल मीडिया पर फोटो वायरल किया।

मितौली क्षेत्र की सीतापुर ब्रांच नहर में हैदराबाद थाना क्षेत्र से बहककर आएं अज्ञात युवक का शव ग्रामीणों ने नहर में देखा। अज्ञात युवक शव टी शर्ट व अंडरवियर पहने था। अज्ञात युवक का शव एक दिन पुराना लगता है। सीतापुर ब्रांच नहर में बहता हुआ रजबहा माईनर में पहुंच गया। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी मितौली राजू राव व एस आई राममिलन यादव ने चपरदहा के गांव झाला के पास शव को माईनर से निकलवाकर आप पास के गांव में पहचान का प्रयास किया ।

पहचान न होने से चपरदहा प्रधान शमशेर व ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। सोशल मीडिया पर फोटो भेजकर पहचान की जा रहीं हैं। प्रभारी निरीक्षक मितौली राजू राव ने बताया अज्ञात युवक 40 वर्षीय का शव झाला के पास नहर से निकलवाकर तस्दीक का प्रयास किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### चुवक ने ट्रेन के सामने कूद कर की आत्महत्या



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** निघासन इलाके के पढ़ुआ थाना क्षेत्र के धवईपुरवा निवासी मुल्लू राम का लड़का अपनी पत्नी के साथ देहरादून काम करने के लिए गया हुआ था, जहां संदिग्ध परिस्थितियों में पत्नी की मौत हो जाने से छुब्ध बेटे ने भी ट्रेन के सामने कूद कर अपनी भी जीवन लीला समाप्त कर ली। एक साथ दोनों की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। आपको बताते चलेंगे पढ़ुआ थाना क्षेत्र के ग्राम धवई पुरवा निवासी मल्लू का लगभग 30 वर्षीय पुत्र ज्ञान प्रकाश अपनी पत्नी राम बेटी के साथ देहरादून मजदूरी करने के लिए गया था जहां पर पति-पत्नी में आपसी विवाद हो जाने के कारण पत्नी ने कमरे में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, पत्नी के आत्महत्या करने से भयभीत ज्ञान प्रकाश ने देहरादून से लक्सर रेलवे स्टेशन पर जाकर ट्रेन के सामने कूद कर अपनी भी जीवन लीला समाप्त कर ली, घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। खबर लिखे जाने तक दोनों के शव गांव पर नही पहुंचे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञान प्रकाश मंदबुद्धि था जिसका अक्सर अपनी पत्नी के साथ आपसी विवाद हुआ करता था, जिसका विवाह शारदानगर थाने के भुड़कुला गड़रियनपुरवा गांव से हुआ था।

### रोजा इफ्तार कराने का अलग ही मिलता है सबाब



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** माहे रमजान में रोजा रखकर रोजेदारों के इफ्तार कराने का एक अलग सवाब है। परवर दिगार रोजे की बरकतों से ऐसे लोगों पर रहमतें नाजिल करता है। उक्त बातें शुक्रवार को मोहल्ला इसलाम नगर मस्जिद में हाजी गुड्डू बर्तन वाले द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी के दौरान पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद ने कहा। बताते चलें कि हर वर्ष तरह रमजान माह के मुक़द्दस दिनों में शुक्रवार को हाजी गुड्डू हाजी जमील द्वारा इस्लामनगर की मस्जिद में भव्य रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया जहां सैकड़ों रोजेदारों ने इफ्तार के समय एक साथ हाथ उठाकर देश दुनिया में अमन-चैन की दुआ मांगी। वहीं हाजी गुड्डू ने बताया कि अल्लाह का एहसान है कि ये काम वो मुझ नाचीज से करा रहा है जिससे हमें दिली सकून मिलता है। अल्लाह हमारे इस अमल को कुबूल फरमाये। इस अवसर पर हुसैन अली तैयब खान खालिद कुरैशी चुन्ना शहाबुद्दीन सिद्दीकी सहवार हुसैन अजमी रिजवी परवेज खान शफीक अंसारी असलम मामा गुलफाम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### डूडा द्वारा बनवाये जा रहे नाले का चैयरमेन ने किया निरीक्षण

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगरीय विकास अभिकरण ( डूडा ) की ओर से बनवाये जा रहे नाले का चेयरमैन रामशरण पाठक ने स्थलीय निरीक्षण किया।उन्होंने नाला के घटिया निर्माण कार्य को देखकर कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्रवाई के लिए उच्चा धिकारियों को पत्र लिखे जाने की बात कही है।नगर पंचायत रामनगर के अन्तर्गत केसरीपुर मोड से महादेवा जाने वाले मुख्य मार्ग पर जल निकासी के लिए नाले का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। कार्यदायी संस्था के ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की साठ गांठ से निर्माण में पीली ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। नीचे गिट्टी डालने की बजाय महा घटिया ईट का अदृधा बिछाया जा रहा है सीमेंट का मिक्सचर लगभग न के बराबर है।लोगों की शिकायत पर चेयरमैन श्री पाठक ने नाले का स्थलीय निरीक्षण किया तो निर्माण कार्य की हकीकत देखकर वह दंग रह गये। पीली ईंट और घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल होते पाया गया।जिस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने उचाधिकारियों को पत्र लिखे जाने की बात कही। इस संबंध में पूछे जाने पर काम करवा रहे सुरेंद्र वर्मा ने दूरभाष पर बताया इसका टेन्डर बहुत पहले हुआ था।सौ मीटर बन गया था सौ मीटर अब बनाया जा रहा है। प्राप्त विवरण के अनुसार अधिकारियों की कार्यशैली सवाल उठ रहे हैं।अब सवाल इस बात का है कि जब कोई कार्य दायी संस्था किसी ठेकेदार को टेंडर देती है उसी समय कार्य पूर्ण करने की अवधि निर्धारित कर दी जाती है।छोटे प्रोजेक्ट में बताया जाता है कि तीन माह का समय दिया जाता है टेंडर हुये केई वर्ष बीत गये निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका तो विभाग ने संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कोई कदम नहीं उठाया गया।अब किन परिस्थितियों में उसे दोबारा काम करने की इजाजत दी गई यह तो विभाग जाने।लेकिन प्रदेश सरकार को ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध संज्ञान लेना चाहिये।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जीरो टॉलरेंस की बात कर रहे हैं दूसरी तरफ भ्रष्ट और बेलगाम अधिकारी पूरी तरह से मनमानी पर उतारा है।



### बीएसएफ और स्थानीय पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

खैरटिया खीरी, समृद्धि न्यूज। आगामी लोकसभा चुनाव में शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीएसएफ और स्थानीय पुलिस की ओर से बेलरायां, तकियापुरवा, कुशाही क्षेत्र में किया गया फ्लैग मार्च शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सिंह व चौकी प्रभारी बेलरायां अभिषेक कुमार के नेतृत्व में पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के साथ बेलरायां, कुशाही,तकियापुरवा में फ्लैग मार्च निकालकर आगामी लोकसभा के चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पैदल फ्लैग मार्च किया । कोतवाली प्रभारी ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में विश्वास पैदा करना है की लोग भय मुक्त होकर अपने मत के अधिकार का प्रयोग करें इसके लिए समाज के लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

# पुलिस ने 315 बोर तमंचा सहित एक को किया गिरफ्तार

> खेत पर असलहा लेकर पहुंचे युवकों को ग्रामीणों ने दौड़ाया, एक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली भीरा क्षेत्र में खेत पर असलहा लेकर पहुंचे तीन युवकों को ग्रामीणों को दौड़ाया लेकिन दो भागने में सफल रहे वही एक युवक को ग्रामीणों ने धर दबोचा और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। बताते हैं उक्त व्यक्ति दो भाईयों के विवाद में अपने साथियों के साथ आया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने उक्त युवक को हिरासत में ले कर तलाशी लेने पर उक्त व्यक्ति के पास से 315 बोर देशी तमंचा व कारतूस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पकड़ा गया युवक कुलदीप पुत्र रामनरेश नौसर जोगी का रहने वाला है। बताते है उक्त युवक के साथ 2 लोग और आये थे जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।

बताते चलें पूरा मामला मोहनपुरवा निवासी दो सगे भाईयों में होली वाले दिन कुछ बातचीत हो गई दोनो सगे भाई श्याम बिहारी और पृथ्वीपाल के बीच किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया था । विवाद के समय पृथ्वीपाल का पुत्र वीरेन्द्र और श्याम बिहारी भी बीच में आ गए जिससे विवाद ने तूल पकड़ लिया था,लेकिन बाद में मामला शांत हो गया । वही गुरूवार को श्यामबिहारी खेत पर काम करने पहुंचा, तो पीछे से भतीजा वीरेन्द्र अपने दो साथियों के साथ खेत पर पहुंच गया जहां पर तीनों को आपस में बात करते देख ग्रामीणों को कुछ शक हुआ।जब ग्रामीणों को कुछ शक हुआ तो वो आगे बढ़े तो दो लोगों को पास असलहा देख कर ग्रामीणों ने दौड़ाया । जिसमें वीरेन्द्र और उसका साथी मौके से चंपत हो गए, पर ग्रामीणों ने कुलदीप को पकड़ लिया और पुलिस को सूचित किया । ग्रामीणों के मुताबिक आरोपी युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे ।

सूचना मिलते ही मोहनपुरवा मौके पर पहुंचे बिजुआ चौकी इंचार्ज चेतन तोमर, हेड कांस्टेबल कुलदीप कुमार, हेड कांस्टेबल राजू वर्मा, व कांस्टेबल मोहित कुमार मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए युवक को हिरासत में ले लिया।जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करके न्यायालय भेज दिया।

### जुमे की नमाज को लेकर मुस्तैद रही जैदपुर पुलिस



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कस्बे सहित आस पास क्षेत्र में जुमे की नमाज को लेकर जैदपुर पुलिस नमाज के खत्म होने तक लगभग सभी जुमा मस्जिदों के पास तैनात रही। मौके पर तहसीलदार व लेखपाल भी देख रेख करें पहुंचे। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को नमाजे जुमा को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान क्षेत्र की तमाम मस्जिदों के आस पास तैनात रहे। वहीं निरिक्षण करने पहुंचे तहसीलदार शरद सिंह के साथ क्षेत्रीय लेखपाल पंकज कुमार मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

# रासलीला में शिव तांडव लीला का मंचन देख भाव विभोर हुए श्रोता

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**



राम वाटिका धाम में हो रही श्रीरामनाम महायज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार को हजारों लोगों ने पहुंचकर यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां डाली साथ ही यज्ञ स्थल की परिक्रमा की। गुरुवार की रात्रि में रासलीला मे श्री कृष्ण जन्म शिव तांडव लीला का सजीव मंचन किया गया। लीला देखने के लिए धौरहरा सहित आसपास गांव के लोग पहुंचे। लीला की शुरुआत श्री राधा कृष्ण की आरती से हुई। गोकुल मे श्री कृष्ण देवकी वासुदेव के यहाँ जन्म लेते हैं और वासुदेव जी उन्हें वृंदावन में नंद बाबा और यशोदा के पास छोड़ आते हैं पच्चासी वर्ष की उम्र में नंदबाबा के घर मे लाला का जन्म होता है जिस पर सभी ब्रजवासी नंदबाबा के घर बधाई देने व लाला के दर्शन करने जाते हैं जब वृंदावन में श्री कृष्ण के जन्म की खबर भोलेबाबा को होती है तो वह भी अपने ईष्ट के दर्शन करने के लिए नंदबाबा के घर आते है। यशोदा मईया उन्हें श्री कृष्ण के दर्शन नही कराती है। जिस पर भोले नाथ रुष्ट हो जाते हैं और अपने आराध्य ईस्ट देव के दर्शन करने की जिद पर अड़ जाते है और तांडव करते है उसके बाद माता यशोदा उन्हें श्रीकृष्ण के दर्शन कराती है। इस लीला को देख कर दर्शक भाव विभोर हो गए। वही दिन में राम लीला का सजीव मंचन किया गया। इस दौरान भगौती प्रसाद शुक्ला,रामकुमार शर्मा,अचल अवस्थी,अशोक शुक्ला,रामबाबू शुक्ला, श्यामबाबू शुक्ला, योगेंद्र मिश्रा मौजूद रहे।

# ब्लाक परिसर में लगा कैंप, 145 मरीजों की हुई आंखों की जांच

> 45 मरीजों की आंखों का होगा आपरेशन



**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

धौरहरा के ब्लाक परिसर में एडवांटेज ग्रुप की गोविन्द शुगर मिल के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सीतापुर आंख अस्पताल के चिकित्सकों ने मरीजों के आंखों की जांच की और गम्भीर मरीजों को निःशुल्क आपरेशन हेतु सीतापुर अस्पताल ले जाया गया।

गुरुवार को एडवांटेज ग्रुप की गोविन्द शुगर मिल ऐरा के सहयोग से ब्लाक परिसर में सीतापुर आंख अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन एसडीएम राजेश कुमार व चीनी मिल के ईकाई प्रमुख आलोक सक्सेना ने किया। शिविर में आए 145 मरीजों की जांच सीतापुर आंख अस्पताल के चिकित्सक डा. मुकुल गुप्ता व उनकी टीम ने सभी मरीजों के आंखों की जांच की। जिसमें से गम्भीर 45 मरीजों को निःशुल्क बस द्वारा आपरेशन के लिए सीतापुर अस्पताल ले जाया गया। ऐरा मिल द्वारा लगवाए गए निशुल्क नेत्र जांच शिविर की लोगों ने जमकर सराहना की। जांच शिविर में डाक्टरों की टीम के साथ ही मिल के आर. एस ढाका , राजेश त्रिपाठी , अजीत सिंह , बृजेश , अनिल पांडेय , गजेन्द्र सिंह व विपिन सिंह ने आए हुए मरीजों का सहयोग किया।

# सनशाइन हॉस्पिटल के डॉ. कौशल वर्मा भाजपा में शामिल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



सनशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के डायरेक्टर आर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर कौशल वर्मा ने क्षेत्र के गणमान्य समर्थकों ब्रजेंद्र वर्मा प्रधान शीतलपुर ग्रांट, विकास वर्मा प्रधान लंदनपुर ग्रंट, मंजीत पटेल, सुशील कुमार, अनिल वर्मा, सुशील पाण्डे, एडवोकेट आनंद अर्कवंशी, एड.अनुज सिंह पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, समाजसेवी ओम बहादुर सिंह, अजीत आदि के साथ प्रदेश कार्यालय लखनऊ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे। डॉ कौशल वर्मा क्षेत्र के लोगों के बीच अपने सामाजिक कार्यों के चलते काफी लोकप्रिय हैं। हाल ही में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टैनी ने उनसे हॉस्पिटल में उनसे मुलाकात की थी तभी से क्षेत्रीय लोगों के बीच उनके भाजपा से जुड़ने की अटकलें लगाई जा रही थीं। कौशल वर्मा ने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी और योगी आदित्यनाथ की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं और उनकी ख्वाहिश है कि वे राजनीति में भी भाजपा सरकार को कुछ अपना योगदान दे सकें।

# सपा-बसपा के कई नेता भाजपा में शामिल



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सपा बसपा में रहने वाले कई लोग आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में पहुंचकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर लिया है। भाजपा में शामिल होने वाले पूर्व सांसद स्व कमला प्रसाद रावत की बहू लबली रावत, बेटा वेद रावत, बसपा से राम नगर विधानसभा का चुनाव लड़ चुके राम किशोर शुक्ला व कांग्रेस से सत्य प्रकाश वर्मा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया।सभी को प्रदेश कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने सदस्यता ग्रहण कराई।भाजपा जिला कार्यालय पर पहली बार पहुंचे सभी नेताओं का भाजपा जिला कार्यालय पर पटका और पुष्प गुच्छ देकर भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी के भाजपा का दामन थामने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और कुनबा बढ़ने से विपक्षियों के हौसले पस्त हो रहे हैं। इस अवसर पर एमएलसी अंगद सिंह, डॉक्टर राम कुमारी मौर्य, जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव, विजय आनंद बाजपेई, विष्णु प्रभाकर वर्मा मौजूद रहे।

### डीएम ने जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जिला निर्वाचन अधिकारी / ज़िला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन -24 के दृष्टिगत निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र जैदपुर अंतर्गत मतदान केंद्र फतेहचंद जगदीश राय इंटर कॉलेज सफदरगंज का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार इसी विधानसभा क्षेत्र जैदपुर अंतर्गत मतदान केंद्र, उच्च प्राथमिक विद्यालय रसौली का भी स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र जैदपुर के अंतर्गत मतदान केंद्रों पर मानक अनुसार आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का उप ज़िलाधिकारी को निर्देश दिया तथा कहा कि बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए निर्धारित सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जाए ताकि मतदान में उन्हें कोई असुविधा न होने पाए। उन्होने कहा कि बूथों के लिए निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार विद्यालय की सभी कमियों को ससमय दुरुस्त कराने का निर्देश दिया और उन्होंने कहा कि मतदान सकुशल संपन्न कराना हम सभी का दायित्व है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों के लिए डाक मत पत्र की जो सुविधा चुनाव आयोग ने निर्धारित की है उसी अनुसार उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि इस बार कोई भा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से छुट न जाए, इसके लिए भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी / ज़िला मजिस्ट्रेट पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ विधानसभा क्षेत्र जैदपुर के थाना सफ़दरगंज का भी निरीक्षण किया तथा चुनाव की तैयारियों के सम्बंध में अभिलेख आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

# सास-बहू-ननद सम्मेलन कर मतदान के लिए किया जागरूक

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार के दिशा-निर्देशन में बाल विकास परियोजना सिरौलीगौसपुर के रामपुर भवानीपुर बूथ पर सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सास बहू सम्मेलन में समस्त कनवर्जन विभाग के लोग बीएलओ तथा गांव की सास, बहुएं, ननद तथा अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर उपस्थित समस्त सास को बहु के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखने हेतु समझाया गया तथा 20 मई को होने वाले चुनाव में सभी लोग को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

बाल विकास परियोजना अधिकारी ने स्लोगन हर बहू के पोषण का ,सास रखे पूरा ध्यान। लोकतंत्र की मजबूती के लिए करे शतप्रतिशत मतदान के साथ लोगो को प्रेरित किया। एएनएम सुलोचना ने महिलाओं के स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारी दी। सम्मेलन में सास बालवती, राजेश्वरी, सूर्यवती ने कहा कि हम अपने साथ अपनी बहु तथा घर के अन्य लोगों का मतदान करवायेंगे। ननद रिंकी ने भाभी नीतू के साथ मतदान स्थल पर जाकर मतदान करने की बात कही। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को मतदान करने करने के लिए प्रेरित किया। सभी लोगों ने 20 मई को होने वाले मतदान करने हेतु शपथ ली। इस दौरान आंगनवाडी कार्यकर्ता रेखा, दीपमाला, विद्यावती, नीतू, आशा बहू, समूह की अध्यक्ष तथा गांव के अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# श्रीमद्भागवत कथा में श्रवण की कथा सुन भावविभोर हुए स्रोता

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



कस्बा के सार्वजनिक इंटर कॉलेज के बगल चल रही श्रीमद् भागवतकथा में कथा व्यास पंडित रामानुजाचार्य ने सभी भक्तों को श्रवण कराई कि किस प्रकार से सूत जी ने 88 000 संतो को कथा श्रवण कराई और नारद जी ने कौतुक देखा भक्ति माता के सामने ज्ञान वैराग्य अचेत अवस्था में पड़े हुए थे उधर से नारद जी जा रहे थे नारद जी को देखकर के भक्ति माता ने नारद जी को बुलाया और नारद जी ने ज्ञान बैराग्य के बुढ़ापे को दूर करने के लिए वेद वेदांत का पाठ किया लेकिन उससे कोई प्रभाव नहीं हुआ एक आकाशवाणी द्वारा नारद जी को सूचना प्राप्त हुई सत्कर्म करिए सत्कर्म क्या है नारद जी समझ नहीं पाए और नारद जी चिंतित चले जा रहे थे। सनत कुमारों द्वारा नारद जी को सत्कर्म के बारे में बताया गया की श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ प्रवचन से भक्ति माता और ज्ञान वैराग्य का बुढ़ापा दूर होगा और उनके बुढ़ापे को दूर करने के लिए नारद जी ने सनत कुमारों के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का संकल्प लिया और कथा को श्रवण करते ही भक्ति देवी और ज्ञान वैराग्य के दुख का निवारण हुआ और युवावस्था में वापस आ गए भक्ति देवी के मन में श्रद्धा भाव जागृत हो गया और सनत कुमारों ने कहा कि तुम जाओ और भक्तों के हृदय में निवास करो और उसके बाद में द्वितीय बेला में धुंधकारी आदि की कथा बड़े सुंदर ढंग से संपन्न हुई इसमें बहुत से भक्तों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और सभी कथा सुनकर के आनंदित हुए। इस अवसर पर शिवओम सोनी विपिन साहू उमाशंकर मिश्रा मनीष श्रीवास्तव निक्की श्रीवास्तव सहित सैकड़ो भक्त उपस्थित रहे।





# लखनऊ व्यापार मंडल ने लगाई गुहार, चुनाव के दौरान न जमा कराया जाए शस्त्र लाइसेन्स

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के दौरान व्यापारियों ने शस्त्र लाइसेंस जमा न कराया जाए। लखनऊ व्यापार मंडल ने इसको लेकर संयुक्त पुलिस आयुक्त, लॉ एंड ऑर्डर से गुहार लगाई है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने शुक्रवार को इसको लेकर ज्ञापन भी दिया।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों के पास जो शस्त्र लाइसेंस है। वह अपने सुरक्षा के साथ-साथ व्यापार की सुरक्षा के लिए है। अगर कोई कारोबारी आपराधिक प्रवृति का न हो तो उसके शस्त्र लाइसेंस न जमा कराए जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पुलिस की उपलब्धता कम हो जाती है। ऐसे में आपराधिक प्रवृत्ति जैसे चोर लुटेरे आदि सक्रिय हो जाते है। व्यापारी दिन भर माल बेच रात्रि में दुकान बंद कर अपने साथ नगदी घर ले जाते है। जिसकी सुरक्षा के लिए उनके पास शस्त्र लाइसेंस होना अनिवार्य है। उन्होंने व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस न जमा करने की छूट प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहले भी ऐसी व्यवस्था रही है। उस दौरान एक निर्धारित फार्म पर आवेदन किया जाता था और उस पर पुलिस की आख्या के अनुसार छूट प्रदान की जाती रही है। अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि संयुक्त पुलिस आयुक्त ने ज्ञापन पर विचार करने को कहा है। इसमें उनकी तरफसे कहा गया कि अनुज्ञापी अपना आवेदन करता है और पुलिस आख्या के हिसाब से हमारी कमेटी विचार करके छूट प्रदान करेगी।

# आपातकाल तक पहुंची थी रायबरेली की सियासी जंग

## इंदिरा ने तीन साल बाद ही ले लिया जनता पार्टी से बदला

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/रायबरेली।** रायबरेली की सियासी जंग धीरे-धीरे इमरजेंसी तक जा पहुंची थी। देश की प्रधानमंत्री रहते इंदिरा गांधी खुद चुनाव हार गई थीं। यह पब्लिक है, सब जानती है। राजनेताओं को हमेशा ख्याल रहे कि बदलाव प्रकृति का नियम है और जनता इसी सिद्धांत पर चलती है। साल था 1977, इमरजेंसी लगने के बाद देश में पहली बार लोकसभा चुनाव हो रहा था। ये वो दौर था, जब पहली बार कांग्रेस सत्ता से बाहर होने वाली थी। जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला था।

कांग्रेस के विरोध की आंधी इस कदर चली कि खुद इंदिरा गांधी तक चुनाव हार गईं। अपने सियासी करियर में पहली बार इंदिरा ने हार का स्वाद चखा था, ये उनकी जिंदगी की पहली और आखिरी हार थी। आपातकाल के चलते जनता के बीच फैली नाराजगी को कांग्रेस और इंदिरा भांप नहीं पाईं। नतीजा 1977 में इंदिरा गांधी के साथ-साथ उनके बेटे संजय गांधी चुनाव हार गये थे। कांग्रेस के इतिहास में ये सबसे बड़ी घटना मानी जाती है। ऐसा पहली बार हुआ था, जब गांधी परिवार के सदस्य को किसी चुनाव में हार झेलनी पड़ी हो। चुनाव में इंदिरा गांधी को उसी नेता ने मात दी थी, जिसे 1971 के चुनाव में इंदिरा के हाथों की हार झेलनी पड़ी थी। राजनारायण वो शख्स थे, जिन्होंने रायबरेली से इंदिरा को बड़े अंतर से मात दी थी।रायबरेली का चुनावी इतिहास बड़ा रोचक है। इंदिरा गांधी ने 1971 के चुनाव में जिस राजनारायण को 1 लाख 11 हजार 810 वोटों से मात दी थी, उसी राजनारायण से वर्ष 1977 में 55 हजार से अधिक वोटों से हार गईं। इंदिरा ने अपनी जिंदगी में सिर्फएक बार लोकसभा चुनाव हार का स्वाद चखा।

### आयरन लेडी के नाम से जानी जाती है इंदिरा गांधी

इंदिरा गांधी के करीबियों में गिने जाने वाले आरके धवन ने एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया था कि आधी रात में जब इंदिरा खाना खा रही थीं, उसी वक्त उन्हें देश में कांग्रेस और रायबरेली सीट से उनकी हार की खबर मिली। उन्होंने उस वक्त कहा था कि अब मैं अपना अधिक समय अपने परिवार को दूंगी। मार्च 1977 में जब कांग्रेस सत्ता से पहली बार बाहर हुई तो इसके एक साल के भीतर इंदिरा गांधी ने चिकमंगलूर सीट से चुनाव लड़ा और फिर संसद पहुंच गईं। इंदिरा गांधी को आयरन लेडी के नाम से जाना जाता है। उनके अडिग फैसले और निडरता से सारी दुनिया वाकिफ रही है। वो बार-बार ये संदेश देती रहीं कि उन्हें कोई डरा और झुका नहीं सकता। यही वजह थी कि 1977 में रायबरेली से हार मिलने के बावजूद वो 1980 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर इसी सीट से चुनाव लड़ने पहुंच गईं। ये वही दौर था, जब कांग्रेस सत्ता में जोरदार वापसी करने वाली थी और इंदिरा गांधी एक बार फिर प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने जा रही थीं। उन्होंने रायबरेली सीट जीतकर जनता पार्टी से बदला लिया और ये बताया कि वो डरती नहीं हैं।

# खबरें एक नजर में

### सपा युवा नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं मोहनलालगंज लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के दुबग्गा लखनऊ आवास पर युवा सपा नेता अजय यादव और राजू रावत के प्रयास से सैकड़ों युवाओं ने मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की हर वर्ग हर समाज को बिना भेदभाव के सशक्त करने की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर कई सपा नेताओं और उनके साथियों ने समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की। कौशल किशोर ने भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत किया जिसमें पिपरसंड निवासी अजय यादव, अजीतन खेड़ा निवासी मुन्नी लाल यादव अजीत यादव आदित्य निषाद विवेक यादव निखिल यादव डिगिया निवासी सचिन यादव, जीशान खान, मौंदा निवासी आदर्श दुबे आकाश राजपूत आकाश यादव आदित्य दुबे कालिया खेड़ा निवासी अंकित यादव, ऋषभ यादव शेखर शुक्ला परसादी खेड़ा निवासी प्रणव मिश्रा सरोसा निवासी आशीष यादव राज पांडे, सकरा निवासी अभय प्रताप सिंह, विशाल यादव, परसादी खेड़ा निवासी विवेक यादव कालिया खेड़ा निवासी रजत त्रिवेदी भरोसा निवासी प्रिया शुक्ला परसादी खेड़ा निवासी गौरव यादव, भरोसा निवासी संदीप यादव, मेहंदी नगर निवासी रामकृपाल यादव, विनय यादव एवं सुरेंद्र यादव ने समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### मुख्यमंत्री आज जाएंगे हाथरस, बुलन्दशहर व गौतमबुद्ध नगर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 30 मार्च को हाथरस, बुलन्दशहर और गौतमबुद्धनगर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11:35 बजे अग्रवाल सेवा सदन, आगरा रोड, हाथरस में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जबकि दोपहर 01:40 बजे निकुंज हॉल, नुमाइश मैदान, बुलन्दशहर और दोपहर 03:40 बजे जी.एल. बजाज इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी कॉलेज, गौतमबुद्धनगर में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### ज्ञान-दान समाज के लिए कल्याणकारी कार्य : उमानंद शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''बांसा कम्युनिटी लाइब्रेरी एण्ड रिसोर्स सेन्टर ग्रामसभा बांसा, ब्लाक मल्लावां, जिला हरदोई, उ.प्र.'' में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 405वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री श्रीमती अर्चना गुप्ता एवं डॉ. नीलम गुप्ता जी ने अपने पूज्य पिता स्व. प्रेम शंकर गुप्ता की स्मृति में भेंट किया। उपस्थित क्षेत्र के सभी साहित्य प्रेमियों को एक-एक अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ज्ञान-दान समाज के लिए कल्याणकारी कार्य है।'' डॉ. नीलम गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किये। सार्वजनिक पुस्तकालय के व्यवस्थापक एवं ग्राम प्रधान श्री सम्पूर्णानंद सिंह जी ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, अनिल भटनागर, देवेन्द्र सिंह, नीलम गुप्ता, ग्राम प्रधान सम्पूर्णानंद सिंह, विपिन कुमार सोनी, रामसहायक वर्मा, परमेश्वरदीन कनौजिया, रामकुमार, राकेश कुमार वर्मा सहित क्षेत्र के सभी साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

### बीजेपी व रालोद की चुनाव समन्वय समिति का गठन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भाजपा व राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय नेतृत्व ने यूपी में लोकसभा चुनाव 2024 के परिपेक्ष में चुनाव समन्वय समिति का गठन किया है। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मददेनजर उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों की समन्वय समिति गठित की गयी है जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व पश्चिम क्षेत्र के प्रभारी सुभाष यदुवंश, पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सीसौदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व ब्रज क्षेत्र के प्रभारी संतोष सिंह, आगरा से विधायक पुरूषोत्तम खंडेलवाल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, राष्ट्रीय महामंत्री मुंशीराम पाल, शामली से विधायक प्रसन्न चौधरी समन्वय समिति में शामिल हैं।

### शराबी बेटे ने मां से ज्वैलरी छीनने का किया प्रयास, केस दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कैसरबाग के दरबारी लाल का हाता निवासी सरोज ने बताया कि बेटा अमन रावत शराब पीकर आए दिन पारिवारिक सदस्यों से मारपीट करता है। उनका आरोप है कि नशे की तलब को पूरा करने के लिए रुपयों की मांग करता है। इंकार करने पर कई बार उसने मारपीट भी कर चुका है। बेटे से परेशान होकर वह होली पर बेटी रीमा और मोनी को लेकर पीजीआई के तेलीबाग स्थित मायके आ गई थीं। तड़के करीब 4 बजे बेटा अमन मायके पहुंचा और गाली-गलौज कर उनके कुंडल छीनने लगा। चीख पुकार सुन मदद को दौड़ी बेटी मोनी और रीमा पर अमन ने कैंची से ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। मोनी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### घरेलू कनेक्शन से कामर्शियल उपभोग करने वालों को किया जागरूक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** घरेलू संयोजन से कामर्शियल बिजली प्रयोग करने वालों सावधान हो जाओ क्योंकि लेसा विभाग ने ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही आरंम्भ कर दी है। इसी क्रम में बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों के आदेश पर नूरबाड़ी के अवर अभियन्ता राजेश कुमार वा दीपक कुमार ने वजीरबाग, बुनियादबाग, झाड़ियन तालाब तिराहे पर दुकानदारों को जागरूक कर कॉमर्शियल कनेक्शन लेने की अपील की। साथ ही उन्हें इस कनेक्शन के टेरिफकी भी जानकारी दी। इस अभियान में उनके साथ संविदाकर्मी राशिद मिर्जा,कल्लू,रिजवान आदि ने सहयोग कर अपनी ड्यूटी को अंजाम दिया।

# फेक-पेड न्यूज पर आयोग सख्त

## स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आचार संहिता लागू : रिणवा

**निर्वाचन आयोग ने पहचान के लिए तैयार की है एसओपी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता के दौरान फेक न्यूज तथा पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान फेक न्यूज तथा पेड न्यूज की पहचान व त्वरित प्रतिक्रिया के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसओपी तैयार की गई है। एमसीएमसी द्वारा राजनैतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, पेड न्यूज निगरानी और रिपोर्टिंग तथा मीडिया उल्लंघनों की सघन मॉनीटरिंग की जा रही है। विज्ञापन एमसीएमसी द्वारा प्रमाणित किये जाने के बाद ही इलेक्ट्रानिक मीडिया पर प्रसारित किये जा सकते हैं। नामांकन दाखिल करने की तारीख से पेड न्यूज मामलों को ध्यान में रखा जा रहा है।

कोई भी प्रत्याशी राजनीतिक विज्ञापनों को टीवी केबिल चौनल, रेडियो चौनल, सिनेमा हॉल, ऑडियों-विजुअल डिस्प्ले, प्रिन्ट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा अन्य सोशल साइटों पर विज्ञापन प्रसारित करने से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से मंजूरी अवश्य लें। ऐसे विज्ञापन को प्रकाशित प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जो धर्म, जाति, भाषा के आधार पर किसी भी समुदाय को आहत करता हो। प्रचार में प्रयोग की जाने वाली प्रचार सामग्री पर प्रिन्टिंग प्रेस व पब्लिशर की पूरी जानकारी होनी जरूरी है, ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।

### विभागों ने जब्त की 9140.81 लाख की शराब ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार और नगदी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 28 मार्च तक 9140.81 लाख रूपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। 1479.20 लाख रुपये नकद धनराशि, 2242.06 लाख रुपये कीमत की 632245.35 लीटर शराब, 3527.60 लाख रुपये कीमत की 4499949.66 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 1.43 लाख रुपये के 298 मुफ्त उपहार एवं 112.34 लाख रुपये कीमत की 896.21 अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 28 मार्च को 381.93 लाख रूपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 33.92 लाख रुपये नकद धनराशि, 56.66 लाख रुपये कीमत की 20278.97 लीटर शराब, 285.84 लाख रुपये कीमत की 22601.51 ग्राम ड्रग एवं 5.51 लाख रुपये कीमत की 50 अन्य सामग्री जब्त की गयी। 28 मार्च को प्रमुख जब्ती में जनपद गाजीपुर की गाजीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 200 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 1 किग्रा ड्रग, जनपद बहराइच की नानपारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 74 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 7.4 किग्रा ड्रग तथा गाजियाबाद की गाजियाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.54 लाख रुपये नगद धनराशि पकड़ी गयी।

# सुरक्षा के बीच हुई जुमे की नमाज मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रही पुलिस



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) की नोटिफिकेशन जारी होने और सजायफ्ता माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद राजधानी पुलिस अलर्ट है। जुमे की नमाज को लेकर शहर के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों के अलावा भारी मात्रा में पुलिस बल मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रहा। हालांकि, कड़ी सुरक्षा के बीच जुमे की नमाज सकुशल संपन्न हुई।

डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार के मुताबिक, पश्चिम जोन में करीब 30 संवेदनशील क्षेत्रों पर पुलिसकर्मी कड़ी निगरानी करते रहे। खासकर मिश्रित आबादी और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों की टुकड़ियां तैनात की गई थी।

**संवदेनशील इलाकों में आरआरएफ के साथ पुलिसकर्मी करते रहे मार्च**

नमाज से पूर्व संवदेनशील इलाकों में आरआरएफके साथ पुलिसकर्मियों फ्लैग मार्च करते रहे। किसी भी अराजकता से निपटने के लिए संवेदनशील स्थलों पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए थे। वहीं, सजायफ्ता माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद सोशल मीडिया पर पुलिस भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों पर भी निगरानी करती रही। हालांकि, कड़ी सुरक्षा के बीच जुमे की नमाज सकुशल संपन्न हुई।

# अराजकता के दौर से गुजर रहा उत्तर प्रदेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी की बांदा में दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत के एक दिन बाद शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंता जताते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ऐसे संदिग्ध मामलों की शीर्ष अदालत के एक न्यायाधीश की निगरानी में जांच की मांग की।

वहीं सपा के अन्य नेताओं ने मुख्तार की मौत को संदेह के घेरे में करार देते हुए कहा कि अदालत को इस मामले का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। मुख्तार अंसारी को बृहस्पतिवार को तबीयत बिगड़ने के बाद बांदा जिला जेल से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था, जहां दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर कहा कि हर हाल में और हर स्थान पर किसी के जीवन की रक्षा करना सरकार का सबसे पहला दायित्व और कर्तव्य होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध स्थिति में, किसी बंधक या कैदी की मृत्यु होना, न्यायिक प्रक्रिया से लोगों का विश्वास समाप्त कर देगा। अखिलेश यादव ने कहा, सरकार न्यायिक प्रक्रिया को दरकिनार कर जिस तरह दूसरे रास्ते अपनाती है वे पूरी तरह गैर कानूनी है। जो हुकूमत जिंदगी की हिफाजत न कर पाये उसे सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं। उत्तर प्रदेश 'सरकारी अराजकता' के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। ये उत्तर प्रदेश में 'कानून-व्यवस्था का शून्यकाल है।'' इस बीच बदायूं पहुंचे पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह ने यहां पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के आवास पर कहा कि मुख्तार अंसारी की मौत पर अदालत को संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी की मौत संदेह के घेरे में हैं। उन्होंने कहा है कि मुख्तार अंसारी के बेटे को अपने पिता के जनाजे में शामिल होने के लिए जिलाधिकारी को भी स्वतः संज्ञान लेते हुए उसे पैरोल देनी चाहिए। आपराधिक मामलों में अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी कासगंज की जेल में निरुद्ध हैं। सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने एक्स पर चिंता प्रकट करते हुए कहा, पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की जिन परिस्थितियों में मृत्यु हुई, वह अत्यधिक चिंताजनक है। उन्होंने (मुख्तार अंसारी) अदालत में अर्जी देकर अपनी हत्या की आशंका व्यक्त की थी।

### मुख्तार अंसारी की मौत पर मायावती ने की जांच की मांग



**लखनऊ।** बांदा जेल में बंद बाहुबली मुख्तार अंसारी की गुरुवार रात हार्ट अटैक से मौत हो गई। उनकी मौत पर बसपा और सपा ने सवाल खड़ा किया है। बसपा मुखिया मायावती ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने कहा कि अंसारी की जिन परिस्थितियों में मृत्यु हुई वह अत्यधिक चिंताजनक है।

बसपा मुखिया मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि मुख्तार अंसारी की जेल में हुई मौत को लेकर उनके परिवार द्वारा जो आशंका जताई गई है व आरोप लगाए गए हैं, उनकी उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है, ताकि सही तथ्य सामने आ सकें। सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने लिखा कि पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की जिन परिस्थितियों में मृत्यु हुई, वह अत्यधिक चिंताजनक है।

### डिप्टी सीएम की मौजूदगी में सपा-बसपा व कांग्रेस नेताओं ने ज्वाइन की बीजेपी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष शुक्रवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में सपा महिला सभा की पांच बार प्रदेश अध्यक्ष रहीं गीता सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलपाल कौर लखीमपुर, पंजाबी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी लखीमपुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुनीतपाल मोंटी अहलूवालिया लखीमपुर, सपा के पूर्व प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हरपाल सिंह राना लखीमपुर, समाजसेवी राजिंदर सिंह नीटा कानपुर, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह फतेहपुर, कांग्रेस के प्रदेश सचिव व डुमरियागंज विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय सिद्धार्थनगर सपा प्रवक्ता जेबा याशमीन लखनऊ, वरिष्ठ सर्जन डॉ. कौशल वर्मा लखीमपुर पूर्व चेयरमेन कल्पना बाजपेयी लखीमपुर ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ता कर्दम, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा उपस्थित रहे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव घोषित हो चुका है और हमें जुटकर पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य भाजपा व सहयोगी दलों के लिए लिया है। इस संकल्प की पूर्ति तभी हो सकेगी जब प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा की झोली में आए।

**कालकोठरी**

### जेल में मारे गए मुन्ना बजरंगी समेत कई अपराधी

# माफियाओं व कुख्यात अपराधियों की कब्रगाह बनी यूपी की जेल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की जेलें माफिया और कुख्यात अपराधियों की कब्रगाह बन चुकी हैं। बीमारी के अलावा जेलों में हुई गैंगवार बड़े अपराधियों का काल बन गयीं। बागपत जेल में माफिया मुन्ना बजरंगी की हत्या के मामले की सीबीआई जांच चल रही है। मुख्तार से पहले माफिया खान मुबारक और दुर्दांत अपराधी मुनीर की भी जेल में बीमारी से मौत हो चुकी है।

एनआईए अफसर तंजील अहमद के हत्यारे बिजनौर निवासी मुनीर की 21 नवंबर 2022 को वाराणसी के बीएचयू मेडिकल कॉलेज में बीमारी की वजह से मौत हो गयी थी। सोनभद्र जेल में बंद मुनीर को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। उसे जेल में इंफेक्शन हो गया था। इसी तरह हरदोई जेल में बंद अंबेडकरनगर के माफिया एवं कुख्यात अपराधी खान मुबारक की 12 जून 2023 को बीमारी की वजह से मौत हो गयी थी। उसके खिलाफ44 मुकदमे दर्ज थे। वह अंडरवर्ल्ड डॉन जफर सुपारी का छोटा भाई था।छह साल पहले बागपत जेल में माफिया मुन्ना बजरंगी की हत्या पश्चिमी उप्र के गैंगस्टर सुनील राठी ने कर दी थी। चित्रकूट जेल में 14 मई 2021 को मुख्तार के करीबी मेराज, माफिया मुकीम काला और कुख्यात अपराधी अंशू दीक्षित की गैंगवार में मौत हुई थी। जनवरी 2015 में मथुरा जेल में हुई गैंगवार में कुख्यात अपराधी ब्रजेश मावी और राजेश टोटा के बीच हुई गैंगवार में राजेश टोटा की मौत हो गयी थी। बीते वर्ष 7 जून को लखनऊ के अदालत परिसर में माफिया संजीव महेश्वरी उर्फजीवा की हत्या कर दी गयी थी। प्रयागराज में बीते वर्ष 15 अप्रैल को रमजान के दौरान माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की कुछ युवकों ने गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी। दोनों को राजूपाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या के मामले में रिमांड पर प्रयागराज लाया गया था। दोनों का मेडिकल कराने के लिए प्रयागराज के अस्पताल परिसर लाया गया था, जहां उनकी हत्या हो गयी। मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने न्यायिक आयोग का गठन किया था, जिसने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपी है।

### मुख्तार अंसारी पर पांच दर्जन से ज्यादा चल रहे थे मुकदमे

**लखनऊ।** मुख्तार अंसारी को बीते 17 महीनों में सात मामलों में अदालत से सजा सुनाई जा चुकी थी। मुख्तार के खिलाफलंबित 65 मुकदमों में 20 में अदालत में सुनवाई जारी थी। वाराणसी की अदालत ने अवधेश राय हत्याकांड में मुख्तार अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अंसारी को फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में भी उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। यहीं की अदालत ने कोयला व्यवसायी नंद किशोरी रूंगटा के भाई महादेव रूंगटा को धमकी देने के मामले में भी सजा दी गई थी। गैंगस्टर के चार मामलों में उसे सजा हुई थी।मुख्तार अंसारी के खिलाफसजा का सिलसिला 21 सितंबर 2022 को शुरू हुआ था। लखनऊ के आलमबाग थाने में वर्ष 2003 में दर्ज जेलर को धमकाने के मुकदमे में मुख्तार को एडीजे कोर्ट ने आरोप मुक्त कर दिया था। हालांकि सरकार ने इसे 27 अप्रैल 2021 को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इसी मामले में उसे पहली बार सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई दी थी। इसके बाद 23 सितंबर, 2022 को लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में पांच वर्ष की सजा मिली थी। 29 अप्रैल, 2023 को गाजीपुर में ही दर्ज गैंगस्टर एक्ट के एक अन्य मामले में दस वर्ष की सजा सुनाई गई थी।

### राज्य के भीतर संचालित पाबन्द किए गए 12,54,167 लोग

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्चनको लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1847 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गये हैं। पुलिस विभाग द्वारा 4,53,311 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये।

# यूपी मदरसा बोर्ड के मामले में हाईकोर्ट का फैसला अफसोसजनक : अफाक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय सामाजिक कार्य कर्ता संघ के संयोजक मुहम्मद अफाक ने यूपी मदरसा बोर्ड को असंवैधानिक घोषित करने वाले फैसले पर अफसोस जताया और कहा कि हाईकोर्ट ने यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट को असंवैधानिक करार दिया है। हालांकि इस फैसले का असर सभी पर पड़ेगा। सार्वजनिक और निजी मदरसों सहित सभी का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

उन्होंने कहा कि अब संपर्दयेक ताकतें यूपी के सिर्फअनुदानित मदरसों को ही नहीं बल्कि सभी मदरसों को बंद करने की साजिश में लग जायेंगे। इसलिए मैं सभी मदरसों के पदाधिकारियों से अपील करता हूं कि बिना समय बर्बाद किये एक मजबूत कार्ययोजना तय करें और मिलजुल कर ईमानदार युवा मुस्लिम मदरसों के विद्वान वकीलों का चयन करें और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटायें। मदरसों के माध्यम से कमाई करने वाले दलालों से छुटकारा पाएं, क्योंकि अगर दलाल सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गए, तो आखिरी उम्मीद भी खत्म हो जाएगी! सांप्रदायिक ताकतें भविष्य में भारत में वही तरीका अपनाने की योजना बना रही हैं जो इस से पहले इस्पैन ने किया है। अंत में उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात है कि धार्मिक मदरसों को खत्म करने की इतनी बड़ी योजना के खिलाफ बड़े-बड़े मदरसों के बड़े-बूढ़े भी कुछ नहीं बोल रहे हैं, सो रहे हैं, चूं तक नहीं कर रहे हैं। मैं पूरे देश के मदरसों की जिम्मेदारों से अपील करता हूं कि वे संविधान के मुताबिक इस मामले में एकजुट हों और पूरी ताकत से संवैधानिक लड़ाई लड़ें।

# डीएम ने दिए नेहरू स्टेडियम से अतिक्रमण हटाने के आदेश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



- नायब तहसीलदार के नेतृत्व में बनाई टीम,
- 31 मार्च तक मांगी रिपोर्ट

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद के नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार के पास हो रहे अनाधिकृत निर्माण को रोककर सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने के आदेश जारी किए हैं। उप जिलाधिकारी सदर को इस कार्यवाही को सुनिश्चित करने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। डीएम ने स्पष्ट किया है कि उप जिलाधिकारी सदर को नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गठित कर आगामी 31 मार्च तक कार्यवाही सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार साइड की बाउन्ड्रीवाल तथा रोड के मध्य रिक्त भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अनधिकृत रूप से निर्माण गतिविधियां किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी। इस संबंध में उप जिलाधिकारी सदर को उक्त प्रकरण में तत्काल जांच कराते हुए स्टेडियम अथवा रोड साइड की भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, यदि किसी व्यक्ति द्वारा रोड साइड में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया गया हो अथवा वर्तमान में किया जा रहा है, तो तत्काल रुकवाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त करने की कार्यवाही की जाए। उप जिलाधिकारी सदर के साथ ही क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी को इस प्रकरण में सक्रियता बरतने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने साफ किया है कि क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी स्टेडियम परिसर तथा बाहरी हिस्से की निगरानी करते हुए यहां पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा न होने दें। यदि, अवैध कब्जों के संबंध में कोई प्रकरण सामने भी आता है तो वह इसकी सूचना जिला प्रशासन और पुलिस के स्थानीय अधिकारियों को तत्काल प्रेषित करते हुए व्यक्तिगत रूप से अवगत करायें।

## अभ्यर्थियों को प्रकाशित कराना होगा अपना अपराधिक रिकार्ड

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव लड़ने वाले आपराधिक पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों को लेकर केन्द्रीय चुनाव आयोग काफी गम्भीर है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार उम्मीदवार और संबंधित राजनैतिक दल अभ्यर्थी के विरुद्ध लंबित तथा प्रचलित आपराधिक मामलों को व्यापक रूप से प्रचलित समाचार पत्रों में तीन बार प्रकाशित करेंगे। लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा या विधान परिषद के चुनाव में ऐसे उम्मीदवार जिनके विरुद्ध आपराधिक मामले या तो लम्बित हैं, या जिनमें दोष सिद्ध हो गए हैं, ऐसे मामलों को निर्वाचन क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रचलन वाले समाचार पत्रों में प्ररूप सी-1 में नाम वापसी की अन्तिम तारीख से लेकर मतदान होने की तारीख से दो दिन पहले तक कम से कम तीन अलग-अलग तिथियों में प्रकाशित करेंगे।

## बैंक के कर्मचारी नगदी आवागमन के दौरान रखे पहचान पत्रव साक्ष्य

गुरूवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण को लेकर एलडीएम एवं बैंको के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन संपन्न होने तक सभी खातों पर निगरानी रखी जाए। यदि किसी खाते में संदेहास्पद लेनदेन हो उस पर विशेष नजर रखी जाए। निर्वाचन के दौरान सभी अभ्यर्थियों का अलग खाता खोला जाएगा उस खाते में होने वाले लेनदेन पर निगाह रखी जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि बैंक के अधिकारी व कर्मचारीगण नगदी के आवागमन के दौरान अपने साथ पर्याप्त साक्ष्य रखें। जनपद में उड़न दस्ता टीम द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही है। बैंक के कर्मचारी अपना पहचान पत्र अवश्य रखें जिससे एफएसटी टीमों उनकी पहचान कर सके। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, समस्त एसडीएम संबंधित आधिकारी उपस्थित रहे।

# मिश्रौलिया ओवर ब्रिज के गड्ढे हादसे को दे रहे दावत

- ब्रिज के दोनों साइड मानक विहीन सड़क बनाकर जिम्मेदारी से मुक्त हो गया सार्वजनिक निर्माण विभाग

**नरेंद्र लाल गुप्ता**



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** यहां हम आपको मिश्रौलिया ओवर ब्रिज के दोनों साइड की बात बता रहे हैं जिसमें एसआर पेट्रोल पंप के ठीक सामने सड़क धँस गई है गड्ढा बन गया है कभी भी कोई घटना घटित हो सकती है वही उत्तर साइड में त्रिकुटा अस्पताल के ठीक बाद में किसी मकान के छत पर सड़क बना दिया गया है जो जानलेवा गड्ढा दिखाई भी पड़ रहा है फिर भी प्रशासन इन गड्ढों से अनजान बना हुआ है आए दिन कोई ना कोई वाहन इसका शिकार हो जाता है लोग चोटिल हो जाते हैं कहने का तात्पर्य है की सड़क तो आनन-फानन में सार्वजनिक निर्माण विभाग ने बना दिया किंतु शासन की मंशा है की गड्ढा मुक्त सड़क हो जिससे प्रदेश में लोगों को आवागमन में कोई दिक्कत ना आने पाऐ किंतु गोंडा जिले में जी ब्रिज का उद्घाटन मुख्यमंत्री आदित्यनाथ जी ने बटन दबाकर किया है हम उसी ब्रिज की बात कर रहे हैं जहां ऊपर से तो जाने के लिए ठीक रास्ता बना है किंतु नीचे दोनों साइड में जानलेवा गड्ढे बने हुए हैं अगर प्रशासन जल्द ही इस पर संज्ञान नहीं लेता है तो किसी दिन कोई बहुत बड़ी दुर्घटना हो जाएगी और फिर जिला प्रशासन हाथ मालकर पछताता रहेगा।

# उप गन्ना आयुक्त ने बुआई का लिया जायजा



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

उप गन्ना आयुक्त देवीपाटन डॉ. आर.बी.राम ने बजाज चीनी मिल कुंदुरखी के यूनिट हेड पी.एन. सिंह के साथ गन्ना विकास परिषद चिलवरिया के शेखापुर, पूरे शिव सहाय व गंगवल आदि ग्रामों का भ्रमण कर वसंतकालीन बुवाई का जायजा लेते हुए किसानों को आवश्यक सुझाव दिए। भ्रमण के समय ग्राम शेखापुर के कृषक विशाल सिंह के प्लॉट में को.15023, को. 0118 व कोलख.14201 प्रजाति के गन्ने की ट्रेंच विधि से दोहरी लाइन में बुवाई की जा रही थी। उप गन्ना आयुक्त ने पूरे शिव सहाय ग्राम के अमूल गिरी तथा गंगवल के किसान कृष्ण कुमार सिंह के प्लॉट में भी हो रही गन्ना बुवाई का भी अवलोकन किया। भ्रमण के समय उन्होंने रेडरॉट से प्रभावित को. 0238 प्रजाति की बुवाई न करने एवं ट्राइकोडरमा से भूमि उपचार करने की सलाह दी। साथ ही चीनी मिल के अधिकारियों को इस बार क्षेत्र में 20 प्रतिशत अधिक बुआई के भी निर्देश दिए। भ्रमण के समय राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक अखिलेश चतुर्वेदी, चीनी मिल के विष्णु प्रताप सिंह, शिव पाल यादव तथा जीत बहादुर आदि उपस्थित रहे।

# शराब पर वसूली जा रही ओवररेटिंग, उपभोक्ता त्रस्त

- जिला आबकारी अधिकारी के फोन को सेल्समैन ने नहीं दी तवज्जो

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




ओवररेटिंग पर बोले आबकारी अधिकारी आखिर क्यों परेशान कर रहे हो जनता को यह प्रकरण है होली के 1 दिन पहले का रोडवेज बस स्टॉप के पास इंग्लिश वाइन की दुकान पर जब कुछ लोगों ने शराब खरीदने की कोशिश की तो सेल्समैन ने कहा 310 की शराब है रु. 10 त्यौहारी ले रहा हूं रुपये 320 की शराब हो गई इस पर जब दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार ने आबकारी अधिकारी राजेश सिंह से वार्ता की और बताया कि आप तो कह रहे हैं कि ओवररेटिंग जिले में कहीं नहीं है किंतु रोडवेज बस स्टॉप की दुकान पर ओवररेटिंग लिया जा रहा है इस पर जब आबकारी अधिकारी से सेल्समैन की बात कराई गई तो उन्होंने कहा की क्यों परेशान कर रहे हो तुम लोग मैं जिला आबकारी अधिकारी बोल रहा हूं इतना सुनते ही सेल्समैन ने फोन कट कर दिया और जिला आबकारी अधिकारी की हनक धरी की धरी रह गई ऐसे में एक बात तो साफ नजर आ रही है कि शराब की दुकान पर ओवररेटिंग हो या भांग की दुकान पर चिप्पड़ बिक्री की बात हो इसमें कहीं न कहीं जिला आबकारी अधिकारी के संज्ञान में बात अवश्य है क्योंकि जिस प्रकार उन्होंने फोन पर सेल्समैन से बात किया और सेल्समैन ने फोन कट कर दिया इससे तो यही समझ में आता है कि जब से आगरा से तबादला होकर राजेश सिंह जिला गोंडा का चार्ज संभाले हैं तब से भांग की दुकानों पर चिप्पड़ और अन्य सामान की बिक्री बढ़ गई है वहीं शराब की दुकानों पर धड़ल्ले से ओवररेटिंग लिया जा रहा है।

## सिगरेट न पिलाने पर मारपीट कर किया घायल

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** सिगरेट ना पिलाने से नाराज दबंगों ने एक युवक को गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाना राठ में शिकायत कर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

नगर के लुधियातपुरा मुहल्ला निवासी प्रशांत कुमार पुत्र प्रेमचंद ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने घर के पास चौराहे में खड़ा होकर सिगरेट पी रहा था। तभी मुहल्ला के ही चार युवक उसके पास आए और उसे सिगरेट पिलाने के लिए कहने लगे। जब उसने सिगरेट पिलाने से मना कर दिया तो नाराज चारों युवकों ने गालियां देते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसे घायल कर दिया। थाना राठ पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

# दूसरे की खबर का तथाकथित पत्रकार बनकर उठा रहे फायदा, कर रहे अवैध वसूली

**तरबगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

तरबगंज थानाक्षेत्र में अबैध तथाकथित पत्रकार का अबैध वसूली का धन्धा जोर शोर से चल रहा है जहाँ दूसरे की लिखी खबर को निकालकर अबैध वसूली करते है जिससे क्षेत्र में त्राहि त्राहि मची हुई है।

बताते चले की तरबगंज थानाक्षेत्र में तथाकथित पत्रकार की पौ बारह है जहाँ दूसरे की लिखी खबर निकालकर आरोपित प्रधान, कोटेदार, डाक्टर, मास्टर आदि के न. पर भेज देते है बाद में फोन से बात कर पैसा तय करते है और अबैध वसूली शुरू कर देते है जिससे क्षेत्र ग्रामप्रधान, डाक्टर, मास्टर परेशान है और पूरे क्षेत्र में त्राहि त्राहि मची हुई है। एक ग्रामप्रधान ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया की हमारे खिलाफ एक खबर चली थी जिसे क्षेत्र के तथाकथित पत्रकार ने हमारे पास भेजी बाद में फोन कर रूपये की माँग करने लगे रूपया देने में जब असमर्थता जताई तो धमकी देने लगे और कहा की तुम्हारी खबर कई चैनलो पर चलवा कर बदनाम कर दूगाँ या तो रूपया देदो जिसकी रिकार्डिंग हमारे पास मौजूद है समय आने पर वायरल कर दूगाँ। अब सवाल ये उठ रहा है की क्या यैसे तथाकथित पत्रकार देश के चौथे स्तंभ को बदनाम करने पर तुले हुए है जो बहुत ही चिन्ता का विषय बना हुआ है इन्ही पत्रकार के कारण असली पत्रकार भी परेशान है जगह जगह उत्पीड़न हो रहा है अगर समय रहते अंकुश नही लगाया तो स्थिति भयावह हो सकती है।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस की दबंगई से हलकान अधिवक्ता का परिवार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** आचार संहिता लगने के साथ ही पुलिस की दबंगई थामने का नाम नहीं ले रही है, जिनके कंधे पर जिले के कानून व्यवस्था का भार होता है, वो खुद ही इसकी धज्जी उड़ाते दिख रहे हैं। सिविल कोर्ट के अधिवक्ता अमित दुबे के मालवीय नगर स्थित घर पर विगत तीन दिन से पुलिस वाले लगातार दबिश दे रहे हैं, दबिश देने की कोई वजह नहीं बता रहे हैं। अधिवक्ता अमित दुबे के घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज में पुलिस वालों की दबंगई कैद हुई है। अधिवक्ता अमित दुबे ने बताया की बुधवार की शाम को नशे में धुत पांडेय बाजार में तैनात सिपाही आदर्श तिवारी मिशन हॉस्पिटल के पास उनके छोटे भाई शिवांश दुबे से मोटर साइकिल खड़ी करने को लेकर बहस हो गई, नशे में धुत सिपाही आदर्श दुबे ने शिवांश को भद्दी भद्दी गालियां दी, योगिराज में सभ्य आदमी पुलिस से उलझने की गुस्ताखी नही करता है। शिवांश ने भी इसे अनसुना कर दिया। लेकिन अगले ही दिन सिपाही पूरी तैयारी करके शिवांश के मालवीय नगर स्थित घर पर आ धमकता है, और घर वालों के साथ अभद्रता करता है, घर में छोटे छोटे बच्चे एवम महिलाएं सभी दहशत में है। वो शिवांश दुबे को हाजिर करने को कह रहा है, लेकिन यह नही बता रहा है की उसका गुनाह क्या है? अगर कोई गुनाह शिवांश ने किया है, तो मुकदमा दर्ज करके विधिवत कार्यवाही कीजिए लेकिन इस तरह से घर पर लगातार भारी संख्या में आकर घरवालों को भयभीत करना कानून सम्मत नही है। बुधवार की रात सिपाही जो की खुद नशे में धुत था, उसने उस दिन केवल धमकी और गाली गलौज किया था, कोई कार्यवाही इसलिए नही किया क्युकी उसे इस दिन मेडिकल होने पर शराब सेवन की बात सामने आने का डर था, अन्यथा वो उसी दिन मेरे भाई के साथ मारपीट करके मुकदमा दर्ज करवाता। फिलहाल अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर पुलिस द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न की शिकायत किया है।

### कैटर्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश

- जनपद में पुलिसिंग शिथिल होने से लगातार संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने का सिलसिला जारी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र धानेपुर अंतर्गत एक गांव में कैटरर्स का काम करने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी फैल गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र नवाबगंज अंतर्गत पर्वती गांव निवासी 25 वर्षीय सूरज का शव जनपद के ही थाना धानेपुर के उजैनी कला गांव में मिलने से शुक्रवार की सुबह सनसनी फैल गई। आनन फानन में ग्रामीणों ने शव की सूचना थाने पर पहुंचाई तो पुलिस ने मौका निरीक्षण करते हुए आसपास के लोगों से पहचान करा कर मृतक के परिजनों को सूचित करके शव का पंचायत नामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक सूरज के संबंध में परिजनों ने बताया कि सूरज काफी दिनों से कैटरर्स का काम करता है तथा खाना बनाने के लिए दूर-दूर तक आना-जाना होता है। उसी संबंध में गुरुवार को दिन में वह घर पर यह बताकर निकला कि खाना बनाने जा रहा हूं। लेकिन शुक्रवार की सुबह हम लोगों को सूरज के शव मिलने की जानकारी मिली तो आवाक रह गए। परिजनों ने बताया कि उज्जैनी कला गांव में ही मृतक सूरज की बुआ का घर भी है।लेकिन उन लोगों को मृतक के आने की कोई जानकारी नहीं थी। जिससे घटना की सूचना पाते ही आसपास लोगों सहित दर्जनों की संख्या में परिजन और गांव के लोग घटना स्थल पर पंहुच गए। वहीं मृतक के परिजन संजय मौर्या ने बताया कि मृतक सूरज का विवाह 05 वर्ष पूर्व हुआ था।लेकिन कोई संतान नहीं थी। मामले में थाना अध्यक्ष धानेपुर ने बताया कि एक युवक का शव पाया गया है। कब्जे में लेते हुए पंचायत नया भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं है। तहरीर मिलते ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के अनुसार कार्यवाही की जाएगी जांच पड़ताल हो रही है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली दीवार तोड़ मकान के अंदर घुसी

**चालक बाल-बाल बचे मकान मालिक और**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात के हुजूरपुर रोड पर इंडियन गैस एजेंसी से थोड़ा आगे राजेश पाठक का मकान स्थित है। शुक्रवार सुबह एक ट्रैक्टर ट्रॉली सवार तेज रफ्तार में हुजूरपुर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर ट्रॉली दीवाल में जा घुसा। दीवार के निकट बैठे मकान मालिक और चालक बाल बाल बच गया। जेसीबी से पुलिस ने ट्रैक्टर को बाहर निकलवाया। देहात कोतवाल बीके मिश्रा ने बताया कि आटो को बचाने के चक्कर में हादसा हुआ। तहरीर मिलने पर चालक के विरुद्ध कार्वाई की जायेगी।

## ताइक्वांडो खिलाड़ी नव्या अब साई हॉस्टल लखनऊ में लेंगी प्रशिक्षण, परिजनों में खुशी की लहर



बहराइच, समृद्धि न्यूज। इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में ताइक्वांडो का प्रशिक्षण ले रहे नव्या सिंह का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण (नेशनल सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस) लखनऊ हॉस्टल के लिए हुआ है। वह ताइक्वांडो प्रशिक्षक मनीष कुमार बघेल की देखरेख में प्रशिक्षण ले रही है। इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम की खिलाड़ी नव्या सिंह के चयन से बहराइच के ताइक्वांडो खिलाड़ियों में और उनके माता-पिता में खुशी है। जिले से पहली ताइक्वांडो खिलाड़ी नव्या है, जिनका चयन साई हॉस्टल के लिए हुआ है। इस चयन को लेकर नव्या सिंह ने बहराइच जिले में इतिहास रचने का काम किया है। अभिभावक उनकी प्रतिभा को पहचान कर सही दिशा में लगाने का कार्य किया। बहराइच जिले का नाम रोशन किया और वह अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है नव्या नेशनल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के लिए प्रतिभाग कर चुकी हैं। इस सफलता पर जिला उपक्रीड़ा अधिकारी अनुपमा धानुक,अभिषेक धानुक,फुटबाल प्रशिक्षक राकेश पासवान,खेलो इंडिया फुटबाल प्रशिक्षक विनोद कुमार बहराइच ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष निशंक त्रिपाठी और सचिव आलोक सिंह,सूर्य प्रताप पांडे, सागर आर्य,शौर्य प्रताप सिंह,आहट कनौजिया व नित्या पाठक ने बधाई दी।

# श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन सृष्टि की उत्पत्ति की कथा का बखान

**कथा व्यास सरिता यादव शास्त्री के सृष्टि उत्पत्ति की कथा प्रसंग में भाव विभोर हुए श्रृद्धालु**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



विकास खण्ड कैसरगंज के ग्राम कहरई में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन गुरुवार को कथा व्यास सरिता यादव शास्त्री ने सृष्टि की रचना के प्रसंग का वर्णन किया। उन्होने कहा कि पृथ्वी को पाताल लोक से लाने के लिए श्री हरि विष्णु ने वराह अवतार लिया। इसे सुन श्रद्धालु भाव विह्वल हो गए। कथा वाचक ने कहा कि सबसे पहले भगवान श्री हरि विष्णु की नाभि से कमल के फूल पर बैठे ब्रह्मा जी की उत्पत्ति हुई और भगवान श्री हरि विष्णु के आदेश के अनुसार ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की। उन्होंने मनु और सतरूपा की उत्पत्ति की। मनु और सतरूपा से पांच संतानें दो पुत्र और तीन कन्या हुईं। इसके बाद कहा कि एक दैत्य पृथ्वी को पातालपुरी ले गया और पृथ्वी को वापस लाने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु ने वराह अवतार लिया। कथा वाचक शास्त्री सरिता यादव ने श्रीमद् भागवत कथा के दौरान युवाओं को माता-पिता की सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होने माता-पिता का अपने पुत्र के प्रति त्याग एवं समर्पण को दर्शाया। कथा के दौरान कथा व्यास सरिता यादव शास्त्री द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसे सुन कर श्रद्धालु झुम उठे भक्त रसपान में मुख्य यजमान प्रेमराज यादव ग्राम प्रधान सुरेश यादव, धर्मराज कोटेदार, रामबहादुर यादव, केशवराम, परशुराम, लालविक्रम यादव, सन्तोष कुमार, श्रीकान्त, उमाप्रसाद, रमेश यादव, बुधई, रत्तीपाल, लालजी, प्रेम प्रकाश, रामसिंह, विजय कुमार सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## 6 माह से बेटे की तलाश में दर-दर भटक रही मां

**गुमशुदगी का केस दर्ज कर शांत बैठ गई रामगांव थाने की पुलिस**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के भयापुरवा टेडिया गांव निवासी एक महिला अपने बेटे की तलाश में दर दर भटक रही है। लेकिन नामजद तहरीर देने के बाद भी पुलिस छह माह से युवक को बरामद नहीं कर पा रही है। वृद्ध महिला बेटे की बातामदगी के लिए डीएम और एसपी के दफ्तर में चक्कर लगा रही है।रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भयापुरवा टेडिया गांव निवासी कृष्णा देवी पत्नी सुरेश कुमार सिंह शुक्रवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी को शिकायती पत्र देने पहुंची। लेकिन अवकाश होने के चलते महिला डीएम से मुलाकात नहीं कर पाई। महिला का कहना है कि उसका बालिग पुत्र प्रभाकर सिंह 29 सितंबर 2023 को लापता हो गया किसकी सूचना उसने थाने पर दी थी। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर मामले को शांत कर दिया। महिला का कहना है कि उसका बेटा अपनी पत्नी से विवाद के बाद गायब हो गया था, लेकिन पुलिस अभी तक खोजबीन नहीं कर सकी है। उसका कहना है कि गांव निवासी ननकु साहू, गोबरे साहू, अरविंद सिंह और अशोक सिंह इसी का फायदा उठाकर बेटे को कहीं लेकर चले गए हैं। ऐसे में वृद्ध महिला अपनी पथराई आंखों से न्याय की उम्मीद लेकर डीएम और एसपी कार्यालय में भटक रही है। महिला ने पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और जिलाधिकारी मोनिका रानी से बेटे को बरामद किए जाने की गुहार लगाई है।

# कतर्नियाघाट में सूखी ग्रास लैंड

- कैसे जिन्दा रहेंगे शाकाहारी वन्यजीव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




कतर्निया घाट वन्यजीव में शाकाहारी वन्य जीवों को खाने योग्य घास का प्रबंधन ग्रासलैंड में किया जाता है। लेकिन वर्षों से ग्रासलैंड बंजर मैदान में तब्दील है। ऐसे में जंगल में विचरण करने वाले शाकाहारी वन्यजीवों को कैसे भोजन मिलता होगा, यह सवाल लोगों के मन में उठ रहा है।

इतना ही नहीं शाकाहारी वन्य जीवों के जीवन पर संकट भी मंडराने लगा है। अब इनकी संख्या बहुत कम ही देखने को मिलती है।कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में शाकाहारी वन्य जीवों के पालन पोषण के लिए दो स्थानों पर ग्रासलैंड का प्रबंधन का कार्य हुआ था। सुजौली रेंज में स्थित स्टेट फार्म बगुलहिया में पांच हेक्टेयर जमीन में इसका प्रबंधन वर्ष 2014 में शुरू हुआ था। वर्ष 2020 में ग्रास लैंड विशेष प्रबंधन का कार्य कैंपा योजना के तहत हुआ था। इसके अलावा आंबा के निकट ग्रासलैंड स्थित है। लेकिन विशेष प्रबंधन पर वन विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके चलते ग्रासलैंड पूरी तरह से बंजर जमीन में तब्दील हो गया है। शाकाहारी वन्य जीवों को खाने के लिए घास नहीं मिल रहा है। भोजन की उपलब्धता न होने से शाकाहारी वन्य जीवों की संख्या भी घट सकती है। क्योंकि खरगोश, हिरण, काकड़, मोर समेत अन्य छोटे वन्यजीव घास के भोजन पर ही आश्रित हैं। लेकिन वर्तमान समय में ग्रास लैंड की जो स्थिति है, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जंगल में ग्रास लैंड के लिए जमीन और बोर्ड ही बचा है। बाकी कोई प्रबंधन विभाग की ओर से नहीं किया जा रहा है। इसका नतीजा है कि जंगल में अब शाकाहारी वन्य जीव झुंड में नहीं दिखते हैं। जबकि पांच से छह साल पहले यह झुंड में दिखते थे। मालूम हो कि ग्रासलैंड में शाकाहारी वन्यजीव को खाने के लिए घास और खर पतवार का उन्मूलन कार्य होता है। जिससे शाकाहारी वन्य जीवों को उनका भोजन मिल सके।

वर्षो से नहीं हुई हैरो से जुताई ग्रासलैंड में वन्यजीवों के लिए तैयार होने वाले घास के लिए वन विभाग द्वारा उन्मूलन कार्य कराया जाता है। इसमें नई घास में कल ले आए, इसके लिए हाथों का कंट्रोल बर्निंग होता है और हैरो से जमीन की जुताई होती है। जिसके चलते बेहतर ग्रासलैंड तैयार होता है और शाकाहारी वन्य जीवों को चरने के लिए

"जंगल में शाकाहारी वन्य जीवों के लिए ग्रास लैंड का प्रबंधन हुआ है। घास भी मौजूद है। शाकाहारी जीवों को भोजन के लिए कोई समस्या नहीं है।"

**बी शिवशंकर, डीएफओ**

# जुमे की नमाज व लोकसभा चुनाव को लेकर अलर्ट रही पुलिस

- एसडीएम सीओ ने थानाध्यक्ष के साथ किया संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को जुमे की नमाज व लोकसभा चुनाव पर सुरक्षा को लेकर पुलिस लोगों में विश्वास दिलाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

चुस्त-दुरुस्त कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए महसी एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह,सीओ अनिल कुमार सिंह, बौंडी थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने पुलिस बल और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ अतिसंवेदनशील खैराबाजार में फ्लैग मार्च किया। पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च कर लोगों को जुमे की नमाज व लोकसभा चुनाव को लेकर शांति व्यवस्था और सुरक्षा का एहसास कराया। शुक्रवार को बौंडी थाना क्षेत्र के अतिसंवेदनशील खैराबाजार, नौशहरा, साईगांव, जैतापुर, नंदवल, कोदही समेत विभिन्न गांवों में पुलिस बल व पैरामिलिट्री फोर्स की टीम ने मार्च किया। मुख्य सड़क, बाजार और भीड़भाड़ वाली जगहों पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की जांच भी की गई।

अतिसंवेदनशील खैराबाजार में महसी एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह व सीओ अनिल कुमार सिंह ने खैराबाजार में बने बूथ का निरीक्षण कर कस्बे के लोगों से बातचीत किया। एसडीएम ने कस्बे के लोगों से मतदान करने की अपील की। सीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टीका टिप्पणी न करें। आचार संहिता का उलंघन करने वालों पर कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। बौंडी थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि जुमे की नमाज व लोकसभा चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र के विभिन्न बाजार व गांवों में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया जा रहा है। इस मौके पर उप निरीक्षक अनुराग सिंह समेत पुलिस बल व पैरामिलिट्री फोर्स मौजूद रही।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत

- महिला अपने बच्चे और चाचा समेत चार लोगों के साथ बाइक से जा रही थी ससुराल से मायके
- महिला गंभीर रूप से घायल, चल रहा इलाज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

एक महिला अपने बच्चे और चाचा समेत चार लोगों के साथ बाइक से ससुराल से मायके जा रही थी। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। मौके पर महिला के पुत्र और चाचा समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि महिला घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमवापुर के मजरा चमारनपुरवा गांव निवासी सुरेश का विवाह खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बकैना के मजरा कोठार से हुआ है। सुरेश इस समय मुंबई में काम करता है। जिसके चलते होली में सुरेश की पत्नी मायके नहीं जा सकी थी।इस पर बृहस्पतिवार सुबह प्रीति देवी उर्फ सुमित्रा पत्नी सुरेश, अपने बेटे अंकित (6), चाचा आशाराम पुत्र छब्बर और परिवार के ही गंगाराम पुत्र लाखन, बेटी सजनी और ससुर मालती के साथ दो बाइक से मायके बकैना गांव के लिए रवाना हुए। एक बाइक पर आशाराम, गंगाराम, प्रीती और बेटा अंकित सवार थे। सभी लोग हरदी थाना क्षेत्र के राजीचौराहा मार्ग से 500 मीटर की दूरी पर पहुंचे। तभी रात आठ बजे तेज़ रफ्तार में ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि बालक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।उसे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तेज नारायण शुक्ला समेत गांव के अन्य लोगों की मदद से एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष, सीओ अनिल कुमार सिंह, एएसपी मौके पर पहुंचे। सभी ने जांच की। थानाध्यक्ष वीके सरोज ने बताया कि तीन लोगों की मौत हुई है। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। चालक फरार हो गया है, उसकी तलाश की जा रही है।

### और बच गई बेटी

महिला की तीन वर्षीय बेटी भी अपने मां के साथ जाने के लिए जिद कर रही थी। लेकिन जगह न होने पर महिला के ससुर मालती पोती सजनी को अपने साथ लेकर गए। वह धीरे धीरे वाहन चला रहे थे। जिसके चलते वह हादसे के समय काफी पीछे रहे और बेटी तथा ससुर की जान बच गई।

### सड़क पर बिखर गए अंग

हादसा इतना भीषण था कि शव के कई टुकड़े हो गए। बालक अंकित का शव सड़क पर पड़ा रहा। एक युवक का हाथ अलग कटकर सड़क पर बिखर गया। जबकि एक मृत युवक पास के खेत में जा गिरा।

# तीन दिन शोक के बाद होली के रंग में रंगे डलमऊवासी

- तीन दिन का शोक मनाने के बाद शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ खेली गई डलमऊ में होली
- ढोल नगाड़ा की धुन पर रंग गुलाल उड़ाते हुए होली खेलते नजर आए बच्च, युवाओं व युवतियों की टोलियां
- फाग गायन की टीमों द्वारा घर-घर जाकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए दी गई होली की बधाइयां



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लगभग 500 वर्ष पूर्व होली के दिन डलमऊ के किले पर प्रजा वत्सल और वीर पराक्रमी तत्कालीन राजा डलदेव की युद्ध में वीर गति को प्राप्त होने की घटना की याद को ताजा करते हुए होली के दिन से 3 दिन का शोक मनाने के बाद शुक्रवार को डलमऊ कस्बे के साथ आसपास के 28 गांव के लोगों द्वारा हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाया गया और आपसी सौहार्द और भाईचारा के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए होली की बधाइयां दी गई

शुक्रवार को सुबह से ही बच्चों की टीमों द्वारा रंग बिरंगी पिचकारियों के साथ एक दूसरे पर रंग डालते हुए होली का पर्व प्रारंभ कर दिया और देखते ही देखते युवक युवतियो के साथ लोग घर से निकल कर टीमों के रूप में ढोल नगाड़ा की धुन पर नाचते गाते एक दूसरे के घर जाकर रंग और अभी गुलाल लगाते हुए होली का पर्व मनाया गया बच्चों ने रंग बिरंगी पिचकारियों से एक दूसरे पर रंग डाला तो किसी ने रंग और अभी गुलाल लगाकर होली मनाई गई वहीं युवाओं द्वारा जगह-जगह कपड़ा फाड़ होली भी मनाई गई लोगों द्वारा देर रात तक एक दूसरे के घर जाकर एक दूसरे को अमीर और गुलाल लगाकर आपसी भाईचारा और सौहार्द के साथ आपस में गले मिलते हुए होली की बधाइयां दी और विभिन्न प्रकार के पकवानों का आनंद लिया ग्रामीण क्षेत्रों में फाग गायन की टीमों द्वारा घर-घर जाकर ढोल मंजीरे की धुन में फाग गीतों के साथ एक दूसरे को अमीर गुलाल लगाकर आपस में गले मिले

चुनावी आचार संहिता लागू होने के चलते क्षेत्रीय प्रशासन द्वारा तेज आवाज में बजने वाले डीजे पर पाबंदी लगाने के बावजूद डलमऊ कस्बे के साथ पूरे बघेलन सूरजूपुर नेवाजगंज पूरे रेवती सिंह आफताब नगर सराय दिलावर आदि के साथ 28 गांव के लोगों द्वारा ढोल नगाड़े की धुन पर नाचते गाते और अभी गुलाल उड़ाते हुए खूब धमाल किया गया होली का रंग थमने के बाद महिलाओं और पुरुष की टीमों द्वारा एक दूसरे के घर जाकर अमीर और बड़ा लगाते हुए होली की बधाइयां दी गई और घरों में बने पकवान का आनंद लिया इसी क्रम में कस्बे में जगह-जगह होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि शांत पूर्ण ढंग से होली का पर्व मनाया गया किसी प्रकार की कोई अपनी घटना नहीं हो सकी।

# भट्ठे से निकलते समय दंपति पर गिरी गर्म ईंट की दीवार, पति-पत्नी झुलसे

**गुरबक्शगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली में भठ्ठे के अंदर से ईंट निकलते समय भर-भरा कर गिरी गर्म ईंट की दीवार, दीवार से गिरने से भठ्ठे के अंदर काम कर रहे दंपति झुलसे दोनों पति पत्नी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती मामला गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत दूलारायगढ़ी गांव के पास स्थित श्री भट्ठा का है एक भट्टे के अंदर से ईंट निकलते समय ईंट की गर्म दीवार भर-भरा कर दंपति के ऊपर गिर पड़ी जिसकी चपेट में आने से सुकबाई व उनके पति तेजराम निवासी छत्तीसगढ़ गंभीर रूप से झुलस गए स्थानीय लोगों की मदद से घायल दंपत्ति को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य के लिए जाया गया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।



> 108 एम्बुलेंस से जतुआ टप्पा सीएससी गंभीर रूप से घायल अवस्था में दंपति आए हैं, जिनके नाम सुकबाई 23 साल और तेजीराम था जिनकी उम्र 30 साल है। दंपति एक ईंट-भट्ठा पर मजदूर का काम करते हैं। आज यानि शुक्रवार सुबह ईंड भट्ठा से ईंट निकालते समय हादसे का शिकार हो गए। फिलहाल दोनों घायलों का इलाज किया जा रहा है।
>
> *डॉ. एसके सिंह, (ईएमओ जिला अस्पताल रायबरेली)*

## खबरें एक नजर में

### दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी की एसपी से लगाई गुहार

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** ललपुरा थाना क्षेत्र के एक ग्राम में नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म करने के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परिवार भयभीत है। साथ ही आरोपी के परिवार वालों द्वारा मुकदमें में समझौता करने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। ललपुरा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक डा.दीक्षा शर्मा को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते दिसंबर माह में गांव के ही दो आरोपियों ने नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म किया था। मामले में ललपुरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी थी। लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तार नहीं हो सकी है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपियों के परिजन मुकदमें में राजीनामा करने का दबाव बना रहे है। राजीनामा न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। जिससे पूरा परिवार भयभीत है। पीड़िता ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की।

### पतारा व बिलौटा गांव में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड क्षेत्र के पतारा और बिलौटा गांव में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद शासन प्रशासन द्वारा मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे है। शुक्रवार को क्षेत्र के पतारा और बिलौटा गांव में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता की अध्यक्षता में विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग करें। मतदाता जागरूकता रैली में ब्लॉक मिशन प्रबंधक मयंक सिंह, ग्राम संगठन की अध्यक्ष संगीता सिंह, प्रधानाचार्य प्रियंका, विद्यालय का समस्त स्टाफ व आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा आदि मौजूद रहे।

### हाई अलर्ट के बाद भी मस्जिदों से गायब रहे पुलिसकर्मी

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत के बाद प्रदेश में हाई अलर्ट के बाद भी जुमे की नमाज के दौरान कस्बे की सभी मस्जिदों से पुलिस प्रशासन में नदारत रहा। फिलहाल किसी तरह की कोई बात कस्बे में नहीं हुई। सभी मस्जिदों में शांतिपूर्वक नमाज अदा की गई। गुरुवार की देर रात माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित करके धारा 144 लागू की गई थी। शासन के निर्देश थे कि जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों में विशेष सतर्कता बरती जाए। लेकिन कस्बे में यह सतर्कता नजर नहीं आई। सब्जी मंडी की जामा मस्जिद में दोपहर को महज एक होमगार्ड मौजूद था। वह भी बाहर सब्जी मंडी की दुकान में बैठकर गपशप कर रहा था। कस्बे की अन्य मस्जिदों का भी यह हाल था। सभी जगह से पुलिस प्रशासन गायब था। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि हर मस्जिद में एक सिपाही व एक होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई थी। ड्यूटी से गायब होने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

### जुमे की नमाज को लेकर बरती गई विशेष सतर्कता

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को हुई माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत और रमजान के तीसरे शुक्रवार के साथ ही पूरे प्रदेश में लागू निषेधाज्ञा के चलते कस्बे में जुमे की नमाज को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई और उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी की अगुवाई में अर्धसैनिक बलों के रूटमार्च निकाला गया और कस्बे की मुख्य मस्जिदों के आसपास भी पुलिस बल तैनात किया गया था। पवित्र माह रमजान के तीसरे शुक्रवार और पूरे प्रदेश में लागू निषेधाज्ञा के साथ ही गुरूवार की रात पड़ोसी जनपद बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में हुई माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर जहां पूरे प्रदेश में अलर्ट घोषित किया गया है तो उसी को देखते हुए उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र और क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी के नेतृत्व में अर्धसैनिक बलों के साथ कस्बे की मुख्य सड़कों पर फ्लैंग मार्च किया साथ ही कस्बे की मुख्य मस्जिदों के बाहर भी पुलिस बल तैनात किया था।इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से बात कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

### दादा ने लगाया नाती छीनने का आरोप

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** जहां एक ओर महिला उत्पीड़न का घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं तो वहीं अधिकांश घटनाओं में महिलाओं द्वारा ही उत्पीड़न करने के साथ ही महिला उत्पीड़न को हथियार के तौर पर प्रयोग किया जा रहा है।ऐसे ही एक मामले में अपने नाती का इलाज कराने अस्पताल आए दादा दादी से मां और उसके मायके वालों ने बच्चा छीन लिया पीड़ित ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम बिगहना निवासी सम्शुददीन पुत्र गुलारे खां ने कुनेहटा चौकी में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने अपने पुत्र नसीमुद्दीन का विवाह मौदहा में किया था तभी से उसकी बहू व उसके मायके वाले उन्हें परेशान किए हुए हैं जबकि उनका लड़का इण्दिरा गांधी हवाई अड्डे पर गाड़ी चलाता है।पीड़ित ने बताया कि उसका लगभग आठ लाख रुपए का जेवर भी ससुराल वाले नईम और बहू समरीन रखे हुए हैं।पीड़ित ने बताया कि वह लोग 26 मार्च को अपनी बहू समरीन को दिखाने अस्पताल आए थे तभी मासूम नाती को लडके के ससुराल वालों ने छीन लिया और गालियां दी।पीड़ित ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# रायबरेली में हाई अलर्ट, पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील इलाकों में किया पैदल मार्च




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मुख्तार अंसारी की मौत के बाद प्रदेश सरकार के द्वारा जारी हाई अलर्ट का असर रायबरेली में भी दिखाई पड़ा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने भारी पुलिस बल के साथ शहर के कई मोहल्ले में फ्लैग मार्च किया। पूरे जिले को 19 जोन व 5 सेक्टर में बांटा गया है। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद प्रदेश सरकार के द्वारा बुलाई गई बैठक में पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया था।

**सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी**

पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने पुलिस बल के साथ शहर के किला बाजार, कहारों का अड्डा, जहानाबाद चौकी व आदि संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सोशल मीडिया पर निगरानी की जा रही है। अगर कोई भड़काऊ पोस्ट या टिप्पणी करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस सुरक्षा लगा दी गई है और ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जा रही है।

# ग्राहक बुलाने पर पिता-पुत्र पर बगल के दुकानदार ने किया जानलेवा हमला

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

ग्राहक बुलाने की जरा सी बात पर एक पिता पुत्र पर बगल के दुकानदार ने जानलेवा हमला करके लहूलुहान कर दिया। गंभीर अवस्था में पिता पुत्र को जिला अस्पताल उपचार के लिये भर्ती किया गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

मामला शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम माधौखेड़ा मजरे कस्बा शिवगढ़ का है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित मो. आयूब पुत्र मो. यूसुफ निवासी ग्राम माधौखेड़ा कस्बा शिवगढ़ ने बताया कि उसकी मीट की दुकान के बगल में उसके परिवार के मो. सुलेमान पुत्र मो. यूसुफ की भी मीट की दुकान है। ग्राहक बुलाने को लेकर सुलेमान उनसे बहस करने लगा। अचानक से सुलेमान, चाँद और गुफरान से मुझे व मेरे लड़कों सलमान व रिहान को गाली देना शुरू कर दिया। हमने विरोध किया तो उक्त लोग हम सभी पर हमलावर हो गए और लाठी डंडो से मारने पीटने लगे और जान से मारने धमकी भी दे डाली। हमले में मुझे व मेरे बेटे को सिर पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में धारा 323, 504 व 506 के तहत सुलेमान, गुफरान व चांद निवासी माधोखेड़ा मजरे कस्बा शिवगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।




शिवगढ़ थाना अध्यक्ष श्याम कुमार पाल ने बताया कि घायल मोहम्मद अयूब पुत्र युसुफ की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं तीनों घायलों का मेडिकल कराकर आगे की कार्यवाही की जा रही है। मोहम्मद अयूब ने बताया कि मारपीट करने वाले सुलेमान, गुफरान, चांद के खिलाफ मामले का शिकायती पत्र दिया गया है और पुलिस से कार्यवाही की मांग की गई है।

## न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा। वादी मुबीन अहमद पुत्र बशीर अहमद निवासी ग्राम पूरे गुजरन मजरे पहरेमऊ थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 152 / 2024 धारा 279 / 337 / 338/ 304 भादवी बाबत वाहन संख्या यूपी 33 वाई 1230 स्कार्पियो चालक नाम पता अज्ञात के द्वारा तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए पेड़ में टक्कर मार देना जिसमें मोहम्मद अर्सलान भतीजा सुफियान खान गंभीर रूप से घायल हो गया था ?इलाज के दौरान मोहम्मद अर्सलान की मृत्यु हो गई तथा भतीजे का दाहिना हाथ कट गया बाएं हाथ में फैक्चर हो गया था जिसके संबंध में वाहन संख्या यूपी 33 वाई 12 30 चालक नाम पता अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।



# युवती का कमरे में मिला शव, दुष्कर्म कर हत्या का आरोप

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में उस समय हड़कम्प मच गया जब एक अकेली लगभग 22 वर्षीय किशोरी का उसके ही घर में संदिग्ध परिस्थितियों में नग्न अवस्था ने शव पाया गया ।

बताते चलें कि डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे छब्बा मजरे नरेंद्रपुर गांव में शुक्रवार को राजबहादुर की पुत्री 22 वर्षीय वेद कुमारी का शव उसके ही घर के कमरे में नग्न अवस्था में खून से लथपथ शव पाया गया जिसकी सूचना मिलते ही गांव में हड़कम्प मच गया किशोरी की बूढ़ी दादी निर्मला की माने तो जब वह शुक्रवार को सुबह लगभग आठ बजे वेद कुमारी घर से बाहर नहीं निकली तो उसने आवाज लगाना शुरू किया पर मृतका नहीं बोली बूढ़ी दादी को शक हुआ तो वह घर के अंदर पहुंची तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था दरवाजा खोलकर अंदर जैसे ही देखा तो उसके होश उड़ गए वेद कुमारी का शव कमरे के एक कोने में बिना कपड़े का खून से लथपथ पड़ा हुआ था दादी निर्मला ने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू किया तो आसपास के लोग पहुंचे जिससे इसकी सूचना डलमऊ पुलिस को दी गई घटना की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फारेंसिक टीम के साथ जांच पड़ताल शुरू कर दिया दामा कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है जांच की जा रही है।





## शांतिपूर्वक संपन्न हुई जुम्मे की नमाज

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शांतिपूर्वक संपन्न हुई जुम्मे की नमाज। महराजगंज कस्बे में स्थित मस्जिदों में जहां शांतिपूर्वक नमाज अदा की गई तो वही पहरेमऊ थुलवासा हरदोई हलोर सहित क्षेत्र में मस्जिदों में नमाज अदा की गई रमजान का पाक महीना चल रहा है वही आज जुम्मे के दिन रोजा रखने वाले एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की इस मौके पर प्रशासन भी अलर्ट नजर आया जगह-जगह पुलिस के जवान मौजूद रहे तो वहीं एसडीएम राजित राम गुप्ता क्षेत्राधिकारी यदुवेंद्र पाल और कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम सहित प्रशासन मुस्तैद रहा। माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत के बाद हाई अलर्ट के चलते पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी सक्रिय नजर आए।

# कड़ी सुरक्षा के बीच अदा हुई जुम्मे की नमाज



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत के बाद हाई अलर्ट के चलते पुलिस और प्रशासन मुस्तैदी के साथ चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा लगा हुआ हैद्य जिससे किसी प्रकार की अनहोनी घटना न हो सके, इसी क्रम में आज शुक्रवार को बछरावां कस्बे की महाराजगंज रोड स्थित मस्जिद तथा सबसे ज्यादा संवेदनशील थुलेंडी गांव में जुम्मे की नमाज भारी पुलिस बल व प्रशासन की मौजूदगी के बीच अदा की गई। इस मौके पर एसडीएम महाराजगंज राजित राम गुप्ता, याजुवेंद्र पाल क्षेत्राधिकारी महाराजगंज तथा इंस्पेक्टर विजेंद्र शर्मा सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। पूरे क्षेत्र में कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। सभी जगह पर धारा 144 लगे होने के कारण पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है।

# राइजिंग चाइल्ड स्कूल में हुआ भव्य ग्रेजुएशन समारोह

- ग्रेजुएशन गाउन और कैप पहनकर राइजिंग चाइल्ड के बच्चों ने मचाई धमाल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल परिसर में नन्हे-मुन्ने बच्चों का ग्रेजुएशन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों को वार्षिक परीक्षाफल भी प्रदान किए गए।

दो चरणों में संपन्न हुए ग्रेजुएशन समारोह की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राइजिंग चाइल्ड स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा प्रारंभ से ही हर बच्चे को मंच पर अवसर प्रदान कर बच्चों का बहुमुखी विकास किया जा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है। समारोह का उदघाटन वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमन्त सिंह, विद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह में उपजिलाधिकारी नवदीप शुक्ला, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी स्वर्ण सिंह, क्षेत्राधिकारी अजय यादव, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय श्रीवास्तव, पूर्व नगर शिक्षा अधिकारी प्रियंका सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शांति सिंह, डॉ. अमित श्रीवास्तव, डॉ. तरुण माहेश्वरी द्वारा बच्चों को मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरुस्कृत किया गया। शैव्या, तिश्या, अयंतिका, ओजस, आलिया, आराध्या, यथार्थ, आश्वी, आरोही, राघव, विहर्ष, मानवी, शौर्य, अंशिका, प्रतीक, आद्या आदि बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने कहा बदलते परिवेश में सभी बच्चों मे बहुमुखी प्रतिभा का विकास होना अब आवश्यक हो गया है, जिसके लिए विद्यालय कृत संकल्पित है।



प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में अनुसरणीय कार्य करने के लिए विवेक सिंह का अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम में सिद्धार्थ जैन, निशा सिंह, ज्ञानेन्द्र गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ऐना वर्मा और स्मृति बाजपेयी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# लोकसभा चुनाव : उड़नदस्ता टीमों को दिया प्रशिक्षण

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र निष्पक्ष पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण ढंग से पूर्ण कराये जाने एवं आदर्श आचार संहिता का कडाई से अनुपालन कराए जाने हेतु उडनदस्ता टीमों को कलेक्ट्रेट स्थित एपीजे अब्दुल कलाम सभागार मे वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष शुक्ला द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार ने उडनदस्ता टीमों को निर्देशित करते हुये कहा कि मेहनत से प्रशिक्षण पूर्ण करें ताकि आगे किसी समस्या का सामना न करना पडें। जिससे चुनाव शान्तिपूर्ण, भय मुक्त तथा निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराया जा सके। भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने हेतु तथा शिकायतों के निस्तारण हेतु ऑन लाइन सी विजिल, एप विकसित किया गया है। उक्त एप पर चुनाव की घोषणा की दिनांक के मतदान दिवस तक शिकायत अपलोड की जा सकती है। जिनका त्वरित निस्तारण सी विजिल पर प्राप्त शिकायत को अंकित कर 100 मिनट की समय अवधि मे नजदीकी एफ..एस.टी. टीम द्वारा किया जाता है। जनपद हमीरपुर मे विधान सभा 228 हमीरपुर एवं 229 राठ मे विधान सभावार उडनदस्ता टीमों का गठन किया गया है। जो प्रतिदिन 24 घंटे क्रियाशील है। ई.एस.एम.एस. पोर्टल पर भी सीजर की कार्यवाही से सम्बन्धित कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध मे सम्बन्धित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशो से अवगत कराया गया।




## युवक ने खाया जहर, हालत बिगड़ी

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** मानसिक तनाव में एक युवक ने आत्महत्या के इरादे से जहरीले पदार्थ खा लिया। जिसके उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राठ में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के पड़रा गांव निवासी कुंअरलाल पुत्र मक्कू रैकवार ने मानसिक तनाव के चलते जहरीले पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। जहर खाने के बाद जब कुंवरलाल की हालत बिगड़ी तब परिजनों को इसकी जानकारी हुई और लेकर अस्पताल भागे।

# डीएम, एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

डीएम अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने तथा शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु तथा जुमा की नमाज के अवसर पर शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पक्का तालाब चौराहे से नौरंगाबाद चौराहा, नौरंगाबाद चौराहा से कोतवाली से 22 ख्वाजा होते हुए नुमाइश चौराहे तक जनपद भ्रमण कर शुक्रवार जुमा की नमाज को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने जनमानस को शांत व सुरक्षित माहौल में लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने का संदेश दिया एवं लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने से रोकने हेतु अपील की गई एवं ड्यूटी में लगे अधिकारियों/ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त के उपरांत जिलाधिकारी महोदय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय ने प्राथमिक विद्यालय महोला विकास क्षेत्र सैफई एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय 1-8 कंपोजिट विद्यालय चकूपुर विकासखंड सैफई बूथों की व्यवस्था हेतु जायजा लिया। उन्होंने वहां पर बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बिजली, पानी, रैंप, सुरक्षा व्यवस्था, सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वहां पर उपस्थित सभी मतदान केन्द्रों पर ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों को मतदान निष्पक्ष ,निर्भीक एवं भय मुक्त होकर मतदान किए जाने हेतु जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कोई भी हिस्ट्री सीटर या अन्य अपराधी आपको परेशान करता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## घाटी की सुरक्षा का सवाल


इसमें दो राय नहीं कि देश की अखंडता को चुनौती और कानून व्यवस्था के गंभीर संकट के बीच सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा अस्तित्व में आया होगा। हालांकि, नागरिक स्वतंत्रता के अतिक्रमण और कई बार सुरक्षा बलों के अभियानों में चूक के चलते हुई जनक्षति के चलते इसकी सार्थकता को लेकर विमर्श देश में चलता रहा है। इसके खिलाफ लंबे आंदोलन भी हुए और नागरिक स्वतंत्रता से जुड़े संगठन इसका मुखर विरोध भी करते रहे हैं। यद्यपि देश की सरकारें इसे अराजकता व अतिवाद के उपचार के साधन के रूप में देखती रही हैं। बहरहाल, अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सामान्य होती स्थिति के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अफस्पा हटाने के संकेत का स्वागत ही किया जाना चाहिए। जिसके बाद नागरिक स्थलों की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस को सौंपा जा सकता है। निश्चित रूप से इसे घाटी में लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल करने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा सकता है। गृह मंत्री ने यथाशीघ्र इस केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराने व कानून व्यवस्था पुलिस को सौंपे जाने के संकेत दिये हैं। निश्चित रूप से घाटी में पिछले कुछ समय में कानून व्यवस्था में सुधार देखा गया है। सीमा पर कड़ी चौकसी और आतंकवादी संगठनों का वित्त पोषण करने वाले व्यक्तियों व संगठनों पर नकेल कसी गई है। कइयों की संपत्ति की कुर्की, गिरफ्तारी तथा बैंक खातों को सील करने की कार्रवाइयां हुई हैं। जिसके चलते अलगावादियों की गतिविधियों पर किसी हद तक अंकुश लगाने में कामयाबी मिली है। ऐसे में राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिये अनुकूल वातावरण बनता दिख रहा है। ऐसे में अफस्पा हटाने का कदम राज्य में विधानसभा चुनाव के अनुरूप राजनीतिक गतिविधियां आरंभ करने में सहायक साबित हो सकता है। वैसे भी नागरिक प्रशासन से जुड़े स्थानों पर सैन्य बलों की तैनाती लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना की दृष्टि से अच्छी नहीं कही जा सकती है। उम्मीद के अनुरूप गृहमंत्री अमित शाह की जम्मू-कश्मीर से अफस्पा हटाने की टिप्पणी का विभिन्न राजनीतिक दलों व वरिष्ठ नौकरशाहों ने स्वागत ही किया है। जो राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया आरंभ करने की दिशा में पहला व निर्णायक कदम माना जा रहा है। जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने से पहले वर्ष 2008 से 2018 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे सीनियर ब्यूरोक्रेट एन.एन. वोहरा का मानना है- 'जम्मू कश्मीर में विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा हटाकर कानून-व्यवस्था राज्य पुलिस को सौंपने का संकेत एक सार्थक पहल होगी। उन्होंने देश के उन अन्य क्षेत्रों में ऐसी पहल की जरूरत बतायी, जहां आंतरिक सुरक्षा के लिये लंबे समय से सैन्य बलों को तैनात किया गया है। उनका मानना है कि सार्वजनिक व्यवस्था बनाये रखना राज्य पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य है। जिससे सेना को उसके वास्तविक काम पर लौटने में मदद मिल सकेगी।' निश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिक अधिकारों की बहाली सत्ता की प्राथमिकता होनी चाहिए। सैन्य बलों की कार्यशैली में नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता को लेकर भी प्रश्न उठते रहे हैं। निश्चित रूप से नागरिकों से जुड़े कानूनी पहलुओं का क्रियान्वयन व कार्यशैली लोकतांत्रिक दृष्टिकोण की मांग करते हैं।

# आम चुनाव फासीवाद के आगमन के खिलाफ ऐतिहासिक लड़ाई

**नित्य चक्रवर्ती**

इस साल 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में होने वाले 18वें लोकसभा चुनाव ने 1951-52 में पहले लोकसभा चुनाव के आयोजन के बाद से भारत में संसदीय लोकतंत्र के पिछले 73 वर्षों के कामकाज में ऐतिहासिक महत्व प्राप्त कर लिया है। पिछले दस वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार ने भारतीय संविधान के मूल आधार को नष्ट कर दिया है और विपक्ष-मुक्त लोकसभा चुनावों की सुविधा के लिए अपने अधिनायकवाद को बढ़ाया है। इस श्रृंखला में नवीनतम है लोकसभा चुनाव से ठीक दो महीने पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय द्वारा एक पुराने आरोप में गिरफ्तारी और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खातों के संचालन पर रोग लगाना।

आयकर विभाग ने ऐसे समय में कांग्रेस के बैंक खातों के संचालन पर रोक लगाई है जब वह सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा, जिसके पास भारी मात्रा में धन है, के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए वित्त की व्यवस्था करने के लिए कठिन संघर्ष कर रही है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक तौर पर कांग्रेस मुक्त भारत की बात कही थी। अब वह खुले तौर पर विपक्ष मुक्त चुनाव के बारे में बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन पिछले पांच वर्षों में उनकी सरकार के कार्यों के कारण केंद्र में सत्तारूढ़ दल भाजपा और उसके विरोधी दलों के बीच समान अवसर खत्म हो गये हैं। फासीवादी राज्य के उभरने के ये चेतावनी संकेत हैं और अगर 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा तीसरी बार केंद्र में सत्ता हासिल करती है तो यह प्रक्रिया तेज हो जायेगी। इस तरह, आने वाले चुनावों ने विपक्षी इंडिया गुट और समाज की अन्य सभी ताकतों, जो भारत में सत्तावाद और लोकतंत्र के क्षरण के खिलाफ हैं, के लिए एक बड़ी चुनौती पेश की है।



**2019 के लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार तृणमूल कांग्रेस की सदस्य बनीं महुआ मोइत्रा ने अपने संबोधन में फासीवाद के सात चेतावनी संकेतों का जिक्र किया था, जो उन्होंने अमेरिका के होलोकॉस्ट म्यूजियम में पढ़े थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरी बार बनी सरकार के शासन के तहत भारत में उन चेतावनी संकेतों के शुरुआती संकेतों का उल्लेख किया था। आज, 2024 के लोकसभा चुनावों की पूर्व संध्या पर, महुआ मोइत्रा के उस संबोधन के पांच साल बाद, संकेत कहीं अधिक स्पष्ट हैं। यह अधिनायकवाद का अंतिम चरण हो सकता है और जब तक इसे प्रभावी ढंग से नहीं रोका जाता, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार के शासन के दौरान फासीवाद के पहले चरण का कारण बन सकता है।**

2019 के लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार तृणमूल कांग्रेस की सदस्य बनीं महुआ मोइत्रा ने अपने संबोधन में फासीवाद के सात चेतावनी संकेतों का जिक्र किया था, जो उन्होंने अमेरिका के होलोकॉस्ट म्यूजियम में पढ़े थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरी बार बनी सरकार के शासन के तहत भारत में उन चेतावनी संकेतों के शुरुआती संकेतों का उल्लेख किया था। आज, 2024 के लोकसभा चुनावों की पूर्व संध्या पर, महुआ मोइत्रा के उस संबोधन के पांच साल बाद, संकेत कहीं अधिक स्पष्ट हैं। यह अधिनायकवाद का अंतिम चरण हो सकता है और जब तक इसे प्रभावी ढंग से नहीं रोका जाता, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार के शासन के दौरान फासीवाद के पहले चरण का कारण बन सकता है। होलोकॉस्ट संग्रहालय के पोस्टर में उल्लिखित पहला चेतावनी संकेत अति राष्ट्रवाद था जो देश को विभाजित करता है। महुआ ने 2019 में उल्लेख किया था कि कैसे हाल ही में पारित सीएए आबादी के एक वर्ग के बीच आतंक पैदा कर रहा है। पांच साल बाद, सीएए प्रावधानों को कार्यान्वयन के लिए अधिसूचित किया गया है और दस्तावेजों की कमी के कारण अल्पसंख्यकों के एक अच्छे वर्ग की नागरिकता खोने की एक बड़ी संभावना है। बंगाल में एक युवक ने आवश्यक कागजात नहीं मिलने के कारण आत्महत्या कर ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंतविश्व शर्मा ने नये मानदंडों की घोषणा की है जिसके तहत अल्पसंख्यक लोग उनके राज्य में रह सकते हैं। यह पूरा कदम देश को बांटने का है, जोड़ने का नहीं। दूसरा लक्षण मानवाधिकारों का तिरस्कार है। प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में यह बहुत मुखर नहीं था, लेकिन नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में, मानवाधिकारों के लिए लड़ने वाले गैर सरकारी संगठनों को हर संभव तरीके से परेशान किया गया है, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है, और सत्ताधारी दल की नीतियों के खिलाफ किसी भी असंतोष को राष्ट्रविरोधी माना जा रहा है। केंद्र में शासन एक आयामी है जिसमें किसी भी भिन्न विचार की कोई गुंजाइश नहीं है। विरोधी विचारों का तिरस्कार किया जा रहा है। यह एक राय, एक पार्टी, एक सरकार की तरह है।

उत्तर प्रदेश एक विशिष्ट मामला है जहां संघ परिवार के सीमांत तत्वों द्वारा अल्पसंख्यकों पर कोई भी अत्याचार जारी रखा जा सकता है और बहुत कम सरकारी कार्रवाई होती है। राज्य सरकार द्वारा ही मुसलमानों के साथ दोयम दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया जाता है। फासीवाद का तीसरा प्रारंभिक संकेत सत्तारूढ़ दल का अपने मित्रवत व्यावसायिक घरानों के माध्यम से जनसंचार माध्यमों पर पूर्ण नियंत्रण है। महुआ ने अपने 2019 के भाषण में रुझानों का उल्लेख किया था, लेकिन अब, राष्ट्रीय मीडिया, प्रिंट और टीवी दोनों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुकूल समूहों का पूरी तरह से वर्चस्व है। ऐसा कोई रास्ता नहीं है, जिससे समाचार रिपोर्टिंग स्वतंत्र रह सके। वर्तमान डिजिटल सूचना युग में, वर्तमान सरकार का विरोध करने वाले किसी भी समाचार पोर्टल को दंडित करने के लिए कानूनों में संशोधन किया गया है। लोकसभा चुनाव की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय मीडिया में शायद ही विपक्ष के लिए कोई जगह है। चौथा संकेत यह है कि राष्ट्रीय सुरक्षा का जुनून है- दुश्मनों की पहचान। एनआईए अब एक सुपर विशाल एजेंसी है।

संगठन किसी भी असंतुष्ट पर छापा मार सकता है और उस पर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का आरोप लगा सकता है। प्रधानमंत्री के नाम पर सेना की उपलब्धियां हड़पी जा रही हैं।कई सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी सत्तारूढ़ दल के अनुकूल सेना की गतिविधियों को शामिल करने की केंद्र की कोशिश से चिंतित हैं। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों में सेवानिवृत्ति से पहले सत्तारूढ़ दल के साथ मेलजोल बढ़ाने की प्रवृत्ति होती है। हाल ही में एक सेवानिवृत्त वायु सेना प्रमुख भाजपा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मोदी शासन के पिछले दस साल पेशेवर तौर पर उनके लिए सबसे अच्छे रहे। इस तरह से सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों को सत्तारूढ़ दल के साथ शामिल करना एक खतरनाक प्रवृत्ति है। पांचवां संकेत यह है कि इस देश में अब सरकार और धर्म एक-दूसरे से जुड़ गये हैं, जिसका महुआ ने अपने 2019 के भाषण में शुरुआती रुझान का ही जिक्र किया था। लेकिन अब कोई पर्दा नहीं है। धर्म को सत्ताधारी सरकार से जोड़ने की बात पूरी हो गई है। इस साल 22 जनवरी को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो सभी धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले देश के 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने राम मंदिर का उद्घाटन किया जो 100 प्रतिशत धार्मिक मामला था। तब से यह सिलसिला जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता खुले तौर पर कह रहे हैं कि एक बार जब वे अच्छे बहुमत से लोकसभा चुनाव जीत जायेंगे, तो भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए संविधान में संशोधन किया जायेगा जो संघ परिवार का अंतिम लक्ष्य है। छठा संकेत बुद्धिजीवियों और कलाओं के प्रति पूर्ण तिरस्कार है।

## विचार

# स्वातंत्र्यवीर सावरकर को साकार करने में सफल रहे रणदीप हुड्डा

**लोकेंद्र सिंह**



स्वातंत्र्यवीर सावरकर पर रणदीप हुड्डा ने बेहतरीन फिल्म बनाई है। सच कहूं तो यह फिल्म से कहीं अधिक है। सिनेमा का पर्दा जब रोशन होता है तो आपको इतिहास के उस हिस्से में ले जाता है, जिसको साजिश के तहत अंधकार में रखा गया। भारत की स्वतंत्रता के लिए हमारे नायकों ने क्या कीमत चुकाई है, यह आपको फिल्म के पहले फ्रेम से लेकर आखिरी फ्रेम तक में दिखेगा। अच्छी बात यह है कि रणदीप हुड्डा ने उन सब प्रश्नों पर भी बेबाकी से बात की है, जिनको लेकर कम्युनिस्ट तानाशाह लेनिन-स्टालिन की औलादें भारत माता के सच्चे सपूत की छवि पर आघात करती हैं।

कथित माफीनामे से लेकर 60 रुपये पेंशन तक, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर फिल्म में दिया गया है। वीर सावरकर जन्मजात देशभक्त थे। चाफेकर बंधुओं के बलिदान पर किशोरवय में ही वीर सावरकर ने अपनी कुलदेवी अष्टभुजा भवानी के सामने भारत की स्वतंत्रता का संकल्प लिया। अपने संकल्प को साकार करने के लिए किशोरवय में ही मित्र मेला जैसा संगठन प्रारंभ किया। क्रांतिकारी संगठन अभिनव भारत की नींव रखी। विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। अंग्रेजों को उनकी ही भाषा में उत्तर देने के लिए लंदन जाकर वकालत की पढ़ाई की। हालांकि क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण अंग्रेजों ने उन्हें डिग्री नहीं दी। ब्रिटिश शासन के घर लंदन में किस प्रकार वीर सावरकर ने अंग्रेजों को चुनौती दी, इसकी झलक भी फिल्म में दिखाई देती है। निस्संदेह, वीर सावरकर के महान व्यक्तित्व के संबंध में फिल्म न्याय करने में सफल हुई है। एक और अच्छी बात निर्माता-निर्देशक ने स्थापित की है कि वैचारिक या सैद्धांतिक मतभेद होने के बाद भी बड़े नेता एक-दूसरे का सम्मान करते थे। जो लोग यह स्थापित करने की कोशिश करते हैं कि वीर सावरकर महात्मा गांधी के विरोधी थे, उनको अवश्य ही यह पता होना चाहिए कि दोनों की सोच अवश्य भिन्न थी लेकिन दोनों एक-दूसरे के विरोधी नहीं थे।

**महात्मा गांधी ने तो यहां स्वीकार किया कि वीर सावरकर ने मुझसे कहीं पहले ब्रिटिश शासन की बुराइयों को देख लिया था। गांधीजी ने सावरकर बंधुओं को भारत माता का सपूत भी कहा और कालापानी से उनकी मुक्ति के लिए आवाज भी उठाई। वीर सावरकर भी स्पष्ट कहते हैं, वे गांधीजी के विरोधी नहीं, बल्कि उनकी अहिंसा की नीति के विरोधी हैं। महात्मा गांधीजी ने अस्पृश्यता को समाप्त करने के जो प्रयत्न प्रारंभ किए, वैसे प्रयत्न प्रभावी ढंग से स्वातंत्र्यवीर सावरकर ने भी किए। इन सबकी झलक फिल्म में भी देखने को मिलती है।**

महात्मा गांधी ने तो यहां स्वीकार किया कि वीर सावरकर ने मुझसे कहीं पहले ब्रिटिश शासन की बुराइयों को देख लिया था। गांधीजी ने सावरकर बंधुओं को भारत माता का सपूत भी कहा और कालापानी से उनकी मुक्ति के लिए आवाज भी उठाई। वीर सावरकर भी स्पष्ट कहते हैं, %%वे गांधीजी के विरोधी नहीं, बल्कि उनकी अहिंसा की नीति के विरोधी हैं%%। महात्मा गांधीजी ने अस्पृश्यता को समाप्त करने के जो प्रयत्न प्रारंभ किए, वैसे प्रयत्न प्रभावी ढंग से स्वातंत्र्यवीर सावरकर ने भी किए। उस समय अछूत कहे जानेवाले बंधुओं को मंदिर में प्रवेश दिलाना, अछूत को पुजारी बनाना, सामूहिक सहभोज के आयोजन, जबरन या धूर्तता से मुस्लिम बनाए गए हिंदुओं की घर वापसी, अंधविश्वास को दूर करना और राष्ट्रीयता की भावना को पुष्ट करना, जैसे अनेक नवाचार वीर सावरकर ने कालापानी से बाहर आकर किए। इन सबकी झलक फिल्म में भी देखने को मिलती है। सरदार भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, मदनलाल ढींगरा, लाला हरदयाल, मैडम भीखाजी कामा और श्यामजी कृष्ण वर्मा सहित अनेक स्वतंत्रता सेनानियों के साथ संबंधों को भी फिल्म में दिखाया गया है।

कलाकारों ने अद्भुत काम किया है। एक-एक पात्र को जीवंत किया है। विशेषकर रणदीप हुड्डा ने स्वातंत्र्यवीर सावरकर को पर्दे पर साकार कर दिया। हुड्डा अपने अभिनय से वीर सावरकर के साथ एकाकार होते हुए दिखे। कालापानी के वेदना से भरे दृश्य हों या फिर अपने घर भाइयों के साथ आत्मीय पल, सबको बखूबी दिखाया गया है। कालापानी में जब वे अपने भाई बाबाराव सावरकर (गणेश सावरकर) से मिलते हैं, तब जो भाव-भंगिमा उनके चेहरे पर दिखती है, वह दर्शकों की आंखों में आंसू लाने में सक्षम है। वीर सावरकर के बड़े भाई की भूमिका में अमित सियाल का अभिनय बहुत प्रभावी रहा है। स्वातंत्र्यवीर सावरकर पहले दृश्य से लेकर आखिरी दृश्य तक दर्शकों को बांधकर रखती है। अनेक प्रश्नों के उत्तर देती है तो कई प्रश्न पैदा भी करती है। फिल्म के आखिर में वीर सावरकर कहते हैं- जब बापू पर दस दिन पहले भी हमला हुआ था तो सरकार ने उनकी सुरक्षा के बंदोबस्त क्यों नहीं किए? यह प्रश्न अकसर मैं भी उठता हूं, लेकिन आज तक किसी ने इसका संतोषजनक उत्तर नहीं दिया है। वरिष्ठ पत्रकार प्रखर श्रीवास्तव की पुस्तक हे राम पढ़कर यह प्रश्न और गहरा हो जाता है। पुस्तक से स्मरण आता है कि स्वातंत्र्यवीर सावरकर द्वारा लिखी पुस्तक 1857 का स्वातंत्र्य समरको क्रांतिकारी क्रांति की श्रीमद्भगवदगीता मानते थे। उस पुस्तक को नेताजी सुभाषचंद्र बोस से लेकर सरदार भगत सिंह तक ने प्रकाशित कराया और प्रसारित किया था।

स्मरण रहे कि सरदार भगत सिंह तो जेल में भी वीर सावरकर के साहित्य का न केवल अध्ययन कर रहे थे अपितु उनकी पुस्तकों से नोट्स भी ले रहे थे। इस संदर्भ में उनकी जेल डायरी पढ़नी चाहिए, जिसमें वीर सावरकर की हिंदू पदपदशाही पुस्तक के नोट्स पढ़े जा सकते हैं। वीर सावरकर की यह पुस्तक छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वराज्य पर केंद्रित है। बहरहाल, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। इतिहास के अनकहे किस्सों की जानकारी देने के साथ ही यह फिल्म इतिहास को देखने की नई दृष्टि भी देती है। फिल्म देखने के बाद आपको यह भी ध्यान आएगा कि क्यों सत्ता द्वारा पोषित साहित्यकारों एवं इतिहासकारों ने भारत के नायकों के साथ न्याय नहीं किया? किस हेतु से कुछ नायकों के संबंध में भ्रम खड़े करने के प्रयास किए गए। आईएमडी पर फिल्म को जबरदस्त सराहना मिली है। फिल्म समीक्षकों ने भी खुलकर 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर' की प्रशंसा की है। फिल्म का निर्देशन पहले महेश मांजरेकर कर रहे थे, लेकिन रणदीप हुड्डा के साथ वैचारिक मतभेद के कारण मांजरेकर ने फिल्म निर्माण से अपने हाथ पीछे खींच लिए। यह भी कह सकते हैं कि स्वातंत्र्यवीर सावरकर नाम की आग में झुलसने का डर उनके मन में बैठ गया होगा। बहरहाल, वीर सावरकर के व्यक्तित्व का इतना गहरा प्रभाव रणदीप हुड्डा पर पड़ा कि उन्होंने स्वयं ही निर्देशक की कमान संभालकर इतिहास रचने की ठान ली।

## 47 वर्षों बाद फिर रायबरेली-अमेठी से गांधी परिवार को वनवास!

**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। सपा से समझौते के तहत कांग्रेस को यह सीटें मिली हैं। सपा और कांग्रेस इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं, इसलिये जहां कांग्रेस चुनाव लड़ेगी उस सीट पर समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी नहीं होगा। कांग्रेस को 2019 के लोकसभा चुनाव में यूपी से एक सीट जीतने में सफलता मिली थी और पूरे प्रदेश में उसका वोट मात्र दो फीसदी के करीब था। 2019 से आज तक कांग्रेस की स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है, बल्कि गिरावट ही देखने को मिली है।

कांग्रेस की हालत इतनी दयनीय है कि गांधी परिवार तक यूपी से चुनाव लड़ने की ताकत नहीं जुटा पा रहा है। 2019 में राहुल गांधी अमेठी हार गये थे तो 2024 में सोनिया गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली को टाटा- बाय-बाय कह दिया है। वह राज्यसभा की सदस्य बन गई हैं। अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस की आज जैसी दयनीय स्थिति 47 वर्ष पूर्व 1977 में देखने को मिली थी, जब इमरजेंसी के बाद हुए लोकसभा चुनाव में रायबरेली से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को समाजवादी राजनारायण सिंह से और अमेठी से संजय गांधी को हार का मुंह देखना पड़ा था। 1977 और 2024 के आम चुनाव में बस अंतर इतना है कि 1977 में गांधी परिवार की तानाशाही के चलते वोटरों ने उसको ठुकरा दिया था, लेकिन 47 वर्षों के बाद 2024 में गांधी परिवार को विश्वसनीयता के संकट के कारण रायबरेली-अमेठी से दूर भागना पड़ रहा है। गौरतलब हो, रायबरेली और अमेठी का नाम आते ही गांधी परिवार की चर्चा सबसे पहले शुरू होती है। असल में यहां की राजनीतिक तस्वीर गांधी परिवार के इर्दगिर्द घूमती रही है तो यहां की जनता ने गांधी को गांधी से लड़ते हुए भी देखा है। यहां पर दो बार गांधी परिवार के बीच ही मुकाबला हो चुका है। हैरानी की बात तो यह है कि दोनों बार विरासत एक बड़ा मुद्दा था। पहले चुनाव में वारिस कौन तो दूसरे चुनाव में असली गांधी कौन की गूंज। यह बात अलग है कि दोनों चुनावों में शिकस्त खाने वाले गांधी ने दोबारा से अमेठी की तरफ घूमकर भी नहीं देखा। वर्ष 1980 में संजय गांधी ने यहां से पहली बार जीत दर्ज की।

उसी साल विमान हादसे में उनकी मौत के बाद 1981 में हुए उपचुनाव में राजीव गांधी मैदान में उतरे। यहां से उन्होंने अपनी राजनीतिक पारी शुरू की। इसके बाद सियासत ने रंग दिखाना शुरू कर दिया। वर्ष 1984 का चुनाव उस वक्त दिलचस्प हो गया जब कांग्रेस के राजीव गांधी के सामने उनके स्वर्गीय छोटे भाई संजय गांधी की पत्नी मेनका गांधी ने निर्दल प्रत्याशी के तौर पर मोर्चा खोल दिया। 1984 में राजीव गांधी के खिलाफ मैदान में उतरने वाली मेनका गांधी ने 1982 से ही अमेठी में सक्रियता बढ़ा दी थी। ऐसे में जब वह 1984 में चुनाव में उतरीं तो अमेठी की जनता उलझन में पड़ गई। एक ओर इंदिरा की हत्या के बाद जनता की सहानुभूति राजीव गांधी के साथ थी तो वहीं दूसरी ओर अमेठी के सांसद रहे संजय गांधी की विधवा मेनका गांधी के प्रति आत्मीय लगाव, लेकिन बाजी राजीव ने ही मारी। वर्ष 1984 में राजीव गांधी को प्रचार के लिए पहली बार सोनिया गांधी को मैदान में उतारना पड़ा। हालांकि उस वक्त सोनिया ने कोई सभा तो नहीं की, लेकिन वह घर-घर जाकर महिलाओं से मिल रही थीं। पूरे चुनाव तक उन्होंने ही प्रचार की बागडोर संभाली।

दूसरा मुकाबला वर्ष 1989 में हुआ, जब कांग्रेस के राजीव गांधी के सामने महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन गांधी ने ताल ठोंक दी। उस वक्त जनता दल व भाजपा ने संयुक्त रूप से राजमोहन गांधी पर भरोसा जताया था। इस चुनाव में असली बनाम नकली गांधी का मुद्दा खूब उछला। कई बड़े दिग्गज नेताओं ने सभा की। आरोप प्रत्यारोप के खूब शब्दवाण चले, लेकिन अमेठी की जनता ने एक बार फिर राजीव गांधी का साथ दिया, लेकिन इससे उलट आज अमेठी-रायबरेली में गांधी परिवार की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। 1977 से लेकर अब तक यह पहला मौका है, जब कांग्रेस टिकट को लेकर उलझन में है। अमेठी से 2019 के चुनाव में शिकस्त खाने के बाद राहुल गांधी को दोबारा से मैदान में उतारने के लिए कांग्रेसी लगातार पैरवी कर रहे हैं, लेकिन हार के डर से राहुल अमेठी से चुनाव लड़ने की ताकत नहीं जुटा पा रही है। अमेठी से राहुल गांधी को चुनाव लड़ाने की इच्छा लिये अमेठी के कांग्रेसी दिल्ली तक की दौड़ भी लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल पा रहा है। यही स्थिति रायबरेली की भी है। बता दें अमेठी और रायबरेली में पांचवें चरण में मतदान होना है।



## राशिफल

**मेष**:- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**वृषभ**:- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन**:- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क** :- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंह**:- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें।

**कन्या**:- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**तुला**:- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें।

**वृश्चिक**:- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु**:- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर**:- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभ**:- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन**:- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# देश की आंतरिक व बाहरी मजबूती के लिए मतदान महत्वपूर्ण

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

2024 के आम चुनाव की घंटी बज चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दस साल के शासन और खंडित विपक्ष की चर्चा पूरे देश में हो रही है। लगभग सभी संचार व अन्य माध्यम मोदी के लिए प्रचंड बहुमत का अनुमान लगा रहे हैं, वह भी तब जब उनके शासन के खिलाफ दो कार्यकालों से विपक्ष का झूठा विमर्श स्थापित कर विरोध चल रहा है। जब यह सब चल रहा है, तो भारतीय नागरिकों की सामान्य मानसिकता, विशेष रूप से कस्बों और शहरों में रहने वाले लोग यह मानने लगे हैं कि चूंकि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव जीत ही रहे हैं, इसलिए हमें लाइन में खड़े होकर एक खास दिन वोट क्यों देना चाहिए, जबकि हम इसके बजाय परिवार और दोस्तों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।

कई लोगों का मानना है कि मतदान न करने से कोई फर्क नहीं पड़ता (मेरे एक वोट से क्या फर्क पड़ेगा)। यही कारण है कि शहरों और महानगरीय क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम है। जो कोई भी भारत को सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक विकास के सभी पहलुओं में एक महान राष्ट्र के रूप में देखना चाहता है, उसे व्यापक दृष्टिकोण पर विचार करना चाहिए। हर वोट देश को मजबूत बनाने और आंतरिक और बाहरी दोनों दुश्मनों से लड़ने में मदद करता है। हमने अपने महान राष्ट्र में बहुत उथल-पुथल देखी है, और हम ऐसी मानसिकता के शिकार हुए हैं जिसे कोई नहीं चाहता।

पिछले कुछ दशकों में विकसित हुई औपनिवेशिक मानसिकता ने वंशवादी राजनीतिक दलों को लाभ पहुंचाया है, वे कभी नहीं चाहेंगे कि ऐसी मानसिकता बदले, जिसने उन्हें इस राष्ट्र को लूटने और कमजोर करने में मदद की है। अगर हम वास्तव में अपने आंतरिक और बाहरी दुश्मनों में डर पैदा करना चाहते हैं, तो हमें मतदान करना चाहिए। जब भी देशप्रेमी ईवीएम बटन दबाता है, तो यह दुश्मन के दिमाग में एक शॉकवेव भेजता है। हमने पिछले दो कार्यकालों में देखा है कि अगर हम चुनाव में जाते हैं और भारी बहुमत से सरकार चुनते हैं, तो देश सही दिशा में आगे बढ़ना शुरू कर देता है, हर क्षेत्र में प्रगति हो रही है।

**पिछले कुछ दशकों में विकसित हुई औपनिवेशिक मानसिकता ने वंशवादी राजनीतिक दलों को लाभ पहुंचाया है, वे कभी नहीं चाहेंगे कि ऐसी मानसिकता बदले, जिसने उन्हें इस राष्ट्र को लूटने और कमजोर करने में मदद की है। अगर हम वास्तव में अपने आंतरिक और बाहरी दुश्मनों में डर पैदा करना चाहते हैं, तो हमें मतदान करना चाहिए। जब भी देशप्रेमी ईवीएम बटन दबाता है, तो यह दुश्मन के दिमाग में एक शॉकवेव भेजता है। हमने पिछले दो कार्यकालों में देखा है कि अगर हम चुनाव में जाते हैं और भारी बहुमत से सरकार चुनते हैं, तो देश सही दिशा में आगे बढ़ना शुरू कर देता है, हर क्षेत्र में प्रगति हो रही है। कुछ लोग तर्क दे सकते हैं कि दस साल बाद भी अभी भी बहुत सारी चुनौतियां हैं।**

कुछ लोग तर्क दे सकते हैं कि दस साल बाद भी अभी भी बहुत सारी चुनौतियां हैं। हां, हर कोई सहमत होगा, लेकिन हमें अपने जीवन के अनुभवों का अध्ययन करने की आवश्यकता है। हम जो कुछ भी अब हैं, वह हमारे पूर्वजों और परिवारों की कई पीढ़ियों के प्रयासों का परिणाम है। वैसे ही, इस विशाल देश में 24 करोड़ से अधिक परिवार हैं, जिनमें विभिन्न संस्कृतियां, राजनीतिक विचारधारा और सभी स्तरों पर अलग प्रशासन हैं। इसलिए, जबकि हम जमीनी स्तर पर विकास के प्रमाण देख सकते हैं, महत्वपूर्ण बदलाव लाने में कम से कम एक दशक और लगेगा। आंतरिक और बाह्य सुरक्षा को मजबूत करना, अंतरराष्ट्रीय मंच पर अनेक अवसरों पर सम्मान और नेतृत्व की भूमिका, आर्थिक चक्र में सकारात्मक बदलाव, आत्मनिर्भर भारत के एक हिस्से के रूप में ÷स्व÷ आधारित अनेक नीतियां और क्रियान्वयन, औपनिवेशिक मानसिकता को हटाकर स्व आधारित मानसिकता का विकास, और राष्ट्र के विकास और सुरक्षा के लिए सनातन धर्म के महत्व को मान्यता देना, ऐसी सरकार को वापस चुनकर देना होगा। इसलिए, राष्ट्र विनाशकारी मानसिकता से रचनात्मक मानसिकता में परिवर्तित हो गया है, और यदि हम इस मानसिकता का निर्माण जारी रखते हैं, तो निस्संदेह हम एक या दो दशक में विश्वगुरु बन जाएंगे। और ऐसा होने के लिए, हमें चुनाव के दिन मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। याद रखें, हमने प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत जीवन के सभी तत्वों में बढ़ने में मौलिक रूप से सहायता करने का मार्ग चुना है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# केंद्रीय बल के साथ पुलिस अधिकारियों ने किया गश्त

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के साथ-साथ जनपद में पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम तथा क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के नेतृत्व में थाना कुलपहाड़ पुलिस एवं केंद्रीय पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्रांतर्गत विभिन्न संवेदशील मोहल्लो, ग्रामों, वल्नरेबिल, क्रिटिकल ग्रामों, मतदेय स्थलों में संयुक्त रुप से फ्लैगमार्च कर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान थानाक्षेत्र की जनता से संवाद स्थापित कर आगामी लोकसभा चुनाव के सम्बंध में निर्वाचन आयोग के आदेशों-निर्देशों से अवगत कराया गया तथा क्षेत्र में भयमुक्त माहौल बनाते हुए लोकतंत्र के महापर्व में जनता से निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गई।

> क्षेत्र में भयमुक्त माहौल बनाते हुए मतदान के लिये किया गया जागरूक

## लोकसभा चुनाव को लेकर हिस्ट्रीशीटरों पर की निरोधात्मक कार्रवाई

> एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में चलाया जा रहा अभियान




महोबा। जिले में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण ढंग से निर्विवाद सकुशल संपन्न कराये जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध शांतिभंग के निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत नरेंद्र प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक शहर कोतवाली द्वारा गठित की गई संयुक्त पुलिस टीम ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर विभिन्न स्थानों पर शांति व्यवस्था भंग करने वाले हिस्ट्रीशीटर आरोपियों पर निरोधात्मक कार्यवाही की गई। सभी को उप जिला मजिस्ट्रेट सदर के समक्ष पेश करने के लिए भेजा गया और हिस्ट्रीशीटरों को भारी मुचलके से पाबंद कराया गया। हारून पुत्र अज्जू निवासी मुहल्ला कसौराटोरी, मुस्तकीम पुत्र अज्जू निवासी मुहल्ला कसौराटोरी, ताहर सिंह पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम पसवारा, हरीदास श्रीवास पुत्र कूरा निवासी मुहल्ला हमीरपुर चुंगी, उमेश यादव पुत्र रामेश्वर प्रसाद निवासी आफीसर्स कालोनी, सईद खां पुत्र सरदार खां निवासी मुहल्ला भटीपुरा, राजेश पुत्र ध्रुवराम साहू निवासी मुहल्ला कस्बाथाई, प्रिंस गुप्ता पुत्र श्यामबिहारी गुप्ता निवासी पूंछवाली गली गांधीनगर पर निरोधात्मक कार्यवाही की गई। पुलिस के अभियान से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# नमाज को लेकर मस्जिदों में तैनात रहा पुलिस बल

> पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार जुमे की नमाज तथा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सभी मस्जिदों एवं जिले के विभिन्न इंट्री प्वाइंट्स/सीमावर्ती बैरियर चेक प्वाइंट्स में पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में किया गया। जिसके तहत जिले के सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्जिदों में पुलिस के उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई, साथ ही जनपद के इंट्री प्वाइंट/सीमावर्ती बैरियर चेक प्वाइंट्स पर पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिससे जनपद में किसी भी असामाजिक व्यक्ति के प्रवेश को रोका जा सके। सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखते हुये किसी भी सूचना पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की गयी। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा किये गये समुचित पुलिस प्रबंध, पुलिस की चुस्ती व मुस्तैदी से अमन चैन के साथ जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया गया। मीडिया सेल टीम द्वारा भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है, महोबा पुलिस जनपद में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** बाइक चालक ने दवा ले जा रहे युवक को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल के पिता की सूचना पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338, 177 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। महोबा मुख्यालय के मुहाल भटीपुरा निवासी छिद्दू प्रजापति ने शहर कोतवाली पुलिस को दी सूचना में बताया कि 8 मार्च की शाम करीब 6 बजे उसका पुत्र कमलेश पठा रोड स्थित मेडिकल से दवा लेने गया था। रास्ते में पीछे से आ रहे बाइक चालक ने तेजी और लापरवाही से पुत्र को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल लाया गया। इसके बाद उसे मेडिकल कालेज झांसी ले जाया गया। वहां उसका उपचार हुआ। पुलिस ने इस मामले में बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338, 177 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। फिलहाल एक बड़ी घटना होने से टल गई।

### पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आगामी लोकसभा चुनावों एवं जनपदीय कानून/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टीगत जिला अधिकारी अवनीश कुमार रॉय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा थाना बकेवर एवं थाना सहसों क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग की गई। जिला अधिकारी अवनीश कुमार रॉय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा जनपद की कानून व्यवस्था/सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जनपद थाना बकेवर क्षेत्र में लखना, कस्बा बकेवर एवं थाना सहसों क्षेत्र के हनुमंतपुरा चौराहा में पुलिस बल के साथ संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग की गयी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा, प्रभारी निरीक्षक थाना बकेवर एवं प्रभारी निरीक्षक थाना सहसों मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नवयुवती ने फांसी लगाई

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आजाद नगर टीला निवासी नरगिस पत्नी शादाब उम्र 21 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका हरदोई थाना बसरेहर की शादी 2016 में शादाब पुत्र लाल मोहम्मद निवासी कटरा बलसिंह इटावा के साथ हुई थी मृतिका अपने पीछे दो लड़के आहिल उम्र 7 वर्ष जिहान उम्र 2 वर्ष छोड़ गई है। मृतका का पति शादाब आटो रिक्शा चलाने का कार्य करता हैं।

### पुलिस ने जुमा की नमाज सकुशल संपन्न कराई

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुये जनपद के समस्त थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर जुमा की नमाज सकुशल संपन्न कराई गई। वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुये आज जुमा की नमाज के अवसर पर जनपदीय कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत उचित पुलिस प्रबंधन में जुमा की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया, साथ ही थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों द्वारा आम लोगों से संवाद कर शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नवाज अदा करने की अपील की गयी।

### भोगनीपुर नहर में मिला लावारिस शव

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भोगनीपुर नहर में एक अधेड़ का बहता शव कस्बा के लोगों की सूचना पर लखना पुलिस ने झाल पुल के पास बाहर निकलबाकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कुछ दिनों पूर्व का शव बताया गया है। लखना स्थित भोगनीपुर नहर में एक अज्ञात शब जो कि पूर्ण रुप से गला हुआ है इसके वहकर आने की सूचना कस्बा के लोगों ने लखना पुलिस चौकी को दी जिस पर लखना चौकी इंचार्ज ललित कुमार मय पुलिस फोर्स के झाल पुल पर पहुंचे और शव को बाहर निकलबाया जिसका पूरा शरीर गला हुआ था कोई कपड़े भी नहीं पहने हुए था जिसकी उम्र करीब 42 वर्ष बताई जा रही है। जो कि कुछ दिनों पूर्व से बहता हुआ आ रहा है। जिसके बाहर निकलते ही बदबू से एकत्रित लोगों की भीड़ भाग खड़ी हुई। पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए शव बिच्छेदन ग्रह इटावा भेज दिया। शव की देर रात तक कोई शिनाख्त नहीं हो सकी।

### विश्वनाथ लोकतांत्रिक जनसत्ता दल के बने अध्यक्ष

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की अनुमति व प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज की संस्तुति पर विश्वनाथ प्रताप सिंह चौहान को लोकतांत्रिक जनसत्ता दल का युवा जिला अध्यक्ष मनोनीत किए गया। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से विश्वनाथ प्रताप सिंह चौहान को जनसत्ता दल लोकतंत्र पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पुनः भाई विश्वनाथ प्रताप सिंह चौहान जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष इटावा मनोनीत किये जाने पर सदस्यों ने और पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा संबंधित लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए पार्टी हाई कमान का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया है।

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना पछायगांव क्षेत्र के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। थाना पछायगांव क्षेत्र के अंतर्गत कोचिंग पढ़ने जा रहा 23 वर्षीय युवक अंकित पुत्र कल्लू निवासी पूरा बलदेव सिंह पछायगांव इटावा और सावरेन सिंह पुत्र राम स्वरूप उम्र 55 वर्ष निवासी पूरा बलदेव सिंह पछायगांव अपनी पत्नी मीरा देवी उम्र 40 वर्ष के साथ जा रहे थे इटावा आगरा रोड पर अंकित और सोवरन सिंह की बाइक से भिड़ंत हो गई जिससे अंकित और सोवरन सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकिस्को ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया शवों को शवग्रह में रखवा दिया गया है। महिला मीरा देवी की हालत नाजुक देखते हुए सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है।



## जिला जज, डीएम व एसपी महोबा द्वारा संयुक्त रुप से उपकारागार का किया गया निरीक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिला जज महोबा जय प्रकाश यादव, जिलाधिकारी महोबा मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से उपकारागार महोबा का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, निरीक्षण के दौरान बैरक,भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में कैदियों-बंदियों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गयी, मेस में बन रहे भोजन के संबंध में संबंधित जानकारी लेते हुए भोजन की गुणवत्ता की जांच की गयी। जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक करते हुए इसके संचालन के संबंध में जेल अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । सीसीटीवी के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए । इसके अलावा पुरुष एवं महिला बैरक, अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया, जिसके क्रम में उन्होने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि जेल परिसर और बैरकों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये और नियमानुसार बंदियों को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करायी जायें ।

# नगर पंचायत अध्यक्ष आवास पर होली मिलन समारोह आयोजित

> सांसद व विधायक ने सभी को दी होली की शुभकामनाएं

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





जिले की कुलपहाड़ नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल एवं विधायक बृजभूषण राजपूत ने शामिल होकर सभी को होली मिलन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन आपसी भाईचारा के साथ चार चांद लगाते हैं। होली मिलन समारोह चैयरमेन के आवास प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने फूल और गुलाल से होली खेलते हुए एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल व चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने भी शिरकत की। इस कार्यक्रम में नगर के कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सांसद पुष्पेंद्र सिंह ने गायक कलाकार इंद्रेश, विशाल आचार्य जी की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन आपसी भाईचारा के साथ चार चांद लगाते है। हमें अपने बुजुर्गों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। वहीं विधायक बृजभूषण राजपूत ने भी गायक कलाकारों की प्रसंशा करते हुए अपने बूढ़े बुजुर्गों से प्रेरणा लेते हुए अपनी पुरानी संस्कृति की ओर लोटने पर जोर दिया और होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता डॉ कमलेश सक्सेना, समाजसेवी राकेश अरजरिया, चेयरमैन वैभव अरजरिया आदि ने अपने विचारों से होली के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, उमाशंकर मिश्रा मुढ़ारी, राधेलाल यादव, डॉ लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि राहुल अग्रवाल, भूपेंद्र एडवोकेट, फेरन सिंह एडवोकेट, काशी प्रसाद, छोटेलाल सहित सभासद प्रतिनिधि, पत्रकार आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आरएसएस ने मनाया होली मिलन समारोह

> राधा कृष्ण की झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड चरखारी द्वारा बड़ी ही धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया गया। समारोह में सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एवं फूलों की होली खेलकर पर्व की शुभकामनाएं दीं साथ ही समारोह में राधा कृष्ण की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

आपको बता दें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड चरखारी द्वारा प्रत्येक वर्ष होली पर्व को लेकर होली मिलन समारोह मनाया जाता है। इसी को लेकर 29 मार्च को चरखारी नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के सभागार में आरएसएस ने होली मिलन समारोह मनाया। समारोह में मुख्य अतिथि जिला प्रचारक संतोष कुमार रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि होली पर्व मानव जीवन में आपसी प्रेम सद्भाव को एहसास कराता है। इस दिन हम सभी सारे मतभेद भुलाकर एक दूसरे को गले लगाते हैं। समारोह में सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया एवं एक दूसरे के ऊपर फूल वर्षा करके होली पर्व की शुभकामना दीं साथ ही समारोह में राधा कृष्ण की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, फाग गायकों द्वारा एक से बढ़कर एक फागों की प्रस्तुति दी गई इसके साथ ही सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों को मिष्ठान वितरण किया गया। समारोह में बच्चों व मातृशक्ति ने भी सहभागिता की।

समारोह में जिला संघ चालक ओमशंकर, जिला कार्यवाहक प्रमोद, जिला सह कार्यवाहक बृजेन्द, नगर संघ चालक हम्मीर सिंह, नगर प्रचारक सुनील, बजरंग दल जिला संयोजक विपिन भदोरिया, खण्ड कार्यवाह साकेत जी जयप्रकाश, इंजी अमित पटेरिया, कर्णी सेना महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जयति सिंह बुन्देला, डा. एस एन मिश्रा, कुलदीप भटनागर रविन्द्र पाठक, रमन, रमेश, जगदीश, पियूष समस्त विद्यालय परिवार एवं बडी संख्या में नगर के लोगों की उपस्थिति रही।

## कार की टक्कर से दो भाई गंभीर रूप से घायल

**मां की सूचना पर पुलिस ने कार चालक पर लिखा मुकदमा**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** कार ने दो भाईयों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उसकी मां की सूचना पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338, 177 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। महोबा मुख्यालय के मुहाल समदनगर निवासी मालती ने शहर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पुत्र अंशुल व हिमांशु 26 मार्च की शाम 7 बजे हनुमान मंदिर छतरपुर रोड से अपने घर की ओर जा रहे थे। तभी रास्ते में तेज रफ्तार कार सवार ने लापरवाही से दोनों को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे अंशुल का बायां पैर टूट गया और हिमांशु को भी गंभीर चोटें आयी है। पुलिस ने मां की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338, 177 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो का लगा नारा

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा व मवईजार में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्रभारी बीडीओ ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान के लिए शपथ दिलाई।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम इंगोहटा व मवईजार में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने रैली के साथ में गांव भ्रमणकर मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली में शामिल महिलाओं ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमी और गलियों में माइक से नारे लगाए। जिसमें सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। अपना कर्तव्य निभाएंगे,पहले मतदान कराएंगे।आओं मिलकर अलख जगाएं,शत प्रतिशत मतदान कराएं शामिल रहे। डिप्टी कलक्टर ने कहा कि अधिक मतदान करने से हमारा लोकतंत्र मजबूत होंगा। इसके बाद रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर एडीओ आइएसबी जगदंबा प्रसाद सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं शामिल रही।

# अज्ञात चोरों ने कोतवाली के पास की सात दुकानों को बनाया निशाना

**राठ, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के कोतवाली के पास मलौंहा रोड पर स्थित सात दुकानों को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए की नगदी सहित हजारों रुपए की कीमत के समान पर हाथ साफ कर चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। आज दिन में जब सभी दुकानों के दुकानदार अपनी अपनी दुकानों को खोलने के लिए अपनी-अपनी दुकानों पर आए तो दुकानों में लगे तालों को टूटा हुआ देखकर और अंदर का बिखरा हुआ सामान देखकर उनके होश उड़ गए। घटना के बाद सभी पीड़ित दुकानदारों ने एकत्र होकर राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करने व रात्रि के समय पुलिस गश्त बढ़ाए जाने की गुहार लगाई है।

सभी पीड़ित दुकानदारों ने बताया कि वह गुमटी और पेटी दुकानदार हैं। तथा गुमटी और पेटी की दुकान से ही अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। राठ कस्बे के गुलाबनगर इलाके के निवासी दुकानदार गौरव कुमार ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़ते हुए 6 सौ रुपये की नगदी और 7 सौ रुपये का सामान चोरी कर लिया। इसी तरह रामजी पुत्र हरीदास निवासी ग्राम मुस्करा खुर्द ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान के ताले और चद्दर तोड़ दी है। वहीं टोलारावत गांव के निवासी मलखान सिंह पुत्र काशीप्रसाद ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर मोवी ऑयल के 10 डिब्बे और उसकी दुकान का कुछ सामान चोरी कर लिया है। वहीं इसी दौरान कमलेश हलवाई ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उसकी भी दुकान का ताला तोड़कर 15 सौ रुपये का सामान और 500 रुपये की नगदी चोरी कर ली है। इसी प्रकार फर्नीचर के दुकानदार अन्नू पुत्र सुरेश निवासी गुलाब नगर ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर फर्नीचर के औजार और मशीन चोरी कर ली हैं। वहीं एक और दुकानदार इस्लाम बेग पुत्र कादिर बेग ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उसकी टायर पंचर की दुकान और पेटी का ताला तोड़कर लगभग 15 हजार रुपये की कीमत का सामान और मशीनें चोरी कर वारदात को अंजाम दे डाला है। बताया के उन सभी लोगों ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर लगातार हो रही चोरियों पर लगाम लगाए जाने की गुहार लगाई है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर का कहना है कि पुलिस टीम को भेजकर जांच कराई जा रही है तथा चोरों को पकड़कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## रोडवेज में तैनात चालक ने लगाई फांसी, मौत



**परिजनों का कहना कर्ज के चलते परेशान रहता था चालक**

**राठ, समृद्धि न्यूज।** गोहांड कस्बे के शास्त्री नगर मोहल्ले में रहने वाले रोडवेज में तैनात एक बस चालक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। गोहांड कस्बे के शास्त्री नगर मोहल्ला निवासी फूल सिंह पुत्र जगन्नाथ महोबा डिपो में चालक के पद पर कार्यरत था। गुरूवार की रात फूल सिंह ने घर के अंदर फंसी लगा ली। पत्नी रेखा ने जब अपने पति को फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उसके होश उड़ गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि फूल सिंह महोबा परिवहन रोडवेज डिपो में चालक के पद पर तैनात था। बताया कि फूल सिंह के ऊपर साहूकारों का लगभग 5 लाख रुपये का कर्ज था। जिसके चलते वह परेशान रहता था। इसी वजह से उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। परिचालक की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। पत्नी रेखा, मां रूपरानी के अलावा पुत्र अश्वनी, शिवम और पुत्री साक्षी सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। घटना को लेकर जरिया थानाध्यक्ष ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते खूनी संघर्ष में दोनों ओर से मुकदमा दर्ज

> ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व ग्राम प्रधान के बीच चली आ रही पुरानी रंजिश

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली में होली के दिन दो सगे भाइयों के बीच उपजे विवाद में दोनों ओर से जमकर लाठी डंडा व कुल्हाड़ी पत्थर आदि चलाए गए। जिनके वार से कई लोग बुरी तरह घायल हो गए थे। जिस पर कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

क्षेत्र के छिमौली गांव निवासी प्रथम पक्ष के पीड़ित राजेश पुत्र धनीराम ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने घर के सामने बैठा हुआ था। तभी पुरानी रंजिश को मानते हुए गांव के ही वरदानी, मीलू, करन व संतोष आदि लोग अपने हाथ में लाठी डंडे कुल्हाड़ी लेकर आ गए और अचानक हम लोगों पर हमला कर दिया। जिससे राम, ब्रजेश, फूला देवी, धनीराम, शिवकुमार व बच्चीलाल आदि लोगों को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से कौशल्या देवी पत्नी वरदानी लाल ने दी तहरीर में बताया कि गांव के ही राजेश, धनीराम, राम, बृजेश व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद ने मेरे पति व देवर, पुत्र सहित पारिवारिक जनों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। जिनको कस्बे के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया था। जहां से गंभीर चोंटो के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है और दोनों ओर से मारपीट करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

गंभीर रूप से घायलों का इलाज कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान और ब्लॉक प्रमुख दोनों के प्रतिनिधियों के इस झगड़े में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल होने के मामले को लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। जबकि दोनों लोग अपने आप को इस झगड़े से अलग बताते हुए राजनीति के चलते उनका नाम लिखाने की बात कह रहे हैं।

# अपना दल (एस) के इटावा लोकसभा के मुकेश पटेल बने प्रभारी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने इटावा लोकसभा का मुकेश पटेल को प्रभारी बनाये जाने पर डा हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ने बताते हुए कहा अपना दल एस के संस्थापक सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जी के बेहद करीबी अपना दल एस के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश पटेल जी को इटावा लोक सभा का प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। अपना दल एस के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश पटेल को इटावा लोकसभा का प्रभारी बनाये जाने पर जनपद इटावा अपना दल एस में खुशी की लहर, बधाईयों का लगा तांता। बधाई देने वालो मे मुख्य रूप से अपना दल एस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य / मुरादाबाद मण्डल प्रभारी- डा0 हरीशंकर पटेल, जिलाध्यक्ष - राहुल पाल, जिला उपाध्यक्ष- हरिओम चौहान, जिला महासचिव - वृजेश पोरवाल, राजेश पटेल, डा0 सुधीर सविता, राजेश पोरवाल, जिला सचिव - अरुण दुबे, राहुल श्रीवास्तव, दीपक सविता, महिला मंच की जिलाध्यक्ष - पटेल कबिता वर्मा, जिला महिला महासचिव - नीरजा पटेल, जिलाध्यक्ष व्यापार मंच- अवघेश पटेल, एससीएसटी मंच जिलाध्यक्ष - रविन्द्र जाटव, युवा मंच जिलाध्यक्ष- सन्दीप पाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य- रान्जीत दिवाकर, अनुपम पटेल, इन्जी राजेश वर्मा, अंकित आदि रहे।

# एटीएम का लॉक तोड़ युवक कैश लेकर फरार

- सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी युवक की करतूत
- पुलिस एटीएम से कैश लेकर भागे युवक की तलाश में जुटी



एटीएम का लॉक तोड़कर कैश निकालता बदमाश।

**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

नगर के मुहल्ला राजघाट स्थित निजी कम्पनी के एटीएम का लॉक तोड़कर अज्ञात युवक कैश ले गया। युवक की करतूत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है जिसमें गुरुवार लगभग साढ़े बारह बज रहे है।

जिस तरह से बेखौफ होकर बदमाश ने एटीएम का लॉक तोड़कर उसमें रखा कैश जिस अंजाद में लेकर गया है उससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उसे चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का तनिक भी भय नहीं रहा होगा। फ़िलहाल एटीएम संचालक ने मामले की लिखित तहरीर अज्ञात युवक के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को दे दी हैं अब पुलिस युवक की तलाश में जुट गयी है। समाचार लिखे जाने तक इस बात की जानकारी नहीं मिल पायी है कि कितना कैश युवक ले जाने में सफ्ल हुआ है। सूत्रों के मुताबिक नगर के मुहल्ला सदरबाजार निवासी धर्मेन्द्र प्रनामी राजघाट स्थित देशी शराब ठेका के पास टाटा कम्पनी का एटीएम संचालित करता है जहां पर एटीएम द्वारा खाताधारक निकासी करते रहते हैं और यह देर शाम तक खुला रहता है लेकिन संचालक जब गुरुवार शाम एटीएम में कैश रखने गया और उसने निकासी मिलाई तो लगभग डेढ़ लाख रूपये कैश कम था जिस पर उसने वहां लगे कैमरों की रिकार्डिग देखी तो एक युवक एटीएम का लाक तोड़कर कैश बैग में ले जाता दिख रहा है। मामला समझ में आते ही रात में ही मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी थी और शुक्रवार को एटीएम संचालक धर्मेन्द्र प्रनामी ने अज्ञात युवक के खिलाफ एटीएम का ताला तोड़कर लगभग डेढ़ लाख रूपये पार करने का शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद के अनुसार शिकायत मिली है जांच की जा रही है। इस घटना को अंजाम देना वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# अग्रवाल सभा का होली मिलन समारोह आयोजित

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



अग्रवाल सभा द्वारा श्री महाराजा अग्रसेन मंदिर परिसर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन महाराजा अग्रसेन जी के माल्यार्पण से किया गया। माल्यार्पण सभा अध्यक्ष निष्काम गुप्ता, उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं सचिव मनीष तुलस्यान द्वारा सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात होली मिलन एवं जलपान व ठंडाई का भरपूर आनंद सभी ने उठाया। तदुपरांत आम सभा की वार्षिक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें पुनः एक वर्ष के लिए वर्तमान पदाधिकारियों का कार्यकाल बढ़ाया गया। साथ ही सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि अग्रसेन रसोई को पुनः एक वर्ष के लिए संचालित किया जाएगा और माह मई से इसे मंगलवार के स्थान पर बुद्धवार को यथावत स्थान व समय पर किया जाता रहेगा। सायंकालीन रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां लखनऊ एवं वृन्दावन से आए कलाकारों द्वारा की गईं जिसमें गणेश वंदना, बाल हनुमान, श्री राम, सीता व लक्ष्मण की सुंदर प्रस्तुति, बाहुबली हनुमान, अबीर गुलाल की होली सहित प्रसिद्ध फूलों वाली होली तथा विभिन्न नग़मों की मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं।

प्राँगण में मौजूद बच्चों के साथ विभिन्न हँसी की प्रतियोगिता भी हुईं। उपस्थित सभी ने इस कार्यक्रम में जमकर मस्ती करते हुए अंत में स्वादिष्ट रात्रि भोज का भी सपरिवार आनंद उठाया। उक्त जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा, बलरामपुर के जन सम्पर्क अधिकारी सौम्य अग्रवाल ने बताया कि आज के होली मिलन समारोह से सम्बंधित समस्त प्रकार की व्यवस्थाओं इत्यादि में राजीव अग्रवाल, सुशील हमीरवासिया, आलोक अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अजय अग्रवाल, साकेत तुलस्यान, अभिषेक सिंघल, अरुण केडिया, अमन अग्रवाल एवं पंकज अग्रवाल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## मारपीट की शिकायत करना दुकानदार को पड़ा महंगा

**जालौन (उरई)।** मारपीट की शिकायत पुलिस से करने पर नाराज तीन लोगों ने मिलकर गाली, गलौज व मारपीट करते हुए दुकानदार को जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया भवानीराम निवासी अजय कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी मोहल्ले में ही दुकान है। उसकी दुकान पर मोहल्ले के रामशंकर व कुलदीप आए थे। जिन्होंने लेन देन को लेकर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी थी। जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की थी। इसकी जानकारी जब उन लोगों को हुई तो रामशंकर, कुलदीप अपने साथी दीपक के साथ उसकी दुकान पर आ धमके और गाली, गलौज करने लगे।

# हाईटेंशन तार टूटने से गन्ना व गेहूं जलकर राख

**उतरौला, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



विकास खण्ड उतरौला के ग्राम सभा पिपराराम के मजरा बाजरमुंडा में हाई टेंशन तार टूट जाने से आग लग गई, जिससे किसानों का गन्ना और गेंहू जलकर खाक हो गया।

आग लगने की सूचना मिलते ही गांवो मे हाहाकार मच गया जिसको जो सूझा वो बाल्टी, डिब्बा लेकर पंहुचा, किंतु हाईटेंशन तार की जानकारी मिलते ही लोग डर, डर कर पानी डाल रहे थे, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। लल्ला प्रसाद वर्मा का लगभग एक एकड़ गन्ना जल गया, वही बगल में जगदीश प्रसाद का लगभग दो बीघा गन्ना पैडी जल गया, जोगी राम का लगभग चार बीघा गेंहू जलकर खाक हो गया, आग की सूचना मिलते ही किसान रोते बिलखते अपने खेतों तक पहुंचे किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। राजस्व विभाग के तरफ़ से तैनात लेखपाल महिला होते हुए भी तुरंत आनन फानन में पहुंच कर किसानो के नुकसान का जायजा लिया। प्रधान राधेश्याम ने बताया कि जर्जर तारों के द्वारा सप्लाई किया जा रहा है, इसकी शिकायत भी किया गया है लेकिन बिजली विभाग ने जर्जर तारों को अभी तक नहीं बदला जिससे अभी भी डर बना हुआ हैं क्योंकि इस समय पूरे क्षेत्र में गेंहू का फसल पक चुका है जरा सी चूक हम किसानो के अरमानों पर पानी फेर देगा।

# स्वजातीय होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित

**उतरौला, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

कसौधन समाज के द्वारा स्वजातीय होली मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार को स्थानीय रेडियंट पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। जिसमें सर्व प्रथम भगवान श्री गणेश जी वदंना कर आरती महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कसौधन समाज के होली मिलन समारोह में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कसौधन समाज होली मिलन समारोह में आयोजक जिला अध्यक्ष सभासद सन्तोष कसौधन ने सभी स्वजातीय बंधुओं को मंच पर सम्मानित किया। जिला संरक्षक लक्ष्मी रतन कसौधन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। होली मिलन में कसौधन समाज के उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व फूलों की होली खेलकर आपस में गले मिलकर बधाई दी। देर रात तक भजन संध्या कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं ने भक्ति रस में सराबोर रहे। इस मौके पर कसौधन समाज के नगर अध्यक्ष भरत कसौधन, कमल किशोर एडवोकेट, विनय कुमार कसौधन, लक्ष्मी रतन एडवोकेट,आशीष कसौधन,पवन कुमार,शिवकुमार कसौधन, सभासद नीरज, विकास सभासद अम्बरीष कुमार,कमल कसौधन, सुरेश कुमार, अन्नू कसौधन, समेत सैकड़ों महिलाएं बच्चे उपस्थित रहे।

# होली मिलन समारोह का आयोजन

- रामलला के महल में पहुंचने पर खुशी हुई दोगुनी: मधु पाठक

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी जिला शोध प्रमुख अवध क्षेत्र मधु पाठक के संयोजन में शहर की अवधपुरी कालोनी स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस समारोह में सैकड़ों महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाया तथा एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर जिला शोध प्रमुख मधु पाठक ने कहा कि होली मिलन समारोह के मौके पर मन और भी हर्षित व प्रसन्न हैं क्योंकि इस बार हमारे रामलला भी अपने महल में विराजमान हैं। इससे हम सभी में होली के त्यौहार का उत्साह दो गुना बढ़ गया है।उन्होंने कहा कि होली प्रेम,सद्भाव एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

इसलिए हम सभी को इस त्यौहार पर इसके प्रतीक का स्मरण कर आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोरमा साहू,रामदुलारी शर्मा, टिंकल गुप्ता,मालती सिंह,डॉ मिथलेश,सीमा पांडेय, अनीता ओझा, संतोष तिवारी, लक्ष्मी सिंह,मीना गुप्ता, बीना पांडेय, सावित्री सिंह,रामा सिंह, श्याम, उर्मिला शर्मा, शिवांशी, मोना व अमिता दुबे सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## खबरें एक नजर में

### मिट्टी के अवैध कारोबार में लगे तीन ट्रैक्टर पकड़े



ट्रैक्टर चालक से जानकारी करते एसडीएम अतुल कुमार।

**जालौन (उरई)।** नगर में मिट्टी का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। अवैध रूप से मिट्टी लादकर ले जा रहे तीन ट्रैक्टरों को रोककर जब एसडीएम ने उनके कागजात मांगे तो एक ट्रैक्टर चालक के पास कागजात निकले जबकि दो बिना कागजात मिट्टी ढोते हुए मिले। जिसके बाद खनन विभाग को सूचना देकर दोनों ट्रैक्टरों को कोतवाली में खड़ा कराया गया। नगर में काफी समय से मिट्टी खनन का अवैध कारोबार चल रहा है। नगर में दिन हो या रात लगातार मिट्टी लदे हुए ट्रैक्टर फर्राटा भरते हुए देखे जा सकते हैं। मिट्टी की अवैध कारोबार की जानकारी होने पर एसडीएम अतुल कुमार ने कोतवाली के पास चौकिंग अभियान चलाया। चौकिंग के दौरान कोंच चौराहे की ओर से मिट्टी लादकर आ रहे तीन ट्रैक्टरों को देखा। जब ट्रैक्टरों को रोककर उनसे कागजात आदि के बारे में जानकारी ली। तो एक ट्रैक्टर चालक ने तो कागजात दिखा दिए। जबकि दो ट्रैक्टरों के चालक बिना कोई कागजात लिए ही मिट्टी की ढुलाई करते हुए मिले। जिस पर एसडीएम ने अवैध रूप से हो रही मिट्टी की ढुलाई की जानकारी खनन विभाग को देकर ट्रैक्टरों को कोतवाली में खड़ा करा दिया है।

### एएसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों में किया मार्च



पुलिस जवानों के साथ पैदल मार्च करते एएसपी असीम चौधरी।

**कालपी (जालौन)।** नगर के साम्प्रदायिक माहौल के प्रति प्रशासन अभी शायद संतुष्ट नही है। शुक्रवार को फिर अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में मार्च किया है। विदित हो कि गत 22 जनवरी को नगर के साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील मुहल्ला दमदमा में दो पक्षों में विवाद हो गया था जिसके बाद से यह मुहल्ला प्रशासन की निगरानी में है। आलम यह है कि यहां पर चौबीसों घंटे पुलिस का पहरा बैठा है और आये दिन पुलिस के आला अफ्सर यहां का जायजा लेते रहते हैं और शुक्रवार को भी जुमे की नमाज को लेकर दमदमा स्थित बड़ी मस्जिद के आस पास पुलिस का पहरा रहा। अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, उपजिलाधिकारी हेमन्त पटेल, सीओ डॉ. देवेन्द्र पचौरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने भारी पुलिस तथा अर्धसैनिक बल के साथ नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च किया और लोगों से क्षेत्र में शांति व सद्भाव बनाये रखने की अपील की। सूत्रों की माने तो गुरुवार शाम दमदमा में दो पक्षों के मध्य विवाद हो गया था हालांकि इस मामले में दोनों पक्षों में समझौता हो गया है साथ ही माफिया मुख्तार अन्सारी की मौत के चलते भी जुमे के मौके पर खास ऐतिहात बरती है।

# वार्षिक रिपोर्ट डे में बच्चों ने बिखेरी छठा

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



शहर के प्रतिष्ठित कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को एनुअल रिपोर्ट डे मे नन्हे मुन्हें बच्चों ने छठा बिखेरी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता के. के.मिश्रा,कनक की डायरेक्टर डॉ मधु त्रिपाठी, स्कूल के चेयरमैन डॉ संजय तिवारी,स्कूल की हेडमिस्ट्रेस सलाहकार सोनल शुक्ला, एच.आर.ए. एन. तिवारी,कनक की हेडमिस्ट्रेस अर्पिता मुखर्जी व एन.एल.यू की इंचार्ज प्रीती सिंह द्वारा भगवती सरस्वती देवी के समक्ष दीप प्रज्वलित किए जाने के साथ हुआ जिसके बाद कनक किड्स स्कूल एल के.जी और यू.के.जी के बच्चों द्वारा गीत के जरिए अतिथियों का स्वागत किया गया। गीत के माध्यम से नर्सरी के बच्चों ने मेरा वाला डांस और वक्का वक्का,एल.के.जी के बच्चों ने केसरी के लाल हैंड क्लैप और यू.के.जी के बच्चों ने राम आए हैं बेबी डांस गीत पर नृत्य कला के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया। सोनल शुक्ला ने मुख्य अतिथि श्री मिश्रा,स्कूल के चेयरमैन डॉ तिवारी और डायरेक्टर डॉ त्रिपाठी को बैच लगाकर स्वागत किया तथा अमर नाथ तिवारी ने मुख्य अतिथि को शॉल भेंट की।कनक किड्स स्कूल में आज का दिन बच्चों के भविष्य को लेकर अत्यंत शुभ एवं फलदायक रहा।कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा पाण्डेय ने रुचि पूर्ण ढंग से निभाया और कनक की सभी अध्यापिकाओं ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संवारने का कार्य किया।समारोह के अंत में डॉ संजय तिवारी तथा डॉ मधु त्रिपाठी ने अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु निर्देशित किए। साक्षी यादव,सोनी त्रिपाठी, तनु सिन्हा,शिल्पी जायसवाल, अंजली मिश्रा और स्वीटी कौर का अमूल्य सहयोग रहा। स्कूल को सजाने संवारने मे प्रियंका राजभर का विशेष सहयोग रहा।

# किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने का लगा आरोप

- पिता ने पुलिस को बताया कि 26 मार्च को उनकी 17 वर्षीय बेटी सुबह मंदिर में पूजा करने की बात कहकर घर से गई थी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

तीन दिन पूर्व सुबह मंदिर में पूजा के लिए गई किशोरी लौटकर घर नहीं पहुंची। एक युवक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि बीती 26 मार्च को उनकी 17 वर्षीय बेटी सुबह मंदिर में पूजा करने की बात कहकर घर से गई थी। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। जब उन्होंने जानकारी की तो पता चला कि गांव के कुछ लोगों ने मंदिर के पास रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम जुगराजपुरा निवासी रामू को देखा था। रामू ही उनकी बेटी को अपने साथ ले जा रहा था। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चला।

पिता ने बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। पिता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## किशोरी के गायब होने पर पीड़ित पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**कालपी (जालौन)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरदौली में रहने वाली 17 वर्षीया नाबालिक पुत्री के गायब होने पर पीड़ित पिता के द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है। उक्त गांव के पीड़ित पिता ने मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि वादी के घर के सभी लोग रात में सो रहे थे। इसी दौरान वादी की 17 वर्षीया पुत्री अचानक घर से गायब हो गई। गायब पुत्री अपने साथ मार्कशीट्स, आधार कार्ड कागजात तथा 15 सौ रुपए नगद ले गई है। सुबह पुत्री के गायब होने पर जब पता चला तो सभी लोग खोजबीन करने में जुट गए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जुर्म धारा 363 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर प्रशासनिक अधिकारी रहे चौकन्ना

- एसडीएम, सीओ के नेतृत्व में सुरक्षा बलों के जवान सड़कों पर उतरे

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



नगर की सड़कों पर उतरे एसडीएम अतुल कुमार, सीओ रामसिंह।

लोकसभा चुनाव और मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर पुलिस व प्रशासन लगातार सक्रिय बना हुआ है। एसडीएम अतुल कुमार व सीओ रामसिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने नगर की सडकों पर उतरकर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया।

लोकसभा चुनाव के अतिरिक्त गुरूवार की देर शाम मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर पुलिस व प्रशासन लगातार सख्ती बनाए हुए है। शुक्रवार को जुमे की नमाज भी थी। ऐसे में नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अराजक तत्वों को चेताते हुए शुक्रवार को एसडीएम अतुल कुमार व सीओ रामसिंह के नेतृत्व में कोतवाल विमलेश कुमार, अतिरिक्त इंस्पेक्टर जगदंबा प्रसाद दुबे, एसएसआई शीलवंत सिंह, चौकी प्रभारी दामोदर सिंह समेत कोतवाली पुलिस व पैलामिलिट्री फोर्स के जवान नगर की सड़कों पर उतरे।

कोतवाली परिसर से पैदल गश्त करते हुए अधिकारी व जवान देवनगर चौराहा, कांजी हाउस, पानी की टंकी, बस स्टैंड, सब्जी मंडी, झंडा चौराहा से तकिया मैदान पर पहुंचे। इस दौरान लोगों से वार्ता कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। एसडीएम अतुल कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया के साथ ही अराजकता फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। चुनाव आयोग के नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। यदि कोई शांतिभंग की कोशिश करता है तो तत्काल उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पाक्सो एक्ट में दोषी बच्चा पांडेय को पांच वर्ष की कैद

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

सात वर्ष पूर्व घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ हुए छेड़खानी के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी बच्चा पांडेय उर्फ घनश्याम पांडेय को 5 वर्ष की कैद एवं 17 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 13 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग पीड़िता ने 12 अप्रैल 2017 को थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 7 अप्रैल 2017 को वह घर पर अकेली थी तभी रात्रि 11 बजे बच्चा पांडेय उर्फ घनश्याम पांडेय पुत्र कैलास पांडेय,निवासी रैपुरा, थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र घर में घुस आया और आते ही उसके साथ जोर जबर्दस्ती करने लगा। विरोध करने पर उसका कपड़ा भी फाड़ दिया।

# आजीविका मिशन में गोलमाल को लेकर हुई जांच की मांग

**दुद्धी, सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



सरकार द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शुरू की गई राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन दुद्धी ब्लॉक की गड़बड़ी की शिकायतें थमती हुई नजर नहीं आ रहीं हैं। विगत दो -तीन वर्षो से दुद्धी ब्लॉक के अधिकारियों की मिलीभगत से बड़ा खेल चल रहा हैं, जिसे लेकर एक बार महिलाओं ने ब्लॉक में जमकर हंगामा किया था, तब तत्कालीन विधायक हरिराम चेरो तक भी मामला पहुंचा था लेकिन तत्कालीन बीएमएम को हटाकर गड़बड़ी की शिकायतों को दबा दिया गया। दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र में चाहे समूह की महिलाओं को काम देना हो या लघु उद्योग की स्थापना करना हो, सभी कार्यों में आजीविका मिशन के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से काम पर रखा जाता हैं। दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र में जितने भी महिलाओं को रोजगार दिया गया है, उसमें से अधिकांश महिलाएं कई कैडर पद पर काम कर रहीं है। जिससे समूह के अन्य जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार नहीं मिल रहीं है।

अभी हाल ही टीएचआर में रोजगार मांगने और गड़बड़ी के आरोपों का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि बीडर गाँव के महिलाओं ने आजीविका मिशन के जिम्मेदार अधिकारियों पर गड़बड़ी का आरोप लगा कर उच्च स्तरीय जाँच की मांग उठाई है। हालांकि महिलाओं की शिकायत पर गुरुवार को सहायक विकास अधिकारी आईएसबी दुद्धी बीडर गांव के चितहवा पहाड़ी और धाम टोला पहुचे आजीविका मिशन से जुडी महिलाओ का बयान दर्ज किया। महिला अर्चना देवी ने मामले का उच्च स्तरीय जाँच कराये जाने का मांग जाँच अधिकारी से किया।

## मस्जिदों में शांतिपूर्वक हुई जुमे की नमाज पुलिस फोर्स रहा तैनात

**जालौन (उरई)।** शुक्रवार को रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज नगर की विभिन्न मोहल्ले में स्थित मस्जिदों में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा। रमजान माह के तीसरे जुमे पर नगर के विभिन्न मोहल्लों में स्थित मस्जिदों में जुमा की नमाज अदा की गई।

इस दौरान मोती मस्जिद में मौलाना खालिद रहमानी ने जकात को लेकर कहा कि अपने माल का ढाई फीसदी हिस्सा गरीबों और यतीमों खर्च करें। सुब्हानी मस्जिद में मौलाना शहाबुद्दीन ने रमजान के महीने में जिक्र और इबादत बढ़ाने की अपील की।

# रेड बुल टीम ने ब्लैक पैंथर को हराकर खिताबी जीत हासिल की

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

एसबीडीएम क्रिकेट एकेडमी में चल रहे होली ट्राई सीरीज में जूनियर खिलाडियों की टीम रेड बुल बनाम ब्लैक पैंथर के बीच तीन दिवसीय सीरीज खेली गई।

फाइनल मैच में रेड बुल टीम ने ब्लैक पैंथर को हराकर खिताबी जीत हासिल की। एसबीडीएम क्रिकेट एकेडमी में होली ट्राई सीरीज में जूनियर स्तर के खिलाड़ियों के बीच दिन दिवसीय श्रृंखला रेड बुल बनाम ब्लैक पैंथर के बीच खेली गई। तीन दिवसीय श्रृंखला के पहले दिन हुए मैच में रेड बुल ने ब्लैक पैंथर को 3 विकेट से हराकर अपने नाम किया। दूसरे दिन हुए मुकाबले में ब्लैक पैंथर ने जबरदस्त वापसी करते हुए रोमांचक मुकाबले में रेड बुल को 4 विकेट से हरा दिया। दोनों टीमें एक एक अंक के साथ फाइनल में पहुंची। फाइनल के रोमांचक मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रेड बुल की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में ब्लैक पैंथर को 145 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में उतरी ब्लैक पैंथर की टीम 24 ओवर में 114 रनों पर पवेलियन लौट गई। विजेता टीम को अतिथियों ने ट्रॉफी देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

# सूचना



सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष का अज्ञात शव पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर शव को मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, बेवर रोड बघार, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद (उ0प्र0) के एनाटामी विभाग में सुरक्षित रखा गया है। शव का चित्र प्रकाशित किया जा रहा है। जो व्यक्ति शव पर दावा करना चाहे 15 दिन के अंदर पर्याप्त प्रमाण के साथ कार्य समय में कॉलेज आकर शिनाख्त कर दावा कर सकता है। 15 दिन की अवधि के पश्चात किसी दावे पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# समय से प्रशिक्षण न देने वाली कम्पनी को ब्लैक लिस्टेड किया जाये: डीएम

## डीएम ने कौशल विकास मिशन की बैठक में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में कौशल विकास मिशन की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में डीएम ने प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके प्रशिक्षार्थियों के मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण, जिला कारागार में संचालित प्रशिक्षण, प्रवीन योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना तथा अन्य विभागों द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण की योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश देते हुये कहा कि जनपद के युवक-युवतियों एवं लखपति दीदी योजना के इच्छुक लोगों को ब्यूटी पार्लर, जूट प्रोडक्ट, डेयरी फार्मिंग, कृषि उद्यमी, बकरी पालन, फास्ट फूड, अगरबत्ती, पानी पूरी, मशरूम, एसी, फ्रिज, एलईडी बल्ब आदि क्षेत्र में गुणवत्तापरक प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर प्रदान किये जायें। डीएम ने साफ लहजे में कहा कि जो कम्पनी इस कार्य में लापरवाही दिखाती है, उनको ब्लैक लिस्टेड करते हुये आगामी कार्यों में वंचित रखा जाये और दूसरी कार्य करने वाली कम्पनियों को लक्ष्य पूर्ण हेतु कार्य दिया जाये। उन्होंने डीसीएनआरएलएम को निर्देश दिए कि निर्धारित कोटे के अनुसार लखपति दीदी को ट्रेनिंग दी जाए और लक्ष्य को पूरा करते हुए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाये। कहा कि ट्रेनिंग पार्टनर का जो लक्ष्य निर्धारित है उसी के अनुरूप कार्य किया जाए। जिला उद्योग द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में 800 एवं एक जनपद एक उत्पाद में 200 का लक्ष्य के सापेक्ष दर्जी, हलवाई, बढ़ई, राजमिस्त्री, अगरबत्ती धूपबत्ती, इत्र आदि क्षेत्र में प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाए। उन्होंने कहा कि रोजगार एक बहुत बड़ा मुद्दा है जो युवा संचालित स्वरोजगार की की योजनाओं से अपना बिजनेस स्थापित करना चाहते हैं उन्हें प्रशिक्षण देकर बिजनेस के अवसर उपलब्ध कराएं जाएं। उन्होंने कहा कि प्रवीन योजना के अन्तर्गत कौशल विकास मिशन एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के समन्वय से राजकीय इण्टर कालेज के कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के समस्तों बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है और कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित केन्द्र पर लाइनमैन टैक्नीशियन, सहायक सर्वेयर, डाटा इंट्री आपरेटर का कोर्स कराया जा रहा है। वह गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। ट्रेनिंग में प्रैक्टिकल और थ्योरी दोनों प्रकार का नॉलेज दिया जाए। स्किल पर फोकस दिया जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि प्रशिक्षण की क्वालिटी पर फोकस किया जाये।

विशेषज्ञों द्वारा केन्द्रों पर जाकर प्रशिक्षण के स्तर की जांच करें व प्रत्येक केन्द्र की टेस्ट रिपोर्ट बनाकर उसका मूल्यांकन करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी, डीसीएन आरएलएम, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, जिला समन्वयक कौशल विकास केन्द्र, सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं केन्द्र के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कौन करेगा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा व थानाध्यक्ष देवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना विशुनगढ पुलिस द्वारा किया गया। थाना विशुनगढ पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग व क्षेत्र भ्रमण के दौरान मलपुरा - सरैया तिराहा थाना विशुनगढ़ जनपद कन्नौज से अभियुक्त महीपाल सिंह पुत्र नायब सिंह निवासी ग्राम महमूदपुरखास थाना विशुनगढ़ जिला कन्नौज उम्र करीब 40 वर्ष को 01 तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार जेल भेजा गया।

# युवक ने उतारा दोस्त को मौत के घाट

- पुलिस ने आरोपी के निशान देही पर शव को किया बरामद
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला सबसुख का रहने वाला एक युवक गांव के ही युवक के साथ गया था की तभी उसे युवक ने अपने ही दोस्त को मौत के घाट उतार कर उसके शव को संकिसा में दफना दिया और इसके बाद वह युवक अपने घर वापस सबसुख नगला लौट आया अंकुश के परिजनों ने जब उसे देखा तो उसे अपने बेटे के बारे में पूछताछ की लेकिन उसने कुछ नहीं बताया इसके बाद अंकुश के परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को इसके बाद पुलिस ने गांव के युवक से कड़ी से पूछताछ करने के बाद उसने अपना जुर्म कबूलते हुए अंकुश के सबको बरामद करने को लेकर पुलिस के साथ जिला फर्रूखाबाद के संस्था के लिए रवाना हुआ इसके बाद पुलिस ने संस्था में अंकुश के शव को बरामद कर लिया। वहीं पुलिस ने लोगों को हिरासत में भी लिया है। तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जैसे ही यह सूचना गांव सब सुख नगला उनके परिजनों को मिली तो कोर मच गया जानकारी के मुताबिक देर शाम तक मृतक अंकुश का शव घर पहुंचेगा।

# मेडिकल कॉलेज में सोमवार से मिलेगी डिजिटल एक्स-रे की सुविधा

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

- मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने एक करोड़ 15 लाख के बजट से खरीदी मशीन

डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर चिकित्सा महाविद्यालय में मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए करीब एक करोड़ 15 लाख की लागत से डिजिटल एक्स-रे मशीन आ गई है। यह एक्स-रे मशीन रेडियोलॉजी विभाग में स्थापित की गई है। शुक्रवार को इस मशीन को इंस्टॉल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीद है कि सोमवार से मरीजों को डिजिटल एक्स-रे की सुविधा मिलने लगेगी।

मेडिकल कॉलेज में अभी तक मरीजों के लिए सामान्य एक्स-रे मशीन उपलब्ध थी। यह एक्स-रे मशीन हड्डी रोग विभाग के निकट स्थापित थी। इसी से मरीजों का एक्स-रे किया जाता था। दुघर्टनाओं में गंभीर रूप से घायल होकर आने वाले मरीजों को इससे दिक्कतें होती थी। मजबूरन मेडिकल कॉलेज प्रशासन को ऐसे मरीजों के एक्स-रे के लिए बाहर को लिखना पड़ता था। जिससे मरीजों का पैसा और समय बर्बाद होता था।



रेडियोलॉजी विभाग में लगी डिजिटल एक्स-रे की मशीन

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने बताया कि मरीजों की इस दिक्कत को दूर करने के लिए प्रदेश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक को पत्र भेजा गया। डिजिटल एक्स-रे के लिए बजट की मांग की गई। उन्होने बताया कि प्रदेश शासन ने एक करोड़ 15 लाख का बजट इसके लिए स्वीकृत कर दिया था। जिसको लेकर टेंडर प्रक्रिया की औपचारिकता पूरी होने के बाद डिजिटल एक्स-रे मशीन को खरीद लिया गया। यह एक्स-रे मशीन मेडिकल कॉलेज में आ चुकी है।

इसको रेडियोलॉजी विभाग को सौंप दी गई है। शुक्रवार को मशीन स्थापित कर इसे इंस्टॉल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उम्मीद है कि सोमवार से मरीजों को डिजिटल एक्सरे की सुविधा मिलने लगेगी। जिससे मरीजों को तो लाभ होगा ही, साथ ही आर्थो विभाग के चिकित्सकों को भी मरीजों को बेहतर उपचार देने में मदद मिल सकेगी।

## खबरें एक नजर में

### देशी तमंचा व कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार



**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।** तालग्राम कन्नौज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्ग दर्शन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष पारुल चौधरी के कुशल नेतृत्व में उनि श्री राममनोज द्विवेदी मय हमराह द्वारा अभियुक्त पंकज पुत्र संजीवन लाल उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम माधौनगर थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को मय 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के गिरफ्तार किया गया।

### माँ पूर्णागिरि के लिए रवाना हुई भक्तों की टोली

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कस्वा जलालाबाद से सैकड़ों श्रद्धालु माँ पूर्णागिरि के दरबार में माथा टेकने के लिए शुक्रवार को रवाना हुए। भक्तगण माँ पूर्णागिरि में विशाल भंडारे का आयोजन करेंगे। सभी भक्त माता के विशाल मेले में जाकर शामिल होंगे और अपनी मनोकामना को पूर्ण करने के लिए माता के चरणों में अर्जी लगाएगे। श्रद्धालु जलालाबाद से नैमिषारण्य, मिश्रिख, गोला, पूर्णागिरि, हरिद्वार, ऋषिकेश और भी अन्य तीर्थ स्थलों पर जाकर दर्शन करेंगे। सात दिवसीय इस तीर्थ में लोग काफी प्रसन्न नजर आ रहे थे। इस दौरान कल्याण सिंह, हरिनंदन ठाकुर, दिनेश चौरसिया, ओम सागर पांडेय, श्याम किशोर पाठक, वीरेंद्र पाठक, लालू बाथम, ग्रीश पाठक, पप्पू पाठक सहित आदि सैकड़ों भक्त माता के दरबार में अपनी अर्जी लगाने गए।

### राज्यपाल को भेजा शिकायती पत्र

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।** सरकारी जमीन को अपने नाम दर्ज कराने की शिकायत राज्यपाल को पत्र भेजकर किया। थाना रेहरा बाजार के ग्राम नया नगर बूधीपुर निवासी सालिक राम ने राज्यपाल को पत्र भेज कर आरोप लगाया है कि तहसील उतरौला के घोघरा गांव के कुछ व्यक्तियों ने लोक निर्माण विभाग की जमीन अपने नाम दर्ज करा ली है। राज्यपाल को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि कूटरचित तरीके से गांव के कुछ लोगों ने सरकारी जमीन अपने नाम से करा ली है। स्थानीय व मुख्यमंत्री स्तर पर इसकी शिकायत कई बार की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिस भूमि का मुआवजा चकबंदी से पूर्व उन्हें मिल चुका है। उसी भूमि को अपने नाम से दर्ज कराया गया है। यह जमीन खेती योग्य नहीं है, जबकि कृषि योग्य भूमि दिखाया गया है। नियमानुसार ऐसा संभव नहीं है। पीडब्लूडी की भूमि पर फर्जी अंकना की सूचना तत्कालीन हल्का लेखपाल ने उप जिलाधिकारी को आज तक नहीं दिया। गाटा सं-11 पर वर्ष 1960 से सड़क बना हैं, जो कृषि भूमि नहीं है। चकबन्दी की गलती से गाटा सं-11 राम नरेश पुत्र राम बलि आदि के नाम दर्ज है,और यह कृषि भूमि न कभी थीं, और न आज है। फर्जी अंकना की जांच कर अंकना शुद्ध कराए जाने, राज्य सरकार की भूमि पर फर्जी अंकना हटाने का मांग किया है।

### गरीबों को इतना दे दो कि ईद के दिन उन्हें किसी चीज की कमी महसूस न हो: मौलाना एजाज रजा हशमती

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।** माहे रमजान में रोजा-नमाज और कुरआन पढ़ने के साथ जकात और फितरा देने का भी बहुत महत्व है। जामिया अली हसन अहले सुन्नत के मौलाना एजाज रज़ा हशमती बताते हैं कि जकात इस्लाम के 5 स्तंभों में से एक है। रमजान के महीने में ईद की नमाज से पहले फितरा और जकात देना हर हैसियतमंद मुसलमान पर फर्ज होता है। जिस मुसलमान के पास भी इतना पैसा या संपत्ति हो कि वो उसके अपने खर्च पूरे हो रहे हों और वो किसी की मदद करने की स्थिति में हो तो वह जकात (दान) करने का पात्र बन जाता है। रमजान में इस दान को दो रूप में दिया जाता है, फितरा और जकात। क्या है जकात दान रमजान के पाक महीने में हर हैसियतमंद मुसलमान पर जकात देना जरूरी बताया गया है। आमदनी से पूरे साल में जो बचत होती है, उसका 2.5 फीसदी हिस्सा किसी गरीब,जरूरतमंद को दिया जाता है, जिसे जकात कहते हैं। यानी अगर किसी मुसलमान के पास तमाम खर्च करने के बाद 100 रुपये बचते हैं तो उसमें से 2.5 रुपये किसी गरीब पात्र को देना जरूरी होता है। यूं तो जकात पूरे साल में कभी भी दी जा सकती है। लेकिन वित्तीय वर्ष समाप्त होने पर रिटर्न फाइल करने की तरह ज्यादातर लोग रमजान के महीने में ही जकात निकालते हैं। मुसलमान इस महीने में अपनी पूरे साल की कमाई का आकलन करते हैं और उसमें से 2.5 फीसदी जकात (दान) करते हैं। ज़ेवरात की कीमत के हिसाब से दें जकात महिलाओं या पुरुषों के पास अगर ज्वैलरी के रूप में भी कोई संपत्ति है तो उसकी कीमत के हिसाब से भी जकात दी जाती है।

# डीआईजी से किसी अन्य एजेंसी से जांच कराकर न्याय दिलाने की लगाई गुहार

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

हाटन रोड स्थित निवासी गिरजा देवी ने गलत मजिस्ट्रेट जांच का आरोप लगाते हुए डीआईजी से किसी अन्य एजेंसी से जांच कराकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। गिरजा देवी ने दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि स्व॰ जगन्नाथ प्रसाद ने अपना मकान अपने दोनों पुत्र छैल बिहारी व द्वारिका प्रसाद को बराबर बराबर अपने जीवन काल में ही बांट दिया था। तब से द्वारिका प्रसाद की पत्नी बच्ची देवी अपने पति के मृत्यु के बाद इसी मकान में रहती थी और छैल बिहारी के पुत्र रामप्रताप वर्मा अपने हिस्से में रहते हैं। बच्ची देवी इस मकान का नियमित गृहकर अदा कर रही थी। और दोनों का मकान नंबर भी अलग अलग है। साथ ही नवंबर 2017 न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वारा कराए गए कमीशन रिपोर्ट में भी बच्ची देवी का निवास पाया गया था। बाद में उन्होंने यह मकान जून 2020 में मेरे नाम रजिस्टर्ड वसीयतनामा कर दिया था। दिसंबर 2023 में बच्ची देवी के मृत्यु हो गई। जिसके बाद विपक्षी द्वारा मेरे मकान पर जबरन ताला लगा दिया। जबरन ताला लगाने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल व उतरौला कोतवाली में किया था। कोतवाली में दोनों पक्षों का सुलहनामा कराके मेरा ताला खुलवा दिया गया था। लेकिन 17 जनवरी रात्रि में जब मेरे पति इस मकान पर गए थे तो विपक्षी व उसके परिवारजन ने उन पर हमला बोलकर मारपीट कर घायल कर दिया और फिर से मकान पर कब्जा कर लिया। पुलिस अधीक्षक,कोतवाली समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता कराके मेरा ताला दोबारा लगवा दिया।

लेकिन जिलाधिकारी के आदेश पर गठित टीम ने बिना मौके का सत्यापन किए मेरे विरुद्ध गलत जांच रिपोर्ट लगा दी। जिसका फायदा उठाते हुए विपक्षी ने उच्च न्यायालय से कब्जा परिवर्तन का आदेश प्राप्त कर मुझे मेरे मकान से बेदखल करा दिया। जिससे मेरे साथ अन्याय हुआ है।

# अश्लील वीडियो बनाने वाला झोलाछाप चिकित्सक भेजा गया जेल

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

- चिकित्सक के मोबाइल से पुलिस ने बरामद किए 13 अश्लील वीडियो

इलाज के बहाने महिलाओं को नशीला इंजेक्शन देकर उनके अश्लील वीडियो बनाने वाले एक झोलाछाप चिकित्सक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ठठिया पुलिस ने झोलाछाप चिकित्सक के मोबाइल से 13 महिला मरीजों के अश्लील वीडियो बरामद किए है। ठठिया थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह ने बताया कि खानपुर चैकी क्षेत्र में एक झोलाछाप चिकित्सक किराए की दुकान में अपना क्लीनिक चलाता था। बुधवार की रात क्षेत्र की एक महिला ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि झोलाछाप चिकित्सक पुष्पेन्द्र कुमार निवासी बेला जनपद औरैया ने उसके साथ छेड़छाड़ की। इसपर पुलिस ने जब जांच शुरू की, तो पुलिस को कई चैकाने वाले तथ्य मिले। पुलिस ने जब उक्त चिकित्सक के मोबाइल को खंगाला, तो क्षेत्र की 13 महिला मरीजों के अश्लील वीडियो सामने आए। उक्त चिकित्सक इलाज के बहाने इन महिलाओं को नशीला इंजेक्शन देकर बेहोशी की हालत में उनके अश्लील वीडियो बना लेता था। इस पर पुलिस ने शुक्रवार को उसको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** कानपुर नगर के नौबस्ता थाना क्षेत्र के नईबस्ती निवासी गोलू पुत्र सुरेश चन्द्र बाइक पर सवार होकर तिर्वा आया था। शुक्रवार को जब वह अपनी बाइक से वापस घर जा रहा था। तभी रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

### ग्रामीण ने खाया जहर

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** सौरिख थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी दृगपाल पुत्र छोटेलाल ने गृह कलेश के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उनको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# संदिग्ध हालातों में युवक की मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के शास्त्री नगर मोहल्ले में संदिग्ध हालातों में एक युवक की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि युवक के ससुराल वालों ने जहरीला पदार्थ खिला दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद चिकित्सकों ने उसका विसरा परीक्षण के लिए सुरक्षित कर लिया है। शास्त्री नगर मोहल्ला निवासी अनीस (22) पुत्र मुस्तफा का विवाह कन्नौज कोतवाली के मतौली गांव निवासी सोनम के साथ हुआ था। कुछ दिनों पहले सोनम विवाद होने पर अपने मायके मतौली चली गई थी। इन दिनों में वह मतौली में ही मौजूद थी। परिजनों के मुताबिक गुरूवार की सुबह अनीस अपनी पत्नी को लेने के लिए ससुराल गया था। शाम को एक बाइक पर दो युवक उसको घर के बाहर मरणासन्न हालत में छोड़कर चले गए। इस पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मामले में कोतवाली प्रभारी जयंती प्रसाद ने बताया कि मृतक का विसरा सुरक्षित किया गया है। इसे जांच के लिए भेजा जाएगा।

# होलिकोत्सव परंपरा के निर्वहन में प्राथमिक शिक्षक संघ की सराहनीय पहल

- साहित्य प्रतिभाओं ने कवि सम्मेलन से दिया सामाजिक समरसता का संदेश

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**




सामाजिक सुचिता और समरसता को बढ़ाने की दिशा में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने होली के अवसर पर प्रारंभ की होली मिलन समारोह की परंपरा को इस बार शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी साहित्यिक प्रतिभाओं को मंच देकर जहां एक और उनके साहित्य संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कवि सम्मेलन का आयोजन कराया तो वहीं और सबसे अधिक प्रभावी बात यह रही की इस कवि सम्मेलन में शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी साहित्यिक प्रतिभाओं ने जिस तरह से सामाजिक मूल्यों और संस्कारों पर आधारित काव्य पाठ किया वह बेहद ही सराहनीय रहा। समारोह का मुख्य आतिथ्य शिक्षक संघ के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामराज द्विवेदी ने वह संचालन शिक्षक एवं कवि संजय सिंघल ने किया। अपराहन देर तक चल कवि सम्मेलन के दौरान आयोजन मंडल ने मंचासीन साहित्य प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह और माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ रामराजा द्विवेदी अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक वर्ग ही ऐसा है जिसके कंधों पर समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है वह सामाजिक मूल्यों का निर्माता है और उनकी स्थापना में भी उसे आगे आना होता है उन्होंने प्राथमिक शिक्षक संघ के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन के आयोजन को एक अच्छी पहल बताया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षा संघ के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष शिक्षक ठाकुरदास, आलोक श्रीवास्तव, आकाश द्विवेदी, राघवेंद्र श्रीवास्तव, सर्वेश शर्मा राम अनुग्रह सिंह, इंद्रपाल गुर्जर, देवेंद्र यादव, भानु यादव, मनीष निरंजन, मोहर सिंह, धर्मेंद्र चौहान, आफ्ताब आलम, महेंद्र वर्मा अनूप निरंजन, सदाब, पूर्व सभापति अनिल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं और नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कवि सुलभ अग्निहोत्री की स्मृति में भव्य काव्य गोष्ठी आयेजित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

- सुलभ कला मंच की ओर से आयोजित हुई काव्य गोष्ठी में कवियों ने वरिष्ठ कवि कवि सुलभ अग्निहोत्री को किया याद

कन्नौज के वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार स्वर्गीय सुलभ अग्निहोत्री की स्मृति में शहर के होली मोहल्ला में गुरुवार को देर रात्रि एक काव्य संध्या का आयोजन किया गया जिसमें कन्नौज के कई कवियों ने स्मृतिशेष सुलभ जी को यादकर अपने श्रृद्धा सुमन अर्पित किए और अपनी एक से बढ़कर एक रचनाएं सुनाकर समां बांध दिया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि आदित्य मिश्र जी ने की। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि कुमार विवेक ने किया। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए वरिष्ठ कवि आदित्य मिश्र ने सरस्वती वंदना के छंदों को पढ़कर किया। वहीं कवि अरविंद बाजपेई ने अपनी रचना सुनते हुए कहा कि रंग अनेकों इस धरती पर कुछ हैं दृश्य अदृश्य।

भांति भांति के रंग में दिखता भारत का परिदृश्य। युवा कवि विकास कुशवाहा ने फिर मुस्करान लगी आज चैईत की लाल टहनी झूमन लगी गेहूंअन की बाली जैईसे झूमई मृगनयनी सुनाई। कवि कुमार विवेक ने होली में सबसे मिले, भूले सभी




मलाल। अपनेपन के रंग से रंगी बने गुलाल सुनाकर खूब तालियां बटोरी। कवि अनिल द्विवेदी %मनीषी ने नेह के रंग रंगै सबही और प्रेम पगै यह होरी है। आनंद अबीर गुलालन से सब भाल सजै यह होरी है, सुनाकर सभी श्रोताओं को होली के रंग से सराबोर कर दिया। कवि आदित्य मिश्र ने अपनी रचना दर्द वावस्ता जिंदगी से, फिक्र कौन करे। जलजले आते है, जाते हैं, फ़िक्र कौन करे, सुनाई। वरिष्ठ कवि अनिल द्विवेद्वी तपन ने चलऊ घूमि आमई साइयां गंगा के तीर, हनाएं आमई जिऊ भरि गंगा के नीर, सुनाई। कवि सस्मित द्विवेदी ने जब भी तुमने उसे देखा,

तैर गई तुम्हारे आंखों में एक उलझे आदमी की शक्ल सुनाई। कवि उमाशंकर साहिल ने जमीं पर रहकर भी सितारों से होड़ लेता है, जो रखता है तो मणि के मानिंद वरना केंचुल सा छोड़ देता है। कवि शशांक त्रिपाठी ने अपनी रचना जाति पाति के भेदभाव का हमको जिम्मेदार बताते, करते आलोचना हमारी हमको मनुवादी बतलाते सुनाई। वहीं काव्य गोष्ठी में युवा कवि रितिक दुबे, अजीत राय, पंडित महेश चंद्र शर्मा, योगेश तिवारी योगी, पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, गौरव शुक्ला, प्रांजल राय आदि कवियों व शायरों ने अपनी शानदार रचनाएं पढ़कर श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। समापन पर सुलभ कला मंच की ओर से कार्यक्रम के आयोजक उत्कर्ष अग्निहोत्री %शिवम% व कवि गौरव शुक्ला ने आये हुये कवियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया और सतत कार्यक्रमों से साहित्यानुरागियों को जोड़े रखने की बात कही। काव्य गोष्ठी में प्रमुख रूप से अंकित शुक्ला एडवोकेट, पवन त्रिवेदी, महेंद्र वाजपेई, जय वाजपेई, पीयूष तिवारी, राहुल तिवारी समेत क्षेत्रीय गणमान्यजन मौजूद रहे।

# युवक की ईंट से कूचकर हत्या, छह पर मुकदमा दर्ज

- शव को नगर पंचायत के भवन में गड्ढा खोदकर दफनाया
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को किया बरामद, कराया पीएम



जांच पड़ताल करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

रंजिशन युवक की ईंट से कूचकर हत्या कर शव को कमरे में दफना दिया। पुलिस ने कमरे से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार मेरापुर थाना क्षेत्र के संकिसा बसंतपुर निर्माणाधीन नगर पंचायत भवन में ठेकेदार नरेंद्र सिंह यादव ने जनपद कन्नौज कोतवाली छिबरामऊ गांव सबसुखपुर निवासी कमलेश शाक्य पुत्र सोबरन सिंह सहित आधा दर्जन मजदूर निर्माणाधीन नगर पंचायत भवन में प्लास्टर कार्य हेतु लगाए थे। होली पर कमलेश शाक्य अपने घर चला गया था। बुधवार को कमलेश शाक्य पुत्र सोबरन सिंह गांव के ही अंकुश उर्फ बजरंगी शाक्य को जनपद एटा थाना नयागांव के कस्बा सराय अगहत में नुमाइश दिखाने के लिए अपने साथ बुला लाया। सराय अगहत में अंकुश को कुछ देर नुमाइश दिखाई। उसके बाद अंकुश को संकिसा बसंतपुर नगर पंचायत भवन में ले गया। बुधवार/गुरुवार की रात कमलेश शाक्य ने अंकुश की ईट पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी और शव को अपने साथी मजदूरों की मदद से नगर पंचायत भवन के एक कमरे में फावड़े से गड्ढा खोदकर दफना दिया।

गुरुवार शाम घटना की जानकारी मेरापुर पुलिस को दी गई।

पुलिस ने मौके पर पंहुचकर कमलेश शाक्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की, पर उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जब पुलिस ने उससे कड़ाई से पूंछतांछ की तब उसने पुलिस को बताया कि तीन माह पूर्व अंकुश ने मेरी मां के साथ गाल-गलौज कर हाथापाई कर दी थी।

इसी रंजिश में मैंने अंकुश उर्फ बजरंगी की हत्या कर दी और अपने साथी मजदूरों की मदद से अंकुश के शव को नगर पंचायत भवन के कमरे में फावड़े से गड्ढा खोदकर दबा दिया। शुक्रवार सुबह मेरापुर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने सदर तहसीलदार सनी कनौजिया की मौजूदगी में सफाई कर्मचारियों की मदद से कमरे में गड्ढे से अंकुश का शव बरामद कर लिया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह, कायमगंज सीओ सतेंद्र सिंह ने मौके पर पंहुचकर जांच पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। मेरापुर पुलिस ने थाना नबाबगंज क्षेत्र के गांव वीरपुरनादी निवासी सुधीर, आशीष, कमलेश उर्फ भूरे, धीरज उर्फटिंकू, श्याम सिंह तथा जनपद कन्नौज थाना छिबरामऊ के गांव सबसुखपुर निवासी कमलेश शाक्य के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। मेरापुर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। छह लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मायके से पति के साथ नहीं लौटी पत्नी पति फांसी के फंदे पर झूला, मौत

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नौली निवासी पवन उर्फ हलवाई पुत्र शिवमंगल सिंह उम्र 23 वर्ष ने शीशम के पेड़ पर शर्ट के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पंहुचकर साक्ष्य जुटाए। कायमगंज सीओ सतेंद्र सिंह ने मौके पर पंहुचकर जांच पड़ताल की।



मौके पर मौजूद ग्रामीण व साक्ष्य जुटाती फोरेंसिक टीम

जानकारी के अनुसार पवन बीते दिनों अपनी पत्नी रंगोली को उसके मायके नगला निमी थाना मऊदरवाजा से बुलाने के लिए गया था, लेकिन पत्नी रंगोली ने पति पवन के साथ आने से इन्कार कर दिया। गुरुवार को पवन अपनी ससुराल से वापस घर आ गया और शुक्रवार सुबह उसने गांव के बाहर खेत में खड़ी शीशम के पेड़ पर शर्ट के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उधर से गुजर रहे लोगों ने पेड़ पर शव लटका देखा, तो घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। परिजनों के साथ काफी ग्रामीण मौके पर पंहुच गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पंहुचकर जांच पड़ताल की। अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर पत्नी रंगोली भी मौके पर आ गई। मृतक पवन के एक 6 माह की पुत्री है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



होली मिलन कार्यक्रम में ठुमके लगातीं बार बालायें

## भाजपा के होली मिलन में बार बालाओं ने लगाये ठुमके

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के होली मिलन सामारोह में बाल बालाओं ने जमकर ठुमके लगाए। भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर का जैसे ही कार्यक्रम में आगमन हुआ उन्होंने इस पर नाराजगी जताते हुए कार्यक्रम से जाने की बात कही। जिस पर कार्यक्रम के आयोजकों ने तत्काल कार्यक्रम बंद करवा दिया। कमालगंज कस्बे के एक विद्यालय में भाजपा ने होली मिलन सामोरह का आयोजन किया। जिसमें सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य सहित भाजपा के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। ऐसे में कार्यक्रम के आयोजक ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शीलचंद्र राजपूत ने जनता के मनोरंजन के लिए बार-बालाओं से जमकर ठुमके लगवाए। भोजपुर विधायक ने जैसे ही इस प्रकार के अश्लील कार्यक्रम को देखा उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा की अगर उन्हें जानकारी होती तो वह कार्यक्रम में आते ही नही। जिस पर आनन-फानन में कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया एवं अश्लील नृत्य बंद करवाकर राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत करवा दी गयी। इस मौके पर कमालगंज चैयरमेन प्रतिनिधि कृष्ण कुमार शंखवार, जिला महामंत्री फतेहचंद आदि लोग रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर देवदत्त राजपूत ने किया।

## लिफ्ट देने के बहाने महिला का जेवरातों से भरा बैग किया पार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** भाई के साथ मायके आ रही महिला को गाड़ी चालक एवं उसके साथियों ने लूटपाट करके गाड़ी से उतार दिया। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार पीड़िता देवकी पत्नी अतीश निवासी अचरिया खड़िनी थाना सौरिख जनपद कन्नौज ने जहानगंज थाने में शिकायत कर बताया कि वह दिनांक 24 मार्च को छिबरामऊ चौराहे से 11.30 बजे लगभग अपनी ससुराल से मायके नारायणपुर गढ़िया आ रही थी। रास्ते में एक सफेद गाड़ी जिसमें सफेद रंग के शीशे लगे थे, उसके चालक ने मेरे भाई एवं मुझे बैठा लिया। और कहा हम तुम्हें जहानगंज छोड़ देंगे। जिसका नंबर मुझे नहीं मालूम है। उन लोगों ने बहोरिकपुर में गाड़ी रोकी मेरा बैग उसी गाड़ी में था। जिसमें एक अंगूठी, एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी तोड़ियां, एक जोड़ी झाले, मंगलसूत्र एवं चांदी की पेटी थी। उन लोगों ने वहां पर मुझे वह मेरे भाई को गाड़ी से उतार दिया और और गाड़ी लेकर मौके से भाग गए , जबकि मेरा बैग नहीं दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सूफी संत की समाधि पर बही भक्ति की सूफियाना बहार



जलसे में मौजूद अकीदतमंद



समाधि पर सजदा करते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सूफी संत महात्मा रामचंद्रजी महाराज का सालाना जलसा फतेहगढ़ स्थित उनकी समाधि पर शुक्रवार को पूरी शान-ओ-शौकत के साथ शुरु हुआ। देश भर से आये उनके अनुयाइयों ने समाधि पर आन्तरिक अभ्यास (ध्यान) एवं शान्तिपाठ में भाग लिया। सजदा करने वालों में पूर्व जिला जज अलका श्रीवास्तव एवं दिल्ली सरकार के आम आदमी पार्टी के विधायक अनिल बाजपेयी भी शामिल रहे। देश के चार बड़े सिलसिलों में से एक नक्सबन्दिया सिलसिले के 36वें गुरु सूफी संत महात्मा रामचंद्र के सालाना जलसे में पूर्व जिला जज अलका श्रीवास्तव एवं दिल्ली गांधी नगर के आम आदमी पार्टी के विधायक अनिल बाजपेयी सहित अनेक प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारी शामिल हुए तथा शान्तिपाठ एवं आन्तरिक अभ्यास में भाग लिया। जलसे मे शामिल अनुयाई खुद को रुहानी ताकत से जोड़कर महात्मा रामचंद्र की याद में खोये नजर आये।

जलसे को संबोधित करते हुए महात्मा जी के प्रपौत्र सूफी संत विनय सक्सेना ने कहा कि रामचंद्र ने धार्मिक कट्टरता से ऊपर उठकर सर्व धर्म सम्भाव का पाठ पढ़ाया तथा निरंकार ब्रह्मा से जुड़ने की पद्धति सिखायी। ग्वालियर से पधारीं जोत्सना श्रीवास्तव ने महात्मा रामचंद्र की शान में प्रस्तुति की-तेरे दामने करम का जिसे मिल गया सहारा, हर एक मौज तूफां खुद बन गयी किनारा। समारोह में महात्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर पुस्तकों की प्रदर्शनी लगायी गई। रामचंद्र की पौत्रवधू माधुरी सक्सेना से भक्तों ने आशीर्वाद लिया। सामूहिक भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रदीप बिसारिया, समीर सक्सेना, गिरीशचंद्र बाथम, रामबाबू, डॉ0 वीरेंद्र कुमार सक्सेना, मौलाना इरशाद हुसैन एवं राजीव भगौलीवाल आदि ने व्यवस्था संभाली।

## चार का शांतिभंग में चालान

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** गांव लोधीपुर निवासी रजनीश, रिषीपाल, पुरौरी निवासी पप्पू व बिल्हा निवासी जगतपाल को शुक्रवार सुबह पुलिस ने पकड़ लिया। सभी का शांतिभंग में चालान कर दिया। एक आरोपित का तमंचे के साथ फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस ने उस युवक का भी शांतिभंग में चालान कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने मोटी रकम लेकर युवक का शांतिभंग में चालान किया है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## युवती ने पिया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर से सटे गांव जौरा निवासी अमित की 17 वर्षीय पुत्री प्रिया ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

## जुमे की नमाज पर पुलिस रही अलर्ट



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद जिले में भी अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस ने नगर के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर भी पुलिस एलर्ट रही। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल मौजूद रहा। संवेदनशील इलाकों में रूट मार्च हुआ। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी गयी। शुक्रवार को माह-ए-रमजान के तीसरे जुमे की नमाज के दौरान नमाजियों में खासा उत्साह देखने को मिला। जामा मस्जिद में इमाम मुफ्ती मोअज्जम अली की कयादत में जुमे की नमाज अदा की गई। शहर में नेहरु रोड की जामा मस्जिद व टाउनहाल काजी साहब की मस्जिद के बाहर पुलिस तैनात रही। फतेहगढ़ के याकूतगंज मस्जिद में कोतवाल हरीशरण फोर्स के साथ डटे रहे। नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर गजराज सिंह, सीओ सिटी प्रदीप कुमार पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमण शील रहे।

# हत्या के मामले में पिता-पुत्र सहित तीन को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हत्या के मामले में अपर जिला जज कोर्ट संख्या-6 डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने अभियुक्त राधा कृष्ण उर्फ बुल्ली पुत्र तिलकराम, गौरव, शिवम पुत्रगण राधाकृष्ण निवासी ग्राम अमृतपुर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। विगत 12 जून 2018 को थाना अमृतपुर निवासी राजीव कुमार पुत्र मुन्नूलाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि वह अपने पिता मुन्नूलाल व पुत्र सुर्यांश उर्फ तन्नू के साथ सुबह 7 बजे खेत में चारा काटने गया था। बगल में पारिवारिक चाचा का खेत है। राधाकृष्ण उर्फ बुल्ली पुत्र तिलकराम और उनके बेटे गौरव, शिवम उर्फ कल्लू व राघव उर्फ कोमल उनके खेत में आ धमके और खेत की बाउंड्री तोड़ने को कहा। राधाकृष्ण उर्फ बुल्ली, गौरव, शिवम उर्फ कल्लू ने अपनी गोट से देशी पिस्तौल निकाल ली। फिर राधाकृष्ण ने उन्हें मारने के लिए उकसाया और कोमल के हाथ में लाठी थी। पीड़ित राजीव और उसके परिवार के सदस्य डरकर भाग गये। राधाकृष्ण उर्फ बुल्ली व गौरव ने पीड़ित के बेटे सूर्यांश उर्फ तनू को गोली मार दी। शिवम ने मेरे ऊपर फायर किया, मेरे बैठ जाने पर फायर मिस हो गया और मैं बच गया। इस दौरान सभी ने शोर मचा दिया और इन लोगों को पकड़ने की कोशिश की। कई ग्रामीण मौके पर आ गये, तभी कोमल ने शिकायतकर्ता के सिर पर लाठी से हमला कर दिया। जिससे उसे चक्कर आ गया। मुन्नूलाल ने लाठी के बार को रोकने का प्रयास किया, तो राधाकृष्ण ने कोमल के हाथ से लाठी छीन ली और फरियादी के पिता के सिर पर कई वार किये। आरोपियों ने तमंचे की बट से पीटा। लोगों को आता देख आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पुत्र को आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज कोर्ट संख्या-6 डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने अभियुक्त राधा कृष्ण उर्फबुल्ली पुत्र तिलकराम, गौरव, शिवम पुत्रगण राधाकृष्ण निवासी ग्राम अमृतपुर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



मृतका का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतका के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतका की भाई की तहरीर पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम खिनमिनी निवासी 36 वर्षीय सीमा देवी श्रीवास्तव पत्नी सर्वेश कुमार ने बीती रात घर के कमरे में दीवार की खूंटी में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी पाकर मृतका का भाई सोनू श्रीवास्तव निवासी नया गनीपुर नवाबगंज मौके पर पहुंचा। उसने थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि उसकी बहन सीमा का विवाह लगभग 16 साल पूर्व धूमधाम से सर्वेश के साथ हुआ था। उन्हें सूचना मिली कि उसकी बहन सीमा की मौत हो गयी है। जिस पर परिजनों के साथ पहुंचा। फिलहाल मौत का कारण ज्ञात नहीं हो सका। मृतका की भाई की तहरीर पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# अपहरण के तीन अभियुक्तों पर दोष सिद्ध, सजा पर सुनवाई आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्रीरामनगरिया में प्रसाद बेचने की दुकान लगाए युवक का बदमाशों ने 26 साल पहले अपहरण कर लिया था। इस मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार ने तीन बदमाशों को दोषी करार देते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। शनिवार को सजा पर सुनवाई होगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता सुदेश प्रताप सिंह ने बताया कि अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव आसमपुर वली पट्टी निवासी रामदयाल ने सात फरवरी 1998 को मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें कहा गया था कि उनका पुत्र रामऔतार उर्फ कल्लू पांचाल घाट पर मेला श्रीरामनगरिया में प्रसाद बेचने की दुकान लगाए था। उसके साथ रात में गांव के ही शेर सिंह यादव व गुरुदयाल सो रहे थे। 20 जनवरी 1998 की देर रात 10-11 बदमाश आए और रामऔतार का अपहरण कर ले गए। दूसरे दिन उन्हें घटना की जानकारी हुई। इस पर उन्होंने खोजबीन की। पुलिस ने कटरी क्षेत्र में कई दिनों तक तलाशी अभियान चलाया। बदमाशों के चंगुल से उनके पुत्र को मुक्त करा लिया। पुलिस ने अमृतपुर क्षेत्र निवासी रामप्रताप, रामपाल, नरवीर, रामप्रकाश, देशराज, मनोहर, सोनपाल, भूरा पुत्र गंगाराम, भूरा पुत्र फूलन, शंभू व राकेश के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायाधीश ने अपहरण में भूरा पुत्र फूलन, रामप्रताप व सोनपाल को दोषी करार दिया गया है। मुकदमा विचारण के दौरान रामपाल, नरवीर, रामप्रकाश, देशराज व मनोहर की मौत हो गयी। अभियुक्त भूरा पुत्र गंगाराम व शंभू को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। एक अन्य आरोपित राकेश की पत्रावली की अलग सुनवाई चल रही है। शनिवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई होगी।

# कलुआ गैंग का साथी देवेन्द्र उर्फ फौजी को फांसी की सजा व 7 लाख 5 हजार का जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान अभियुक्त देवेंद्र उर्फ फौजी

कुख्यात अपराधी कलुआ गैंग व उसके सदस्यों द्वारा पुलिस पार्टी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गयी थी। जिसमें तीन पुलिस कर्मियों व एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। इसी मामले में विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र/अपर सत्र न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने अभियुक्त कलुआ गैंग के सदस्य देवेन्द्र कुमार उर्फ फौजी पुत्र रक्षपाल निवासी परनिया थाना बीसलपुर पीलीभीत को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा व 7 लाख 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

कोतवाली कायमगंज के उपनिरीक्षक आनन्द कुमार सिंह ने 9 सितम्बर 2005 को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया था कि हमराह कां0 सुनील कुमार, कां0 रमेश, कां0 महेन्द्र व पीएसी के एचसीपी चन्द्रपाल सिंह, कां0 समसुल, कां0 सरनाम, हे0कां0 दयाराम, नायक कमलेश दीक्षित, लांस नायक इशरत अली, कां0 राजेश सिंह राठौर, कां0 ओमप्रकाश यादव, कां0 दिलीप कुमार, कां0 कौशलेन्द्र दुबे, कां0 दीनदयाल व ग्रामीण सुरेन्द्र, बदन सिंह, रामनरेश, श्रीपाल, दूगपाल को साथ लेकर ग्राम गण्डुआ से दो नावों द्वारा इकलहरा से गंगा नदी मार्ग से काबिंग करते हुए जा रहे थे। वापस आते समय जब हम लोग 1 किलोमीटर आगे निकले, तभी पहले से घात लगाए बैठे अपराधी गैंग लीडर कल्लू यादव के सदस्यों ने हम लोगों पर जान से करने के नियत से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षा हेतु जवाब में फायरिंग की। कल्लू यादव के साथ नरेश धीमर पुत्र बलवंत सिंह निवासी चचुआपुर थाना जलालाबाद शाहजहांपुर, देवेंद्र उर्फ फौजी पुत्र राजपाल निवासी पारलिया थाना बीसलपुर पीलीभीत, विनोद पंडित निवासी कारव थाना कलान शाहजहांपुर व 5-6 अन्य बदमाश से मुठभेड़ की। सूचना थाना कपिल व उच्चाधिकारियों को दी गई।

मुठभेड़ में पीएसी के एचपी चंद्रपाल सिंह, लांस नायक इशरत अली, कांस्टेबिल दिलीप कुमार तिवारी व ग्रामीण दूगपाल की मृत्यु हो गई। पीएसी के नायक कमलेश दीक्षित, कांस्टेबिल ओमप्रकाश यादव, कांस्टेबिल राजेश सिंह राठौर, थाना कपिल के आरक्षी रमेश बाबू व ग्रामीण सुरेंद्र, बदन सिंह यादव, रामनरेश, श्रीपाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

पुलिस ने धारा 147, 148, 149, 302, 307 व 14 दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम में उक्त बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। सुनवाई के दौरान 2 नवम्बर 2006 को अभियुक्त विनोद पंडित, नरेश धीमर की शेष अभियुक्तण की पत्रावली से पृथक की गई तथा 18 जनवरी 2024 के आदेश द्वारा अभियुक्त रामपाल उर्फ भगत पत्रावली की भी अन्य अभियुक्तों की पत्रावली से पृथक की गई। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र/अपर सत्र न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने अभियुक्त कलुआ गैंग के सदस्य देवेन्द्र कुमार उर्फ फौजी पुत्र रक्षपाल निवासी परनिया थाना बीसलपुर पीलीभीत को दोषी करार देतु हुए धारा 148 में तीन वर्ष का कारावास व 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 307/149 में आजीव कारावास व 2 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

जुर्माना अदा न करने पर छह माह का कठोर कारावास भुगतना होगा। धारा 302/149 में मृत्युदण्ड व 5 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर छह माह का कठोर कारावास भुगतना होगा। वहीं अभियुक्त को गर्दन से जब तक लटकाया जाये जब तक उसकी मृत्यु न हो जाये। वहीं कुख्यात अपराधी कलुआ गैंग के सदस्य बहौरा पुत्र फूलन, रामप्रताप व सोनपाल को दोषी करार दिया गया है।

## अधिवक्ता ने अभियुक्त की मानसिक स्थिति ठीक न होने की दायर की थी याचिका

**फर्रुखाबाद।** कुख्यात अपराधी कलुआ गैंग के साथी देवेन्द्र कुमार उर्फ फौजी को 19 जनवरी को दोषसिद्ध किया गया था।

अभियुक्त के वकील की ओर से न्यायालय में अभियुक्त की मानसिक स्थिति ठीक न होने की याचिका दायर की थी। जिस पर न्यायालय ने जेल से मेडिकल रिपोर्ट मांगी थी। मेडिकल रिपोर्ट आने पर स्थिति साफ हो गयी कि अभियुक्त द्वारा न्यायालय को गुमराह किया जा रहा था। जिस पर न्यायालय ने उसे फांसी की सजा से दंडित कर दिया।

# आधा दर्जन से अधिक का शांतिभंग में चालान



पुलिस हिरासत में आरोपी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना पुलिस ने लड़ाई झगड़ा कर रहे आधा दर्जन से अधिक लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जटपुरा किराचन निवासी सनोज पुत्र नेक्से उम्र 22 वर्ष, मनोज पुत्र नेक्से उम्र 26 वर्ष, नन्हें पुत्र नेक्से उम्र 20 वर्ष, सुखबीर पुत्र भग्गू उम्र 30 वर्ष, महावीर पुत्र भग्गू उम्र 33 वर्ष समस्त निवासीगण जटपुरा किराचन थाना अमृतपुर व मनोज पुत्र बटेश्वर उम्र 24 वर्ष, महेंद्र पुत्र बटेश्वर उम्र 20 वर्ष निवासीगण भुवनपुर थाना अमृतपुर को लड़ाई झगड़ा करने के आरोप में गिरफ्तार कर सभी का शांतिभंग में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय अमृतपुर में पेश किया।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज प्रथम विष्णु चंद्र वैश्य ने गैर इरादतन हत्या के मामले में चंद्रवीर सिंह पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम अरसानी मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए 30 मार्च की तिथि नियत की गयी है। जानकारी के अनुसार बीते 30 वर्ष पूर्व कोतवाली मोहम्दाबाद क्षेत्र के ग्राम मौधा निवासी कबीर ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मैं अपने खेत में हल चला रहा था। मेरा भाई बाल्मीकि व पिता खेत के कोने आदि खोद रहे है थे, तभी मेरे गाँव के ही सतेंद्र, ओमप्रकाश, रामप्रकाश मेरे खेत में भैंस चराने लगा। मैंने भैंस चराने से मना कर दिया। जिस पर उक्त लोग बिगड़ने लगे। उक्त लोग जो अपने हाथ में लाठी लिये थे, चला दी और अपने साथी बुला लिये और जमकर मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार पर विष्णु चंद्र वैश्य ने चंद्रवीर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दू पर सुनवाई के लिए 30 मार्च की तिथि नियत की गयी है।

होनहार बिरबान के होत चिकने पात...

# जनपद के बेटे ने अमेजन कम्पनी हैदराबाद में एसडीईवन पोस्ट पर पहुंचकर किया नाम रोशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

होनहार बिरबान के होत चिकने पात। जो पौधा आगे चलकर बड़ा वृक्ष होने वाला होता है, छोटा होने पर भी उसके पत्तों में कुछ-न-कुछ चिकनाई होती है, इसी को बोलते हैं कि होनहार बिरबान के होत चिकने पात। यह पंक्तियां समीर आनंद पर सटीक बैठती है। ब्लूवेल स्कूल में पढ़े बचपन से ही मेधावी समीर आनंद इन दिनों हैदराबाद में साफ्टवेयर इंजीनियर (एसडीईवन) पोस्ट पर तैनात है। पिछले एक वर्ष से उन्होंने कड़ी मेहनत कर यहां तक पहुंचकर अपने परिवार व अपने जनपद का नाम रोशन किया है। न्यू इंदिरा नगर कालोनी राजन नगला भोलेपुर निवासी समीर आनन्द अपने को सौभाग्यशाली मानते है कि उनके शिक्षक पिता संतोष कुमार व मां शिक्षिका शोभा कुमारी के घर जन्म लेकर उन्होंने जनपद स्तर पर एक पहचान बनायी है। 23 वर्षीय समीर आनन्द ने अपनी इंटरमीडिएट तक पढ़ाई करने के बाद इंजीनियरिंग को चुना और ट्रिपल आईटी बड़ौदरा कॉलेज गुजरात से साफ्टवेयर इंजीनियर की डिग्री प्राप्त कर अमेजन कम्पनी में कुछ ही महीनों के अंतराल में 55 लाख का साल भर के लिए पैकेज मिला है। उन्होंने युवा छात्र-छात्राओं से अपील की है कि आप अपना मार्ग चुने सफलता निश्चित मिलेगी। हर क्षेत्र में कार्य है। वस मेहनत करने की जरुरत है। कैरियर बनाने के लिए इंजीनियरिंग अच्छी लाइन है। समीर आनन्द के पिता संतोष कुमार ने बताया कि मैं छोटे से गांव उखरा विकास खण्ड मोहम्मदाबाद का निवासी हूं। मैं किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंदन गनेशपुर में प्रधानाचार्य हूं। मेरी पत्नी शोभा कुमारी कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय पंतौजा कमालगंज में इंचार्ज प्रधानाध्यापक है। मैंने अपने बच्चों की परवरिश पर पूरा ध्यान दिया। आज उन्होंने मेरा नाम रोशन करके दिखा दिया है। मुझे अपने बेटे पर गर्व है। ऐसे ही सभी बच्चे अपने परिवार का नाम रोशन करें।


समीर आनन्द अपने पिता संतोष कुमार के साथ

## होली मिलन समारोह में बच्चों को शिक्षित बनाने पर जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड क्षेत्र राजेपुर के ग्राम दहेलिया में पारंपरिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। क्षत्रिय समाज के चौधरी विशेश्वर सिंह ने हरनाम सिंह, रक्षपाल सिंह, दिनेश सिंह, शिवपाल सिंह, राहुल सिंह आदि लोगों के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

अध्यक्षता पूर्व डीजीसी सुरेन्द्र सिंह सोमवंशी ने की। मुख्य अतिथि सवायजपुर के राजा दिनेश प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि संजय सोमवंशी, संरक्षक जयंत दीक्षित का जागेश्वर सिंह व अनुराग सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। मुख्य अतिथि ने समाज को संगठित होने पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि संजय सोमवंशी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि राजनीति में सक्रिय भागीदारी करें। जयंत दीक्षित ने कहा कि लोग शिक्षा पर ध्यान दें। शिक्षा के बल पर हर व्यक्ति आगे बढ़ सकता है। भूपेन्द्र प्रताप सिंह, सत्यपाल सिंह प्रगल, रघुवीर सिंह, अनिल प्रताप सिंह, सर्वेश दीक्षित, नरेन्द्र सोमवंशी, लक्ष्मण सिंह, रक्षपाल सिंह आदि लोगों ने विचार व्यक्त किये। वैभव सोमवंशी व विजय प्रताप सिंह ने कविता सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


होली मिलन समारोह में विचार व्यक्त करते महेशपाल सिंह उपकारी


ग्रामीणों के साथ सुरेन्द्र सिंह गौर, भोला यादव आदि

## सुरेन्द्र सिंह गौर व भोला यादव ने सपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगला झब्ब में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर व अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह भोला यादव ने सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य के लिए जन सम्पर्क कर वोट मांगे। नगला झब्ब, नगला चंदन, दनियापुर, हीरामन, धूरीहार, नया नगला, दुनाया, बीसलपुर बांगर, मंझना आदि गांव में जन सम्पर्क कर वोट मांगे। सेक्टर व जोन प्रभारी सुरेन्द्र सिंह गौर ने सपा प्रत्याशी के लिए माहौल बनाया। विधानसभा जोन प्रभारी संजीव यादव, सेक्टर प्रभारी रामवरन, छविराम, मित्रसेन, वरन सिंह, अवधेश फौजी, अंकित राजपूत आदि लोगों ने संघन जन सम्पर्क किया।

## 12 दिन बाद ईओ के हस्तक्षेप से रामलीला गड्ढा के निवासियों को मिल पाया पानी

- पालिकाध्यक्ष व सभासद को ज्ञात होने के बाद भी 12 दिन तरसना पड़ा एक-एक बूंद पानी के लिए

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पिछले 12 दिनों के बाद नगर पालिका जलकल विभाग की नींद जागी। आखिरकार रामलीला गड्ढा के वासिंदों की आवाज सुनाई पड़ी और उन्हें शुक्रवार को अपनी टीम के साथ पाइप लाइन सही की। यह कार्य मात्र 4-5 घंटे का था। उसके बावजूद भी 12 दिनों तक रामलीला गड्ढा में रहने वालों को एक-एक पानी की बूंद के लिए तरसना पड़ा। स्थानीय सभासद को जानकारी देने के बाद भी समाधान नहीं हुआ।

इसकी आवाज नगर पालिका अध्यक्ष तक पहुंचायी गई।

उसके बाद अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार के पास लिखित जब ज्ञापन पहुंचा तब उन्होंने संज्ञान में लेते हुए टीम भेजी और गड्ढा खुदवाकर पाइप लाइन को दुरुस्त करवाया। पाइप लाइन में एयर व चोक हो जाने के कारण जलापूर्ति बाधित थी। जिस कारण 12 दिन तक लगभग 500 परिवारों को पानी के लिए तरसना पड़ा। ऐसे में नगर पालिकाध्यक्ष व सभासद काम नहीं आये। आखिरकार अधिशासी अधिकारी के पास जब ज्ञापन पहुंचा तो उन्होंने संज्ञान में लिया और टीम ने कार्य को अंजाम देते हुए रामलीला गड्ढा के लोगों को जलापूर्ति पहुंचाकर समस्या का समाधान किया। ऐसे में अधिशासी अधिकारी को स्थानीय लोगों ने कार्य करने पर बधाई दी है। वहीं पालिकाध्यक्ष व सभासद के रवैये के प्रति नाराजगी भी जतायी है और कहा कि जनता के हितैशी जो लोग नहीं होते है वह मत मांगने का भी अधिकार खो देते है। आने वाले समय में लोग जबाव देने के लिए तैयार है।

जबकि स्थानीय सभासद शक्ति सिंह कुशवाहा ने पाइप लाइन ठीक होने के बाद मोहल्ले में लोगों से हालचाल लिये और बताया कि हमने भी पाइप लाइन लीक होने की बात नगर पालिका अध्यक्ष व संबंधित अधिकारियों को बतायी थी। जिसके चलते पाइप लाइन ठीक की गई है।


पाइप लाइन की मरम्मत करते कर्मचारी

## पाक्सो एक्ट के मामले में युवक को पांच वर्ष का कारावास

- विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया
- आठ वर्षो बाद पीड़ित पक्ष को मिला न्याय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले में अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने सतीश चंद्र पुत्र अंतू निवासी सिलार चौराहा थाना कमालगंज को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष का कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

बीते 8 वर्ष पूर्व कमालगंज क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरी 14 वर्षीय पुत्र दोपहर 2 बजे को खेत में शौच करने गयी थी। सतीश ने मेरी पुत्री को पकड़ लिया तथा मेरी पुत्री के साथ अश्लील हरकतें करने लगा और कपड़े फाड़ दिए। मेरी पुत्री के चीखने चिल्लाने पर आसपास के लोग भी आ गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार, अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने सतीश चंद्र को दोषी करार देते हुए 5 वर्ष का कारावास व 30 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया है।

## सपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने मुस्लिम क्षेत्रों में किया दौरा


विचार व्यक्त करते आकिल खान

- प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य के लिए किया जन सम्पर्क

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सपा प्रत्याशी के लिए अपनी कौम की नवज टटोलेने पहुंचे अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष के साथ पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना इरफान उल हक कादरी ने जन सम्पर्क किया और लोगों से मुलाकात की। नवाबगंज स्थित अल्पसंख्यक सभा के नगर अध्यक्ष सलमान पठान के निवास पर बैठक सम्पन्न हुई।

जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य को जिताने की रणनीति बनायी गई। साथ ही अल्पसंख्यक गांव में सपा प्रत्याशी के लिए जन सम्पर्क किया। लोकसभा प्रभारी तथा समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना इरफान उल हक कादरी ने मुस्लिम गांव में जनसंपर्क कर प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। उन्होंने ग्राम जाफर नगर, नया गनीपुर, सिरमौरा बांगर सहित कई मुस्लिम गांव में पहुंचे और सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य को भारी मतों से जिताने की अपील की। अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में समाजवादी पार्टी से लोग जुड़े।

इस मौके पर इलियास मंसूरी, मुलायम सिंह ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष इजहार खान, मतीन खान, आकिल खान, मोबीन खान, निजाम अंसारी, सलमान खान, साबिर खान, फिरोज खान, आरिफ खान, अबरार खान, सद्दाम खान, जमीर खान, अशफाक खान आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### होली मिलन समारोह आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्व0 पं0 विमल प्रसाद तिवारी स्मृति संस्थान द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन 30 मार्च शाम 5:30 बजे अग्रवाल धर्मशाला सेठ गली में आयोजित होगा। यह जानकारी आदेश तिवारी ने दी है।

### महिला को लगा करंट

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल के गांव कटिया निवासी नीलोफर (38) पत्नी उमर खां को करंट लग गया और वह अचेत हो गयी। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये।

### मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव भटासा निवासी सुधीर (55) व कम्पिल के गांव पलीतपुरा निवासी सोनू (20) मार्ग दुर्घटना मे घायल हो गए। दोनों घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

### ऊंचाई से गिरकर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी राहुल (22) ऊंचाई से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

### सीढ़ियों से गिरकर महिला घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल नगर निवासी रीता देवी (40) सीढ़ियों ने गिरकर गंभीर घायल हो गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## अवधारणाओं को साम्प्रातिक नैतिकता की आधुनिक समाज एवं शिक्षा पर डाला गया प्रकाश



संगोष्ठी को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता


संगोष्ठी में मौजूद अध्यापक व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय महाविद्यालय में द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ डॉ. संदीप द्विवेदी ने वैदिक मंत्र एवं मंगलाचरण के साथ किया। संगोष्ठी का विषय भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 है। सरस्वती वंदना महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत की। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन किया। मुख्यअतिथि रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली के शिक्षा शास्त्र विभाग प्रो0 केके चौधरी व विशिष्ट अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय संकाय प्रमुख एवं अध्यक्ष, शिक्षा शास्त्र विभाग के प्रो. दिनेश कुमार रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के अध्यक्ष राजेन्द्र त्रिपाठी ने की। प्राचार्य डॉ. रमन प्रकाश ने अतिथियों का वाचिक स्वागत व परिचय दिया। संगोष्ठी समन्वयक डॉ. रमाशंकर ने कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा की आधुनिक परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता व मूल्य पर प्रकाश डाला। सचिव डॉ. मधुप कुमार ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक बिहारी लाल ने किया। तकनीकी सत्र प्रथम डॉ. संदीप कुमार द्विवेदी के संचालकत्व में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता डॉ. आशीष अग्निहोत्री ने की।

मुख्य वक्ता डॉ. सर्वेश कुमार शाण्डिल्य ने ईशावास्यमिदं सर्व, नान्यः पन्थाः विद्यतेयनाय आदि औपनिषदिक नैतिक अवधारणाओं को साम्प्रातिक नैतिकता की आधुनिक समाज एवं शिक्षा में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता के रुप में एनएकेपी डिग्री कालेज की विभागाध्यक्ष शिक्षा शास्त्र की प्रो0 पारुल मिश्रा ने नई शिक्षा नीति की आवश्यकता पर अपना उद्बोधन दिया।

सत्र में 20 शोधपत्रों का वाचन हुआ। समानांतर ऑनलाइन तकनीकी सत्र डॉ. निधीश सिंह के संचालन में सम्पन्न हुआ। जिसमें 50 शोध पत्रों का वाचन हुआ।

## मानव जाति की रक्षा के लिए प्रभु यीशु मसीह ने बलिदान दिया: पादरी जयपाल मैसी

- गिरिजाघरों में विशेष आराधना के साथ गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु मसीह को याद कर की आराधना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुड फ्राइडे ईसाई समुदाय का बहुत खास पर्व है। इसे शोक दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को ग्रेट फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे भी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि मानव जाति की रक्षा के लिए प्रभु यीशु ने बलिदान दे दिया था। यीशु को यहूदी शासकों ने शारीरिक और मानसिक रूप से कई यातनाएं दीं और उन्हें सूली पर चढ़ा दिया। जिस दिन यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था वो दिन शुक्रवार था। इसलिए यह दिन गुड फ्राईडे के रूप में जाना जाता है। इसी वजह से ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु के बलिदान को याद करते हैं।

यह दिन ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए बेहद ही खास होता है। इस दौरान ईसाई समुदाय के लोग गिरजाघरों में जाकर प्रार्थना करते हैं। साथ ही प्रभु यीशु की याद में उपवास भी रखा जाता है। इस उपवास को करने के बाद मीठी रोटी बनाकर खाई जाती है। गुड फ्राइडे ना केवल भारत ही बल्कि दुनियाभर में मौजूद सभी ईसाई लोग मनाते हैं।

सीएनआई बढ़पुर चर्च, ऑल सोल्स चर्च फतेहगढ़ में पादरी जयपाल मैसी ने दुआ के साथ प्रवचन दिये और सात वचनों को बताया। पादरी स्टीफन मसीह ने सिटी चर्च व रखा चर्च में प्रार्थना सभा के दौरान प्रभु यीशु मसीह के संदेश को सुनाया। सीएनआई बढ़पुर चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। पादरी जयपाल मैसी ने कहा कि प्रभु को कटटर पंथियों ने सूली पर चढ़ा दिया था। वह तीन दिन बाद यानी ईस्टर संडे के दिन पुनः जीवित हो उठे थे। तब से यह दिन गुड फ्राइडे के रुप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रभु ने क्रूस पर हमारे लिए अपनी जान क्यू दी थी। उसके महत्व को तथा उस प्रेम को समझाया। सात वचनों पर अलग-अलग लोगों ने प्रकाश डाला। पहले वचन पादरी जयपाल मैसी, दूसरा वचन अरनव मल ने बोला। तीसरा वचन ऐस्तर रोज दयाल, चौथा वचन सुजीत सहाय, पांचवां वचन रोनोश लाल व पादरी जयपाल मैसी ने बोले। सलीब का कारण प्रभु यीशु महीस को सूली पर चढ़ाये जाने के उपलक्ष्य में आयोजित हुई। प्रभु यीशु मसीह ने मानव जाति के उद्धार के लिए सलीब की मृत्यु सह ली।

पादरी स्टीफन मसीह ने कहा कि प्रभु ईसा मसीह प्रेम और शांति के मसीहा थे। दुनिया को प्रेम और करुणा का संदेश देने वाले प्रभु यीशु को उस समय के धार्मिक कट्टरपंथी ने रोम के शासक से शिकायत करके उन्हें सूली पर लटका दिया था। इसी कारण ईसाई धर्म को मानने वाले लोग गुड फ्राइडे को काले दिवस के रूप में मनाते हैं। प्रभु यीशु इस घटना के तीन दिन बाद यानी ईस्टर संडे के दिन पुनः जीवित हो उठे थे। ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे के दिन व्रत रखते हैं। साथ ही वह प्रभु यीशु के बलिदान को याद करते हैं। इस दिन लोग काले रंग के वस्त्र पहनकर प्रभु यीशु के बलिदान दिवस पर शोक मनाते हैं। संचालन विनीता सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रियंका मैसी, जोर्डन राज, राजीव केलाल, भावना लाल, सुजीत सहाय, रितेश आलिव, रविन्द्र जी लाल, सुनील विक्टर, विजय दयाल के अलावा बड़ी संख्या में महिलायें व बच्चे भी मौजूद रहे। प्रभु की याद में गीत गाया गया।


प्रार्थना सभा को सम्बोधित करते पादरी जयपाल मैसी

## पूरे रोजे रखने वालों को मिलता है नेकी का रास्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रमजान का मुकद्दस महीना धीरे-धीरे बीतता जा रहा है। रमजान के तीसरे असरे में नवाजी मस्जिदों में आकर ऐतिफाक करते हैं।

**मौलाना सदाकत हुसैन सैथली** का कहना है पहला असरा रहमत, दूसरा असरा मगफिरत, तीसरा असरा अजावेदोजख से निजात का है। रमजान के तीसरे असरे में इबादत के साथ एतबार से अपने उत्कर्ष का होता है। इस असरे में ऐतिफाक के साथ सुन्नत और शबाब है। लोग काम धंधा छोड़कर मस्जिदों में जाकर खुदा की इबादत करते हैं।

जो सूचना मिलती है उसके अनुसार कार्य करते हैं ऐतिफाक से बैठते हैं। सीरत कमेटी के पूर्व मेम्बर **हसीन खां बांस बल्ली वाले** ने बताया कि ऐतिफाक का मतलब खुदा की इबादत करना, झूठ न बोलना, पूरा ध्यान अल्लाह की इबादत में लगाना। अपनी कमाई का एक हिस्सा गरीबों को दान करना। इसके बदले में अल्लाह कई गुना शबाब देता है। हर मुसलमान पर 30 रोजे फर्ज हैं। जो लोग पूरे रोजे रखते हैं उन्हें नेकी का रास्ता मिलता है।

मुस्लिम मान्यता के अनुसार रोजा रखने वाला, नमाज पढ़ने वाला अल्लाह का बंदा होता है। बदले में अल्लाह उन्हें बरकत से नवाजता है और उनकी खुशियां दोगुनी हो जाती हैं। इस पुनीत कार्य में महिलायें भी कम नहीं हैं। वह भी नमाज पढ़ने के साथ-साथ ऐतिफाक करती हैं और पूरे रमजान भर अल्लाह की इबादत करते हैं।

**रफी अंसारी** ने बताया कि रमजान माह मुस्लिमों की तिलावत का महीना है इसमें रोजेदारों व सभी मुस्लिमों को सदका फितरा जकात आदि समय-समय पर रमजान माह में सभी मुस्लिमों पर बाजिब है। हर मुस्लिम को सदका फितरा जकात जितना जकात निकालते हैं उसका 70 गुना अल्लाह पाक रब रोजेदारों व मोमिनों को रहमत अता फरमाता है। इस माह में जो भी मोमिन अल्लाह के इस माह में रोजे जकात करता अल्लाह उनको जन्नत में जगह देता है।


मौलाना सदाकत हुसैन सैथली


हसीन खां


रफी अंसारी

### केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर बोला हमला

# भ्रष्टाचार की जननी है कांग्रेस पार्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस के पास पैसे ना होने वाले राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए आज यहां कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है। इसके नेता ख़ुद को देश के क़ानून से ऊपर समझते हैं।



अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश का पहला रक्षा घोटाला 1947 में जीप घोटाला कांग्रेस के कार्यकाल में हुआ। इन्हीं की सरकार के समय बोफोर्स घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला समेत अन्य कई घोटाले हुए। इतने सारे पैसे कहां गए? राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे पर इनकम टैक्स नहीं लगता परन्तु सभी दलों को इनकम टैक्स रिटर्न भरना होता है। क्या कांग्रेस इतनी व्यस्त थी कि वह इनकम टैक्स रिटर्न नहीं भर पाई? क्या इनके लिए हम नए कानून बना दें ताकि यह भ्रष्टाचार करें और इनके ऊपर कार्रवाई ना हो? यह इनकम टैक्स रिटर्न ना भरें और इनसे कोई पूछे भी ना? देश के कानून, नियम और संस्थाएं देश के संविधान के नियम से चलती हैं। अगर देश के अन्य सभी राजनीतिक दल अपना इनकम टैक्स रिटर्न भर सकते हैं तो राहुल गांधी की पार्टी क्यों नहीं भर सकती? अनुराग ठाकुर ने कहा कि इंदिरा जी का समय देखेंगे तो आपातकाल के समय मीडिया को दबाया गया, आम लोगों को भी दबाया गया और पॉलीटिकल पार्टी को भी दबाया गया। आज मोदी के नेतृत्व वाले भारत में आम लोगों के साथ-साथ मीडिया सारे तरीके के सवाल पूछने के लिए स्वतंत्र है। अभिव्यक्ति की आजादी हमारे सोच और कार्यशैली में समाहित है। हम सदैव इसके लिए लड़े हैं और खड़े हैं। विपक्षी नेताओं पर जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज से 10 वर्ष पहले देश के आम लोग पूछते थे कि इन भ्रष्टाचारियों को कब सजा मिलेगी। आज जब भ्रष्टाचार के आरोपितों पर जांच एजेंसियां कार्रवाई करती हैं तो आप कहते हैं चुनाव के समय कार्रवाई हो रही है। आज से 10 महीने पहले जब मनीष सिसोदिया को जेल में डाला गया तब कौन से चुनाव थे? संजय सिंह को जब जेल में डाला गया तब कौन से चुनाव थे? सत्येंद्र जैन इतने दिनों से जेल में हैं, उन्हें जमानत नहीं मिल रही। उस समय कौन से चुनाव थे? सच्चाई यह है कि यह लोग भ्रष्टाचारी हैं और जांच एजेंसियां इनके खिलाफ स्वतंत्रता से कार्रवाई कर रही हैं।

## राजद सुप्रीमो लालू व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सीट बंटवारे की घोषणा की

एजेंसी

**राजद 26, कांग्रेस 09, सीपीआईएमएल 03, सीपीआई एक व सीपीआई (एम) एक सीट पर लड़ेगी चुनाव**

**पटना।** बिहार में महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है। राजद सुप्रीमो लालू यादव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बस्ती में शुक्रवार को सीटों के बंटवारे की घोषणा की। इसके मुताबिक राजद 26, कांग्रेस 09, सीपीआईएमएल 03, सीपीआई एक और सीपीआई (एम) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

राष्ट्रीय जनता दल के खाते में जो सीटें आई है, उनमें अररिया, बांका,बक्सर, गया, गोपालगंज, हाजीपुर, जहानाबाद, जमुई, झंझारपुर, मधेपुरा, महाराजगंज, नवादा, पाटलिपुत्र, उजियारपुर, सारण, पूर्णिया, शिवहर, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, सिवान, वैशाली, दरभंगा, मधुबनी, मुंगेर, वाल्मीकिनगर और औरंगाबाद लोकसभा सीट है। कांग्रेस जिन नौ सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़ेगी उनमें कटिहार, किशनगंज, पटना साहिब, सासाराम, भागलपुर, बेतिया, मुजफ्फरपुर, सुपौल और समस्तीपुर लोकसभा सीट हैं। सीपीआईएमएल जिन तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी उनमें काराकाट, आरा, नालंदा संसदीय सीट है जबकि सीपीआई बेगूसराय और सीपीआई (एम) खगड़िया से चुनाव लड़ेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर जारी डेट के हिसाब से बात करें तो पहले चरण के चुनाव में सिर्फ राजद के कैंडिडेट होंगे और इन्होंने नामांकन भी करवा लिया है। पहले चरण की सभी सीटें यानी औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई (एससी) राजद के खाते में गई हैं।

## खबरें एक नजर में

### पति ने पत्नी व तीन बेटियों की गला काटकर की हत्या

**पूर्वी चंपारण (बिहार)।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में ह्रदय विदारक घटना सामने आई है। जहां एक वहशी पति ने पत्नी समेत 3 बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी। घटना पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बावरिया गांव की है। बताया जा रहा है कि बीती रात उसने सोते वक्त पत्नी और 3 बच्चों की गला काटकर हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपित इदु मियां घर छोड़ फरार है। मृतकों में इदु की पत्नी अफरीना खातून (40), अबरुन खातून (13), तबरुन खातून (11) व शहजादी खातून(9) शामिल हैं। चारो की बेरहमी से गला काट हत्या की गई है। घटना के कारणो का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। मृतका आरोपित की दूसरी पत्नी थी।पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। पहली पत्नी से दो पुत्र हैं जो बाहर काम करते हैं।जबकि दूसरी पत्नी मृतका अफरीना से पांच बच्चियां थी। इनमें एक की शादी हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार इदु साइको है। पांच बच्चियो में एक को पूर्व में यूपी में चलती ट्रेन से फेंक कर मार डाला था। इस मामले में वह जेल भी जा चुका है।

### पीएम मोदी ने ईसा मसीह के बलिदान का किया स्मरण

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार (आज) को गुड फ्राइडे पर ईसा मसीह के बलिदान का स्मरण किया। साथ ही उनकी करुणा और क्षमा की शिक्षा सुदृढ़ होने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पोस्ट में कहा, आज गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के बलिदान को याद करते हैं। इससे हमें करुणा और क्षमा की जो शिक्षा मिलती है, वह और मजबूत हो। उल्लेखनीय है कि गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के लोगों के लिए पवित्र दिन है। मान्यता है कि इसी दिन ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाया गया था।

### गाजियाबाद सीट पर बसपा ने कालरा को बनाया उम्मीदवार

**गाजियाबाद।** बहुजन समाज पार्टी ने गाजियाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से अंशय कालरा उर्फ रोकी कालरा को उम्मीदवार बनाया है। बसपा के पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के प्रभारी शमसुद्दीन राईन ने शुक्रवार को कालरा को उम्मीदवार बनाए जाने की घोषणा की। राईन ने पत्रकार वार्ता में कहा कि बसपा अध्यक्ष मायावती ने कालरा को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि जो समीकरण गाजियाबाद लोकसभा सीट पर है उसके आधार पर निश्चित तौर पर कालरा विजयी होंगे।

### सीमा पर 4.70 करोड़ का सोना बरामद, तीन महिलाएं पकड़ी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल से सटी भारत बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल की टीम ने नदिया जिले में 4.70 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के साथ तीन महिलाओं को पकड़ लिया गया है। बीएसएफ की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में इस बारे में जानकारी दी गई है। गुरुवार 2:30 बजे के करीब इन महिलाओं को पकड़ा गया था जिनके पास से सोने के 20 बिस्कुट, चार ईंट और आठ ईंट के टुकड़े बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही उसे रिसीव करने पहुंचे व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है। बरामद किए गए सोने का कुल वजन सात किलो और अनुमानित कीमत करीब चार करोड़ 70 लाख रुपये हैं।

### जीने की सीख देता नाटक टैक्स फ्री का मंचन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतोदय रंग मण्डल द्वारा 29 मार्च को बाल्मीकी रंगशाला गोमतीनगर लखनऊ में नाटक टैक्स फ्री का मंचन किया गया है। टैक्स फ्री ने उस समाज को आईना दिखाया जो थोड़ी भी शारीरिक परेशानी से हार मान जाता है। इसमें दिखाया गया कि सभी कलाकार मूकबधिर हैं और किसी न किसी बीमारी के चलते नेत्रहीन हो जाते है। मनोरंजन का साधन खोजते हुए सभी नेत्रहीन ब्लाइंड मेन्स क्लब बनाते है और उसी में खुश रहते हैं। इस क्लब में जो भी नए सदस्य बनते हैं। पुराने सदस्य उन्हे भिन्न भिन्न तरह से हंसी मजाक करके अपना बना लेते है सभी नेत्रहीनों का जीवन इसी तरह से बीतता है। नाटक का निर्देशक गिरीश चन्द्र ने किया नाटक में हर्ष राज, देवव्रत कुशवाहा, मो. आबिद, आयुष केसवानी, रीतिक श्रीवास्तव, शिवम मिश्रा, अभिषेक मिश्रा और जुही कुमारी ने अभिनय किया।

## तीनों नौसेनाओं को समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए मिले मौके

**खत्म हुआ मोजाम्बिक तंजानिया की नौसेनाओं के साथ भारत का अभ्यास**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मोजाम्बिक व तंजानिया की नौसेनाओं के साथ भारत का समुद्री अभ्यास 'आईएमटी ट्रिलैट' खत्म हो गया है। नाकाला, मोजाम्बिक में एक सप्ताह तक चले इस अभ्यास ने तीनों देशों के बीच समुद्री सहयोग और अंतरसंचालनीयता को बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। युद्धपोत आईएनएस तीर और सुजाता ने संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण सत्रों और सहयोगात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया।

अभ्यास के दौरान तीनों नौसेनाओं को क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मौके मिले। मोजाम्बिक के नाकाला बंदरगाह पर सप्ताह भर चलने वाला यह अभ्यास भारत, मोजाम्बिक और तंजानिया की नौसेनाओं के बीच 21 मार्च को शुरू हुआ था। 'आईएमटी ट्रिलैट' अभ्यास का बंदरगाह चरण 21 से 24 मार्च तक चला, जिसमें जांजीबार में आईएनएस तीर पर और आईएनएस सुजाता पर मापुटो में गहन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। इन गतिविधियों में विजिट, बोर्ड, खोज और जब्ती, क्षति नियंत्रण और अग्निशमन अभ्यास, संचार प्रक्रियाओं और सीपीआर प्रदर्शन और हताहत निकासी के साथ चिकित्सा व्याख्यान पर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शामिल थे। इसके बाद समुद्री चरण 24 मार्च को शुरू हुआ, जिसमें आईएनएस तीर और आईएनएस सुजाता ने क्रमशः तंजानिया और मोजाम्बिक नौसेनाओं से समुद्री सवारों को शामिल किया। मोजाम्बिक नौसेना के जहाज नामातिली और तंजानिया के नौसैनिक जहाज फतुंडु के साथ क्षेत्रीय नौसेनाओं के साथ महत्वपूर्ण तालमेल और निरंतर प्रयासों का प्रदर्शन किया।

## जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी एवलांच से श्रीनगर-लेह हाईवे बंद

**नई दिल्ली।** देश में 29 मार्च से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी हो रही है। शुक्रवार (29 मार्च) को राज्य के सोनमर्ग के हंग इलाके में एवलांच हुआ। इससे दो कारें बर्फ में फंस गई। कार में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया गया। हालांकि, एवलांच से श्रीनगर-लेह हाईवे बंद हो गया है। भारतीय मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में 30 मार्च को भी भारी बारिश और बर्फबारी की आशंका जताई है। 19 राज्यों में बूंदाबांदी की संभावना है। उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट है। यहां आंधी-तूफान के साथ बारिश हो सकती है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश का अलर्ट है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, ओडिशा और सिक्किम में बादल छाए रहेंगे।

## चार जून को एक नहीं दो सरकारें बनेंगी

**कांग्रेस के लोग ही अपने लोगों के काम पर उठा रहे सवाल**

**आज मुख्यमंत्री के कारण कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ही चुनाव लड़ने से दूर भाग रही है। कह रही है कि काम न होने से कार्यकर्ता नाराज हैं। उनके कैबिनेट सहयोगी ही इस यारों की सरकार से परेशान हैं और रोते हुए कैबिनेट से बाहर भाग रहे हैं। अपने विधायकों को जेड प्लस सुरक्षा दे रखी है ताकि वे कहीं भाग न जाएं।**

एजेंसी

**मंडी।** हिमाचल की जनता आने वाले चार जून को एक नहीं दो सरकारें चुनने जा रही है। ये मात्र लोकसभा का चुनाव नहीं है। हिमाचल के इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है कि जनता 14 महीनों की सरकार को चलता कर नई सरकार चुनेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जितना मर्जी जोर अपनी सरकार बचाने के लिए लगा लें लेकिन ये झूठी सरकार टिकने वाली नहीं है क्योंकि आज से ठीक एक माह पहले ही ये कांग्रेस सरकार अपना बहुमत खो चुकी है।

अपने गृह क्षेत्र सराज के थुनाग में शुक्रवार को आयोजित भाजपा त्रिदेव सम्मेलन में ये दावा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवम सराज के विधायक जयराम ठाकुर ने कहा कि ये मात्र लोकसभा नहीं हिमाचल में नई सरकार चुनने का भी अवसर है। राज्यसभा चुनाव के बाद आज मुख्यमंत्री सुक्खू के कारण ही ये परिस्थितियां बनी है क्योंकि उनके कामकाज के तौर तरीकों से न उनके अपने विधायक खुश हैं और न कांग्रेस संगठन। कांग्रेस के लोग ही उनके काम पर सवाल उठा रहे हैं।



ऐसे में भाजपा को दोष देना कांग्रेसी नेता बंद करें। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्यसभा चुनाव के बाद विधानसभा अध्यक्ष को इस पूरे मामले में तटस्थ रहना चाहिए था और ऐसी हम उम्मीद करते थे लेकिन अब तो हद हो गई है कि तीन निर्दलीय विधायकों ने भी इस सरकार के दमन से तंग आकर एक सप्ताह पहले इस्तीफा अपनी सदस्यता से दे दिया है।

## कस्टमर सपोर्ट के लिए सिंगर लाइव असिस्ट लॉन्च

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत में सिलाई मशीनों और घरेलू उपकरणों के अग्रणी निर्माता, सिंगर इंडिया लिमिटेड ने सिंगर लाइव असिस्ट का लॉन्च किया है। यह कस्टमर सपोर्ट सेवा सिलाई मशीन के वर्तमान और नए ग्राहकों के लिए है। अपनी तरह की इस अनोखी सेवा द्वारा ग्राहकों को घर बैठे ही अपनी इच्छा के मुताबिक हाथों-हाथ, वर्चुअल, फेस-टू-फेस सपोर्ट मिलेगी।



सिंगर लाइव असिस्ट की सेवाएं राष्ट्रीय अवकाशों को छोड़कर हर रोज सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक उपलब्ध रहेंगी, और विभिन्न ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए तुरंत एवं कंप्लीमेंट्री समाधान प्रदान करेंगी, जिनमें सिंगर सिलाई मशीनों का लाइव प्रदर्शन भी शामिल है। ग्राहक सिंगर के टोल-फ्री नंबर 1800-103-3474 से यह सेवा बुक करा सकते हैं और कंपनी के सर्विस एक्सपर्ट्स से बात कर सकते हैं।

सिंगर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और वाइस चेयरमैन, राकेश खन्ना ने कहा, इस स्थाई उद्योग, जो एक नई दिशा में बढ़ रहा है, के लिए हम टेक्नोलॉजी पर आधारित समाधान पेश करने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

हाल ही में सिंगर इंडिया को दिल्ली में क्वांटिक इंडिया और एसएपी द्वारा सिंगर लाइव असिस्ट के लिए आयोजित तीसरे वार्षिक सीएक्स एक्सीलेंस अवार्ड्स 2024 में 'बेस्ट यूज़ ऑफ़ टेक्नोलॉजी इन इन्हेन्सिंग कस्टमर एक्सपीरियंस' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## सप्ताह में एक दर्जन अंडे खाने से कोलेस्ट्रॉल पर नहीं पड़ता असर

अंडे प्रोटीन का एक पौष्टिक स्रोत हैं, उनमें उच्च मात्रा में कोलेस्ट्रॉल होता है। तो क्या वे हृदय-स्वस्थ आहार में फिट बैठते हैं? एक नए अध्ययन से पता चलता है कि अंडा आपके दिल के लिए अच्छा हो सकता है। हालांकि, विशेषज्ञ सावधान करते हैं कि मौजूदा हृदय रोग या मधुमेह वाले लोगों को अपने डॉक्टर से बात करने के बाद ही इसका सेवन करना चाहिए।



**हृदय रोग से पीड़ित लोगों का किया अध्ययन**

अटलांटा में अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के वार्षिक वैज्ञानिक सत्र में प्रस्तुत किए जाने वाले एक नए अध्ययन के अनुसार जो लोग प्रति सप्ताह 12 फोर्टिफाइड अंडे खाते हैं, उनमें चार महीने के बाद कोलेस्ट्रॉल का स्तर उन लोगों की तुलना में समान होता है, जो प्रति सप्ताह किसी भी प्रकार के दो से कम अंडे खाते हैं। परीक्षण में हृदय रोग से पीड़ित या इसके लिए उच्च जोखिम वाले 140 लोगों को शामिल किया गया था, जिन्हें एक सप्ताह में एक दर्जन या अधिक अंडे खाने या दो से कम खाने के लिए कहा गया था।

**अंडे खाने के बाद नहीं दिखा नकारात्मक प्रभाव**

चार महीने तक उन पर नजर रखने के बाद शोधकर्ताओं ने उन लोगों में हृदय स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं देखा, जो हर दिन अंडे खाते थे और यहां तक कि अंडे से परहेज करने वालों की तुलना में संभावित लाभों के संकेत भी देखे। प्रमुख लेखक और डॉ. नीना नौहरवेश का कहना है कि प्रति सप्ताह 12 फोर्टिफाइड अंडों के सेवन से कोलेस्ट्रॉल पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है।

### प्रोटीन और पोषक तत्वों से भरपूर है अंडा

अध्ययन में पाया गया कि जो लोग प्रतिदिन अंडे खाते हैं उनमें इंसुलिन प्रतिरोध में सुधार हुआ। इस समूह में 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों ने अपने एचडीएल अच्छे कोलेस्ट्रॉल में वृद्धि और एलडीएल खराब कोलेस्ट्रॉल में गिरावट देखी। अमेरिकन कॉलेज ऑफकार्डियोलॉजी के पोषण और जीवनशैली कार्यसमूह के सदस्य डॉ. जेम्स ओश्कीफकहते हैं, हाल के सभी अध्ययन अंडों को दोषमुक्त करते हैं, इसलिए इस पेपर के परिणाम अन्य शोधों के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि- अंडे खलनायक नहीं हैं, यह प्रोटीन और पोषक तत्वों का एक स्वस्थ स्रोत हैं और आप इनका कम मात्रा में आनंद ले सकते हैं।

### अंडा खाने का सही तरीका

दरअसल, अंडा पोषक तत्वों का भंडार होता है, इसमें हेल्दी कोलेस्ट्रॉल पाए जाते हैं। यही कारण है कि जिन व्यक्तियों के शरीर में पहले से कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ा हुआ है वह अंडा या उससे बनी किसी भी चीज खाने से झिझकते हैं। ऐसे में आप कोलेस्ट्रॉल मुक्त अंडे का सफेद भाग खा सकते हैं। पोषक तत्वों के लिए सब्जियों के साथ अंडे मिलाएं। मक्खन में तलने के बजाय उबालना, भाप में पकाना जैसे स्वास्थ्यप्रद तरीकों को चुनें।

## विटामिन ए की कमी से हो सकता है अंधापन, पर्याप्त पोषण लेना जरूरी

विटामिन ए की कमी से हो सकता है अंधापन। स्वास्थ्य विशेषज्ञ के मुताबिक बेहतर नेत्र स्वास्थ्य के लिए पोषण संबंधी आवश्यकताओं होना जरुरी है । इस लेख में हम आपको विटामिन ए की कमी से निपटने के लिए कुछ तरीके शेयर करें। एक्सपर्ट से जानें विटामिन ए की कमी से अंधापन कैसे हो सकता है।



कुपोषण के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में, विटामिन ए की कमी (वीएडी) से गंभीर दृष्टि हानि और संभावित रूप से रोके जा सकने वाले अंधेपन से जुड़ी एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में उभरी है, खासकर कम आय वाले देशों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं में। बच्चों में रोकथाम योग्य अंधेपन के प्रमुख कारण के रूप में, वीएडी नेत्र स्वास्थ्य और सामान्य कल्याण की सुरक्षा के लिए उन्नत पोषण कार्यक्रमों और जागरूकता की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है।

खासकर बच्चों में विटामिन ए अनुपूरण को एकीकृत करने के लिए सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा प्रयास इन प्रयासों में अनुपूरण को नियमित टीकाकरण कार्यक्रमों और मातृ स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना शामिल है। इन प्रगतियों के बावजूद, पर्याप्त विटामिन ए स्रोतों तक पहुंच प्राप्त करने में चुनौतियां बनी हुई हैं। डॉ. कमल बी कपूर ने सुझाव दिया, संतुलित आहार के महत्व और अंधापन को रोकने में विटामिन ए की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों में निवेश की बढ़ती आवश्यकता है। विटामिन ए की कमी और आंखों के स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के खिलाफ लड़ाई कुपोषण के व्यापक मुद्दे और कमजोर आबादी को आवश्यक पोषक तत्वों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

### विटामिन ए की कमी से बच्चे होते हैं अंधे

विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि हर साल 250,000 से 500,000 बच्चे विटामिन ए की कमी के परिणामस्वरूप अंधे हो जाते हैं, जिनमें से अधिकांश विकासशील देशों में रहते हैं जहां पर्याप्त पोषण तक पहुंच अक्सर सीमित होती है। एचटी लाइफस्टाइल के साथ एक साक्षात्कार में, शार्प साइट आई हॉस्पिटल्स के सह-संस्थापक और चिकित्सा निदेशक डॉ. कमल बी कपूर ने खुलासा किया, इस कमी से ज़ेरोफ़थाल्मिया हो सकता है, एक ऐसी स्थिति जो कॉर्निया (आंख का सबसे पारदर्शी भाग) को नष्ट कर सकती है। कंजंक्टिवा, अगर तुरंत इलाज न किया जाए तो अपरिवर्तनीय अंधापन हो सकता है।

### इन खाद्य पदार्थों का करें सेवन

इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि इस सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, उन्होंने साझा किया, स्वास्थ्य विशेषज्ञ विटामिन ए से भरपूर खाद्य पदार्थों के सेवन की वकालत करते हैं, जिनमें डेयरी उत्पाद, अंडे, और पीले या नारंगी फल और सब्जियां, जैसे गाजर और शकरकंद शामिल हैं। हरी, पत्तेदार सब्जियों के साथ। इसके अतिरिक्त, विटामिन ए के साथ मुख्य खाद्य पदार्थों का सुदृढ़ीकरण और पूरकों के रणनीतिक वितरण को वीएडी और दृष्टि पर इसके विनाशकारी प्रभावों से निपटने के लिए प्रभावी, कम लागत वाले तरीकों के रूप में मान्यता दी गई है।

## विकास के मुद्दे पर करूंगी काम : कंगना रनौत

**मंडी से लोकसभा उम्मीदवार कंगना रनौत ने किया रोड शो**

एजेंसी

**मंडी।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी के लिए शहर में एक रोड़ शो किया। कंगना हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं। कार्यक्रम के दौरान एकत्रित भीड़ की ओर हाथ हिलाकर क्वीन अभिनेत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मंडी से भाजपा उम्मीदवार ने कहा, आप यहां बड़ी भीड़ देख सकते हैं। बहुत सारे लोग यहां आए हैं। उन सभी को गर्व है कि मंडी की बेटी, मंडी की राष्ट्रवादी आवाज इस चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगी।

कंगना ने कहा, भाजपा के लिए विकास मुख्य मुद्दा है। मंडी के लोग दिखा देंगे कि उनके दिल में क्या है। इस दौरान उनके आसपास मौजूद समर्थकों ने जय श्री राम के नारे के साथ उनका स्वागत किया। कंगना को कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह से चुनौती मिल सकती है। प्रतिभा सिंह ने गुरुवार को कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर कंगना रनौत के खिलाफ चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त की। प्रतिभा सिंह ने कहा, अगर उन्होंने मेरा नाम फाइनल कर दिया तो मैं चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरूंगी। मैंने एक सांसद के रूप में लगभग सभी क्षेत्रों का दौरा किया है। यह ठीक है कि भाजपा ने अपना उम्मीदवार दिया है। कल बैठक के दौरान मुझे बताया गया कि मैं मंडी से पार्टी के लिए सबसे अच्छी उम्मीदवार हूं, क्योंकि मैंने मंडी निर्वाचन क्षेत्र के सभी क्षेत्रों का दौरा किया है। उन्होंने मेरा नाम सुझाया है और मैंने उनसे कहा है कि वे इस मामले को हाईकमान के साथ उठाएं और मैं उनके निर्देशों का पालन करूंगा। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा सीटें हैं। हमीरपुर, मंडी, शिमला और कांगड़ा। 2019 में बीजेपी ने चारों सीटें जीती थीं।







समस्त जनपदवासियों को होली एवं भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती शैलजा पटेल
प्रधान

अश्विनी गुबरैले
ग्राम विकास अधिकारी

ग्राम पंचायत सदूपुरा, विकासखंड जालौन, जनपद जालौन

समस्त जनपदवासियों को होली एवं भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती नीलम तिवारी
प्रधान

अश्विनी गुबरैले
ग्राम विकास अधिकारी

ग्राम पंचायत सदूपुरा, विकासखंड जालौन, जनपद जालौन